सूर्योदय 5:29 सूर्यास्त 7:26

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.5 न्यू | 22 अधि |
| धर्मशाला | 22 न्यू | 30 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,634 |
| निफ्टी | 25,212 |
| सोना | 97,460 |
| चांदी | 1,10,996 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 17 जुलाई 2025 | 2 श्रावण, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 199, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



इंग्लैंड के जो रूट 8वीं बार बने नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### गोल्डन टेंपल को फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली

**एजेंसी, अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल को लगातार तीसरे दिन बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह धमकी शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ई-मेल पर आई है। ई-मेल में दावा किया गया कि पाइपों में डीएक्स भरकर मंदिर के अंदर धमाके किए जाएंगे। हालांकि, सुरक्षा कारणों से मेल में लिखे गए शब्दों को सार्वजनिक नहीं किया गया है। जांच के लिए डॉग और बम स्क्वायड पहुंचा। एसजीपीसी और अमृतसर पुलिस भी अलर्ट पर है। बीएसएफ और पुलिस कमांडों तैनात किए गए हैं। हर आने-जाने वाले पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### अदालतों में टॉयलेट की कमी, सुप्रीम कोर्ट नाराज



**एजेंसी, नई दिल्ली।** देश की अदालतों में टॉयलेट जैसी बुनियादी सुविधा की हालत पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। बुधवार को कोर्ट ने नाराजगी जताई कि देश के 25 में से 20 हाईकोर्ट ने अब तक यह नहीं बताया कि उन्होंने टॉयलेट की सुविधा सुधारने के लिए क्या कदम उठाए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 15 जनवरी 2025 को सभी हाईकोर्ट, राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया था कि हर अदालत में पुरुष, महिला, दिव्यांग और ट्रांसजेंडर्स के लिए अलग-अलग टॉयलेट होने चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत उचित स्वच्छता तक पहुंच को मौलिक अधिकार माना गया है। सप्रीम कोर्ट ने सभी हाईकोर्ट को रिपोर्ट पेश करने के लिए 8 हफ्ते का समय दिया है। (अनंत ज्ञान)

### प्रबोध सक्सेना से जुड़े केस की सुनवाई 23 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना के सेवा विस्तार को चुनौती दी गई है। अब यह मामला 23 जुलाई को फिर से सुना जाएगा। इसमें केंद्र से मंजूरी प्राप्त करते समय तथ्यों को छिपाने और उनके खिलाफ लंबित सीबीआई आरोप पत्र का हवाला दिया गया है।

### फौजा सिंह को टक्कर मारने वाला गिरफ्तार

**एजेंसी, जालंधर।** पंजाब के जालंधर में 114 वर्षीय एथलीट फौजा सिंह को टक्कर मारने वाले कार ड्राइवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान करतारपुर के दासूपुर गांव के रहने वाले एनआरआई अमृतपाल सिंह ढिल्लों (27) के रूप में हुई है। अमृतपाल सिंह 8 दिन पहले ही कनाडा से लौटा था। मंगलवार रात को उसे थाना भोगपुर में लाया गया और बुधवार को कोर्ट में पेश किया गया। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- सेब के पेड़ कटान पर भड़के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर -पेज 3
- कांग्रेस सरकार का दोहरा चेहरा हुआ उजागर : चेतन बरागटा -पेज 6
- मिंजर मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए ऑडिशन 21-22 को -पेज 7
- सड़कों पर जल्द दौड़ेगी विनफास्ट कंपनी की इलेक्ट्रिक एसयूवी -पेज 9
- कासला से रजवाहन गांव तक लोग सड़क को तरसे -पेज 12



# सुक्खू सरकार की बड़ी जीत, कड़छम-वांगतू परियोजना से अब मिलेगी 18 % रॉयल्टी

## सुप्रीम कोर्ट ने रॉयल्टी पर हिमाचल प्रदेश के पक्ष में सुनाया ऐतिहासिक फैसला

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कानूनी लड़ाई जीत ली है, जो प्रदेश के वित्तीय स्वावलंबन की दिशा में एक बड़ा कदम है। सुप्रीम कोर्ट ने कड़छम-वांगतू परियोजना से मिलने वाली रॉयल्टी को लेकर राज्य सरकार के पक्ष में ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। इस फैसले के बाद जेएसडब्ल्यू एनर्जी कंपनी को अब 1045 मेगावाट की इस परियोजना से राज्य को 12 प्रतिशत के बजाए 18 प्रतिशत रॉयल्टी देनी होगी। यह निर्णय हिमाचल प्रदेश के लिए सालाना लगभग 150 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय सुनिश्चित करेगा और उम्मीद है कि कुल मिलाकर राज्य के खजाने में प्रति वर्ष 250 करोड़ रुपए से अधिक का इजाफा होगा।

**प्रदेश के खजाने में हर साल होगा 250 करोड़ का इजाफा**



कड़छम-वांगतू परियोजना की फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला न केवल कड़छम-वांगतू परियोजना के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि 12 वर्ष पूरे कर चुकी अन्य जलविद्युत परियोजनाओं के लिए भी एक नजीर बनेगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस मुद्दे को व्यक्तिगत प्राथमिकता पर लिया था और प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों पर राज्य के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ प्रयास किए।

यह जीत न केवल प्रदेश की आय में वृद्धि करेगी, बल्कि हिमाचल की जनता को उनके संसाधनों का वास्तविक लाभ भी दिलाएगी। यह विवाद तब शुरू हुआ, जब सितंबर 2023 से जेएसडब्ल्यू एनर्जी कंपनी ने 12 वर्ष पूरे होने के बाद अतिरिक्त 6 प्रतिशत रॉयल्टी देने से इनकार कर दिया था, जबकि 1999 में हुए समझौते के अनुसार, परियोजना के पहले 12 वर्षों तक 12 प्रतिशत और उसके बाद शेष 28 वर्षों तक 18 प्रतिशत रॉयल्टी निर्धारित की गई थी।

कंपनी के इनकार के बाद मामला हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट पहुंचा, जहां कंपनी के पक्ष में फैसला आया था। इसके बाद राज्य सरकार ने इस निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

### कानूनी दांव-पेंच और सरकार की सशक्त पैरवी

**मुख्यमंत्री** सुक्खू के निर्देश पर सरकार ने देश के अग्रणी विधि विशेषज्ञों वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, प्राग त्रिपाठी, महाधिवक्ता अनूप कुमार रतन और अतिरिक्त महाधिवक्ता बैभव श्रीवास्तव की मदद से इस मामले को सशक्त रूप से रखा। आखिरकार, सर्वोच्च न्यायालय ने हिमाचल सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया, जिससे प्रदेश के हितों की रक्षा हुई।

### सुक्खू सरकार की दूसरी बड़ी कानूनी जीत

**मुख्यमंत्री** सुक्खू के नेतृत्व में राज्य सरकार की यह दूसरी बड़ी कानूनी जीत है। इससे पहले, सरकार ने 2002 से चले आ रहे होटल वाइल्ड फ्लावर हॉल केस को भी अपने पक्ष में जीता था। उस मामले में हिमाचल प्रदेश सरकार और एक निजी होटल समूह के बीच स्वामित्व और प्रबंधन अधिकारों को लेकर कानूनी लड़ाई चल रही थी, जिसे कोर्ट के फैसले के बाद राज्य सरकार के नियंत्रण में वापस ले लिया गया है।

# आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए 5 करोड़ का फंड जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने मंडी जिले में बादल फटने से हुए भारी नुकसान के बाद राहत और विकास कार्यों के लिए 5 करोड़ का फंड जारी किया है। इस भीषण प्राकृतिक आपदा से जिले की 250 सड़कें ध्वस्त हो गई हैं और 171 पानी की योजनाएं ठप पड़ गई हैं, जिससे जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। राजस्व विभाग की ओर से जारी इस राशि में से 2-2 करोड़ सड़कों की मरम्मत और पानी की परियोजनाओं को बहाल करने के लिए दिए गए हैं, जबकि 1 करोड़ जिला उपायुक्त मंडी को आवंटित किए गए हैं, ताकि तत्काल राहत कार्य चलाए जा सकें।

**सरकार ने पुनर्निर्माण के लिए जारी की राशि**

मंडी जिले में 13 अलग-अलग स्थानों पर बादल फटने की घटनाओं ने जानमाल का भारी नुकसान किया है। थुनाग, सराज, और करसोग जैसे क्षेत्र सबसे ज़्यादा प्रभावित हुए हैं। ध्वस्त हुई सड़कों और ठप पड़ी पानी की योजनाओं के कारण लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

## हाईकोर्ट ने रेरा ऑफिस को शिमला से धर्मशाला शिफ्ट करने पर लगाई रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** हिमाचल प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के अध्यक्ष और सदस्य की नियुक्ति में देरी के लिए उच्च न्यायालय द्वारा 5 लाख का जुर्माना लगाए जाने के बाद अदालत ने अब रेरा कार्यालय को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित करने के सरकार के फैसले पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश जीएस संधावालिया और न्यायमूर्ति रंजन शर्मा की खंडपीठ ने यह रोक याचिकाकर्ता के इस तर्क पर लगाई कि शिमला में मामलों का भार धर्मशाला की तुलना में काफी अधिक है और शिमला में केवल 12-13 कर्मचारी होने के कारण स्थानांतरण अनावश्यक और अव्यावहारिक होगा।

## श्याम भगत नेगी हो सकते हैं हिमाचल के नए डीजीपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश पुलिस के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बदलाव होने वाला है। यह फेरबदल पूर्व पुलिस प्रमुख डॉ. अतुल वर्मा के विवादास्पद इस्तीफे के बाद हो रहा है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौट रहे 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी श्याम भगत नेगी को राज्य का अगला पुलिस महानिदेशक बनाए जाने की प्रबल संभावना है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने उनके मूल कैडर में प्रत्यावर्तन को पहले ही मंजूरी दे दी है, जिससे उनके पदोन्नति का मार्ग प्रशस्त हो गया है। जानकारी के अनुसार, वर्तमान में कैबिनेट सचिवालय में विशेष सचिव के पद पर कार्यरत नेगी हिमाचल कैडर के सबसे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी हैं और आदिवासी जिले किन्नौर से आते हैं। यदि उनकी नियुक्ति होती है, तो उन्हें 31 मार्च, 2026 को उनकी सेवानिवृत्ति से पहले लगभग आठ महीने का कार्यकाल मिलेगा। केंद्र में उनका अनुभव और बेदाग रिकॉर्ड उनकी दावेदारी को मजबूत करता है।



# पीएम धन-धान्य कृषि योजना को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी

## योजना के तहत हर साल खर्च होंगे 24000 करोड़

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय कैबिनेट ने 24000 रुपए प्रति वर्ष के परिव्यय वाली प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दे दी है। सरकार ने एनएलसीआईएल को नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश के लिए 7000 करोड़ रुपए की भी मंजूरी दे दी है। इसके अलावे कैबिनेट ने एनटीपीसी को नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश के लिए 20000 करोड़ रुपए की मंजूरी देने पर भी अपनी मुहर लगा दी है। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह योजना 36 मौजूदा स्कीमों को मिलाकर एक मजबूत ढांचा तैयार करेगी, जिससे फसल विविधीकरण और टिकाऊ खेती को बढ़ावा मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

### योजना के फायदे



**इस** योजना से कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी होगी, साथ ही किसानों को अलग-अलग फसलें उगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि उनकी आमदनी बढ़े। टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया जाएगा जिससे पर्यावरणीय संतुलन बना रहे।

# अतिक्रमण हटाने में न हो भेदभाव : हाईकोर्ट

## एक समान हो कार्रवाई, बाधा डालने वालों के साथ सख्ती से निपटें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने वन भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई को लेकर राज्य सरकार को कड़ा निर्देश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई केवल कुमारसैन, रोहड़ू और कोटगढ़ तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि सभी अतिक्रमणकारियों के खिलाफ एक समान कार्रवाई की जानी चाहिए। हाईकोर्ट ने कानून का राज को स्थापित करने में बाधा डालने वालों से सख्ती से निपटने की बात भी दोहराई है।

न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश बीसी नेगी की खंडपीठ ने वन विभाग को अगली सुनवाई, जो 29 जुलाई को निर्धारित की गई है, तक ताजा स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के आदेश दिए हैं।



**विभाग से 29 जुलाई को मांगी ताजा स्टेटस रिपोर्ट**

हाईकोर्ट ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि वन भूमि से सेब के पेड़ों को हटाने का आदेश केवल उन बागों तक सीमित नहीं है, जहां सरकारी भूमि पर दोबारा कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार से अपेक्षा की जाती है कि वह सभी मामलों से समान रूप से निपटे। ऐसा प्रत्येक अतिक्रमित वन भूमि से सेब के पेड़ों को हटाकर ही किया जा सकता है।

### कीटनाशकों वाले पेड़ों से बीमारियों का खतरा

**कोर्ट** ने अपने आदेश में महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि सेब के बागों और अन्य फलदार वृक्षों पर कीटनाशकों और कवकनाशी का छिड़काव आवश्यक होता है। यदि ऐसे बागों को वन विभाग के स्वामित्व वाली भूमि पर ज्यों का त्यों रहने दिया जाता है, तो उनमें बीमारियां पनप सकती हैं। इससे वे कानूनी रूप से विकसित पड़ोसी बागवानों को भारी नुकसान पहुंचाएंगे।

# आतंकवाद-अलगाववाद से निपटने के लिए बना है एससीओ : जयशंकर

## पहलगाम हमले की फिर की निंदा, कहा- दोषियों को सजा मिले

**एजेंसी, बीजिंग**

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्री 15 जुलाई को चीन के तियानजिन में आमने-सामने आए। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पहलगाम हमले की निंदा की।

जयशंकर ने कहा कि यह हमला जम्मू-कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने और धार्मिक विभाजन पैदा करने के लिए किया गया था। उन्होंने एससीओ से आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि एससीओ तीन बुराइयों से निपटने के लिए बना, वे हैं आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के बयान का भी जिक्र किया, जिसमें हमले में जिम्मेदार लोगों को सजा देने की बात कही गई थी। (अनंत ज्ञान)

### एससीओ आतंकवाद पर कोई समझौता न करे



**जयशंकर** ने कहा कि यह जरूरी है कि एससीओ आतंकवाद पर कोई समझौता न करे। भारत-पाकिस्तान विवाद के अलावा जयशंकर ने अफगानिस्तान का मुद्दा भी उठाया और एससीओ सदस्यों से विकास सहायता बढ़ाने का आग्रह किया, जिसके लिए भारत ने भी प्रतिबद्धता जताई।

## भारतीय-कनाडाई गैंगस्टर ओपिंदर अमेरिका में अरेस्ट

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय-कनाडाई गैंगस्टर ओपिंदर सिंह सियान को गिरफ्तार किया गया है। उस पर आरोप है कि उसने एक कुख्यात आयरिश गिरोह के साथ मिलकर ड्रग्स की वैश्विक तस्करी का नेटवर्क चलाया। यह गिरफ्तारी न केवल कनाडा, बल्कि अमेरिका, चीन, तुर्की और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों से जुड़ी आपराधिक गतिविधियों के गहरे संबंध को उजागर करती है। अमेरिकी ड्रग एनफोर्समेंट एजेंसी ने उसे नेवाडा राज्य से गिरफ्तार किया है। अब उसे कैलिफोर्निया ले जाया जा रहा है, जहां उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

कोर्ट के दस्तावेजों के अनुसार, ओपिंदर सिंह सियान कुख्यात आयरिश माफिया समूह 'किनाहन गैंग' के साथ मिलकर मेथामफेटामाइन और फेंटेनिल जैसे खतरनाक नशीले पदार्थों की तस्करी कर रहा था। वह अमेरिका, तुर्की और आयरलैंड के अपराधियों के साथ मिलकर चीन से नशीले पदार्थों के केमिकल मंगवाता था और फिर उसे ऑस्ट्रेलिया भेजता था। यह गैंग पहले भी यूरोप और अमेरिका में ड्रग्स की तस्करी के लिए बदनाम रहा है। ओपिंदर सिंह सियान की इस गिरफ्तारी से एक बार फिर इस गिरोह की अंतरराष्ट्रीय नेटवर्किंग का पर्दाफाश हुआ है। (अनंत ज्ञान)

# नाटो ने चीन, भारत और ब्राजील को दी 100 % टैरिफ लगाने की धमकी

## कहा- रूस को जंग रोकने के लिए कहें, वरना भुगतना पड़ेगा नतीजा

**एजेंसी, ब्रसेल्स**

नाटो ने चीन, भारत और ब्राजील पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। नाटो महासचिव मार्क रूट ने बुधवार को कहा कि अगर आप चीन के राष्ट्रपति, भारत के प्रधानमंत्री या ब्राजील के राष्ट्रपति हैं, तो आपको यह समझना होगा कि रूस के साथ व्यापार जारी रखने का भारी नुकसान हो सकता है। रूट ने बुधवार को अमेरिकी सीनेटरों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इन तीनों देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डालना चाहिए, ताकि वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें। रूट ने तीनों देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाने की भी धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर ये देश रूस से तेल और गैस खरीदना जारी रखते हैं तो इन देशों पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे।



मार्क रूट नाटो के महासचिव

सेकेंडरी प्रतिबंध उन देशों या कंपनियों पर लगाए जाते हैं, जो सीधे प्रतिबंधित देश पर नहीं, लेकिन उसके साथ व्यापार करने वाले देशों या कंपनियों पर लगाए जाते हैं। (अनंत ज्ञान)

### अपनी नीतियां नहीं बदलेंगे : रूस

**वहीं,** रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रियाबकोव ने अमेरिका और नाटो की धमकियों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि रूस ट्रंप के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन इस तरह के अल्टीमेटम मंजूर नहीं है। रियाबकोव ने कहा कि रूस आर्थिक दबाव के बावजूद अपनी नीतियां नहीं बदलेगा और ऑप्शनल बिजनेस रूट तलाशेगा।

**बयान** सीडीएस बोले- कल के हथियारों से आज की जंग नहीं जीत सकते

# विदेशी टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमें कमजोर बना रही

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि हम कल के हथियारों से आज की लड़ाई नहीं जीत सकते। उन्होंने कहा विदेशी टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमारी युद्ध तैयारियां कमजोर करती है। यह हमें कमजोर बना रही है। ऑपरेशन सिंदूर ने हमें दिखाया कि हमारे लिए स्वदेशी काउंटर-अनमैंड एरियल सिस्टम यानी एंटी ड्रोन सिस्टम क्यों जरूरी है। हमें अपनी सुरक्षा के लिए और अधिक इंवेस्टमेंट करना होगा।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने अनआर्म्ड ड्रोन्स का इस्तेमाल किया। अधिकतर ड्रोन्स मार गिराए गए। ये हमारे किसी भी मिलिट्री या सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सके। उन्होंने कहा कि हम इंपोर्टेड टेक्नोलॉजी पर निर्भर नहीं रह सकते, क्योंकि यह हमारे युद्ध और डिफेंस ऑपरेशन के लिए महत्वपूर्ण हैं। विदेशी तकनीकों पर निर्भरता हमारी तैयारियों को कमजोर करती है। उत्पादन बढ़ाने की हमारी क्षमता को कम करती है। इससे अहम मैकेनिकल पार्ट्स की कमी होती है। (अनंत ज्ञान)



### ड्रोन्स निभा रहे अहम भूमिका

**युद्ध** में ड्रोन के इस्तेमाल पर जनरल चौहान ने कहा कि मुझे लगता है कि ड्रोन्स इवॉल्यूशनरी (विकासवादी) हैं और युद्ध में उनका इस्तेमाल बहुत क्रांतिकारी रहा है। इनकी भमिका काफी अहम रही। जैसे-जैसे उनकी तैनाती और दायरा बढ़ा, सेना ने क्रांतिकारी तरीके से ड्रोन का इस्तेमाल किया। हमारे लड़े गए कई युद्धों में आपने यह देखा है। चौहान ने 3 जून को पुणे यूनिवर्सिटी में कहा था कि 10 मई रात पाकिस्तान ने भारत को 48 घंटे में घुटने पर लाने की प्लानिंग की थी। उसने कई जगह पर एक साथ हमले किए, लेकिन उसकी योजना 8 घंटे में ही फेल हो गई थी। इसके बाद बड़े नुकसान के डर से सीजफायर के लिए कॉल किया। हमने केवल आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया।




## न्यूज ब्रीफ

### नगर निगम में संपत्तियों के सर्वे में सहयोग की अपील

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर निगम हमीरपुर के सभी 15 वार्डों में सभी सरकारी, गैर सरकारी एवं निजी संपत्तियों की जियो टैगिंग के लिए घर-घर जाकर सर्वे किया जाएगा तथा भवनों की पैमाइश की जाएगी। निगम के अतिरिक्त आयुक्त रामपाल शर्मा ने बताया कि इस सर्वे का कार्य आर्यभट्ट जियो इनफॉर्मेटिक्स स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (एजी-सैक) शिमला को सौंपा गया है। अतिरिक्त आयुक्त ने बताया कि इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की भौगोलिक, वास्तविक और इससे संबंधित अन्य सभी आवश्यक सूचनाओं, ई-परिवार, ई-संपत्ति इत्यादि को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाना है। इससे नगर निगम से संबंधित सभी कार्यों में दक्षता एवं पारदर्शिता आएगी और सभी आवश्यक जानकारी एवं डाटा डैशबोर्ड पर उपलब्ध रहेगा। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र हमीरपुर के सभी निवासियों और संपत्तियों के मालिकों से सर्वे में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वे सभी आवश्यक जानकारियों को सर्वे टीम के साथ साझा करें। अतिरिक्त आयुक्त ने कहा कि इस सर्वे को लेकर अगर किसी व्यक्ति को कोई शंका या आपत्ति हो तो उसके निवारण के लिए निगम के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### मूल्य आधारित शिक्षा पर भी ध्यान देना जरूरी : बरयाणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एनएसएस युवाओं को राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा में योगदान देने का अवसर प्रदान करता है। ऐसे शिविर छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास का माध्यम बनते हैं, साथ ही उनमें देशभक्ति, समाज के प्रति दायित्व, नैतिकता और सेवा भाव का विकास करते हैं। शिक्षा का सही उद्देश्य सिर्फ अंक प्राप्त करना नहीं है, बल्कि चरित्र निर्माण और मूल्य आधारित शिक्षा पर भी ध्यान देना जरूरी है और इसके लिए एनएसएस की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। यह बात हिम गुरुकुल अंतरराष्ट्रीय स्कूल भालत में एनएसएस के शुभारंभ अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल राजेंद्र सिंह बरयाणा ने स्वयं सेवियों को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम अधिकारी मनोहर लाल सोनी ने बताया कि शिविर के तहत एनएसएस स्वयंसेवक स्कूल परिसर के अलावा आसपास के रास्तों की सफाई करेंगे। इसके अलावा विभिन्न सेवा कार्य करेंगे, जिनमें पौधरोपण, स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम, रैली और नुक्कड़ नाटक शामिल हैं। इस अवसर पर ड्रिल मास्टर अनिल ने स्टूडेंटस को ड्रिल का प्रशिक्षण भी दिया।

### शिव पुराण कथा से पहले निकाली कलश यात्रा



**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन की फस्टे पंचायत के ब्यास नदी एवं कुणाह खड्ड के सुगम रमणीक मिलन स्थान के किनारे पांडवों के अज्ञात वास के दौरान बनाए गए प्राचीनतम धार्मिक स्थल बिल्लकलेश्वर महादेव मंदिर बटाहली में कलश यात्रा निकाल कर महा शिव पुराण कथा का शुभारंभ किया गया। वैदिक मन्त्रोच्चारण से निकाली गई इस कलश यात्रा से क्षेत्र का वातावरण पूर्ण रूप से भक्तिमय हो गया था। कलश यात्रा में बिल्लकलेश्वर महादेव सुधार सभा के सदस्यों के अतिरिक्त क्षेत्र की काफी संख्या में मातृशक्ति ने भाग लिया। कथा के दौरान कथा वाचक पंडित अनुज अंगरिस ने श्रोताओं को शिव महा पुराण कथा के महात्तम को बताते हुए कहा कि सावन मास में हमें शिव महापुराण कथा का अवश्य श्रवण करना चाहिए। सावन मास में भगवान शिव की पूजा करने एवं शिवलिंग पर जल, दूध, बिल्ल पत्र, धतूरा आदि चढ़ाने से भगवान शिव अतिशीघ्र प्रसन्न होते हैं। बही बिल्ल कलेश्वर महादेव सुधार सभा के महासचिव हंसराज ने बताया कि मंदिर में चल रहे इस शिव कथा का समापन 24 जुलाई को होगा एवं उसी दिन विश्व शांति के लिए महायज्ञ किया जाएगा। उसके बाद विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।

### हिम आंचल पेंशनर्स संघ के प्रदेश चुनाव 23 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ के प्रदेश महासचिव ने कहा कि प्रदेश में कुछ जिलों में आई आपदा के कारण जानमाल के नुकसान व रास्ते बंद हो जाने के कारण 2 जुलाई को होने वाला प्रदेश इकाई का चुनाव स्थगित करना पड़ा था। प्रदेश गवर्निंग बॉडी के निर्णयानुसार अब प्रदेश इकाई का चुनाव 23 जुलाई को पेंशनर भवन, हमीरपुर में करवाया जाना सुनिश्चित किया गया है। समस्त जिला प्रधान व महासचिव कृपया प्रदेश इकाई के चुनाव हेतु अपने जिला में व्यापक प्रचार करें ताकि चुनावी सभा में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित हो पाए। जिला प्रमुखों से यह भी आग्रह है कि वे अपने जिला से सत्र 2025-27 के लिए प्राप्त शुल्क के आधार पर सदस्यों का शुल्क रसीद सहित विवरण, प्रदेश काउंसिल के लिए पात्र डेलीगेट्स के नामों की सूची तथा प्रदेश इकाई का एकत्रित शेयर का हिस्सा चुनाव प्रक्रिया से पूर्व प्रदेश इकाई के पास आवश्य जमा करवाएं। अतः चुनावी बैठक में समस्त प्रदेश कार्यकारिणी पदाधिकारियों, समस्त जिला प्रधान व महासचिव, जिलों के पात्र डेलीगेट्स व संघ सदस्यों से अपील है कि वे संघ प्रदेश इकाई की चुनाव बैठक में उक्त तिथि व स्थान पर प्रातः 10 बजे अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें ताकि 2025-27 के लिए कर्मठ एवं सक्रिय पदाधिकारियों का चयन करने में सभी का सहयोग मिले।

### हमीरपुर में वर्कमैन के 10 पदों के लिए साक्षात्कार कल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बद्दी की प्रसिद्ध कंपनी इंडोरमा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड वर्कमैन के 10 पदों को भरने के लिए 18 जुलाई को सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर 2 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लेगी। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं, बारहवीं, आईटीआई फिटर, प्लंबर और मशीनिस्ट रखी गई है। इन पदों के लिए 18 से 25 वर्ष तक के पुरुष आवेदक ही पात्र होंगे। चयनित आवेदकों को 16,375 रुपए तक मासिक वेतन मिलेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

### 'गणित' विषय पर रोजगार की अपार संभावनाएं



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** ठाकुर जगदेव चंद स्मारक महाविद्यालय में गणित क्लब द्वारा छात्र जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन गणित विभागाध्यक्ष डॉ. दिव्या शर्मा एवं डॉ. राजीव भंडारी की अगुवाई में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विभा ठाकुर रही। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि सभी बच्चों को शिक्षा की गुणवत्ता, गणित विषय में रुचि उत्पन्न करना और गणित विषय में रोजगार की अपार संभावनाओं की जानकारी साझा की। महाविद्यालय के पूर्व छात्र कृष ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला और केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला की एमबीए और एमएससी (एआई) की मेरिट सूची में नाम दर्ज करा कर आगामी अध्ययन करेंगे। रुचिका में एमएससी (गणित) केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला में अध्ययन करेंगे। गणित क्लब द्वारा इन दोनों छात्रों का वक्तव्य रखा ताकि वर्तमान में अध्ययन कर रहे सभी छात्रों में गणित अधिगम शिक्षण में रुचि उत्पन्न हो और गणित विषय में आगामी अध्ययन करने की प्रेरणा व मार्गदर्शन मिल सकें। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय का शैक्षिक वर्ग मौजूद रहा जिसमें डॉ. सुमन शर्मा, प्रो. प्रमोज शर्मा और प्रो. वंदना रहे।

### ग्रामीणों को बताए बैंक योजनाओं के लाभ



**अशोक कुमार, अनंत ज्ञान, गलोड़।** सरेड़ी पंचायत के सभागार में हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक सरेड़ी द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए वित्तीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर ग्रामीण बैंक के प्रबंधक व सहायक प्रबंधक धीरज कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा लोगों को कार लेने या नया घर बनाने के लिए पहले से कम ब्याज पर लोन दिया जा रहा है। सहायक प्रबंधक धीरज कुमार ने ग्रामीणों को किसान क्रेडिट कार्ड, मुद्रा लोन, व्यक्तिगत लोन, महिला उद्यमिता योजना के तहत ऋण शिक्षा ले लिए लोन और अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी। इस मौके पर बैंक के प्रतिनिधियों के साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधि व अन्य लोगों ने भाग लिया।

# भोरंज की राजनीति में आया उफान

## राजीव राणा बोले- रोजगार मेला रद्द करवाने में सत्ताधारी नेता ने दिखाया अपना प्रभाव

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** भोरंज में रोजगार मेले को रद्द करने के मामले को लेकर क्षेत्र की राजनीति गरमा गई है। असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) के प्रदेश चेयरमैन राजीव राणा इस मामले को लेकर अच्छे खासे भड़क गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया है की अल्प समय के लिए मिली सत्ता का एक नेता दुरुपयोग करने पर तुला हुआ है। मेले को रद्द करवाने के पीछे उसी की चाल है। मेला 18 जुलाई को भोरंज में आयोजित होना था, लेकिन एसपी हमीरपुर कार्यालय ने उसकी स्वीकृति पहले तो दे दी गई और बाद में रद्द कर दी गई।

राणा ने बुधवार को यहां प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करके क्षेत्र के नेता पर जोरदार हमला बोला और कहा कि उनका रवैया बेहद खराब है। इस तरह की कार्रवाई करके उन्होंने बेरोजगारों के साथ अन्याय किया है, लेकिन इस सारे मामले की पोल मुख्यमंत्री दरबार और केंद्रीय हाई कमान के समक्ष खोली जाएगी। उनका कहना है कि मेला



रोजगार मेले के रद्द होने को लेकर राजीव राणा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, साथ हैं अन्य।

**बोले-सीएम, केंद्रीय हाई कमान से करूंगा शिकायत**

रद्द नहीं हुआ है, बल्कि अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है, मेला होकर रहेगा। उन्होंने दलील दी कि यह मेला गैर-राजनीतिक, युवाओं के भविष्य से कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र तथा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के 'आत्मनिर्भर युवा' दृष्टिकोण को धरातल पर उतारने की दिशा में एक सशक्त पहल थी।

इसमें देश की कई प्रमुख कंपनियों द्वारा सीधी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से युवाओं को नौकरी देने की योजना थी।

**स्थगित करने का कारण :** सत्ता का दुरुपयोग और राजनीतिक कुंठा के कारण यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमीरपुर जिले के एक सत्ताधारी नेता ने व्यक्तिगत अहंकार और राजनीतिक कुंठा के चलते इस आयोजन को दबावपूर्वक रुकवाया। यह न केवल युवाओं के अधिकारों का हनन है, बल्कि कांग्रेस सरकार की नीति, दृष्टि और लोकहित की भावना का खुला अपमान भी है।

राजीव राणा ने तीखी प्रतिक्रिया में कहा कि रोजगार मेला न तो कोई राजनीतिक मंच था और न ही पद की चाह। यह सिर्फ युवाओं के भविष्य और उनके आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक ईमानदार कोशिश थी, लेकिन जिस प्रकार से सत्ताधारी व्यक्ति ने हस्तक्षेप कर इसे बाधित किया है, वह बेहद निंदनीय है। मैं इस पूरे प्रकरण की शिकायत मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, प्रदेश अध्यक्ष और कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व से करूंगा ताकि ऐसे स्वार्थी तत्वों पर सख्त कार्रवाई हो और पार्टी की नीतियों को कमजोर करने वालों की पहचान हो सके।

**कई कारण बने वजह**

उधर, असल में भोरंज की राजनीति में यह तूफान यूं ही नहीं आया है, जिसके पीछे कई कारण हैं। राजीव राणा भी मुख्यमंत्री के खास सिपहसलारों में से एक माने जाते रहे हैं। शिमला की एक घटना को लेकर मुख्यमंत्री के पक्ष में खुलकर आए थे और उस वक्त पार्टी के भीतर हुए संघर्ष में घायल भी हुए थे, लेकिन पिछले कुछ समय से अचानक राजनीतिक गेम प्लान अजीबो-गरीब मरहले में पहुंचा हुआ दिख रहा है। अब देखना यह है कि यह विवाद राजनीति की किस करवट बैठता है क्योंकि राजीव राणा काफी मुखर हो गए हैं। उनके निशाने पर कौन है, इसका जिक्र करना जरूरी नहीं है क्योंकि निशाने पर एक ही व्यक्ति है।

# जन सुधार संस्था कोहला ने 3 कन्याओं की शादी के लिए दी आर्थिक सहायता

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** जन सुधार संस्था कोहला की बैठक में गरीब परिवारों की कन्याओं की शादी के लिए आर्थिक सहायता दी गई तथा तथा पेंशन भोगियों को 1000-1000 रुपए पेंशन दी गई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष राजीव कुमार ने की।

बैठक में रि. सूबेदार सुरेश कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। बैठक में संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य ने हिस्सा लिया जिनमें रवि मेहता, जगदीश चांद, गुलवंत सिंह, सुमन कौंडल, संजीव, विक्रमजीत, संदीप, अमित, विकी, निर्मल, सुभाष चंद, सुभाष मेहता, तिलकराज, धर्म राज, अशोक कुमार, सुनील कुमार, तिरलोक चांद, रमेश चंद, चमन लाल, रूप चंद, प्रिंस, कोशल्या देवी, सुदेश कुमारी व चित्रा देवी आदि शामिल हैं। बैठक की जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि मुख्यातिथि ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए लोगों से आग्रह किया है कि वे संस्था से जुड़ें ताकि ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद लोगों को सहायता प्रदान की जा सके। उन्होंने संस्था की ओर से पेंशन भोगियों को 1000-1000 रूपये पेंशन आर्थिक सहायता के रूप में प्रदान की। इसके अलावा टिल्लू गांव की शिवानी, गंडियांना मझियार गांव की खुशबू, बेला अमतर गांव की प्रीति की शादी के लिए 5100-5100 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

इसके अलावा अक्षय कुमार पुत्र स्वर्गीय कुलदीप कुमार की पढ़ाई की सालाना फीस संस्था ने देने का निर्णय लिया, हाई स्कूल कोहला की कक्षा 10वीं की टॉपर प्रिया, दूसरे स्थान पर रहे अनमोल, तीसरे स्थान पर रहे सूर्या ठाकुर को संस्था ने ट्रॉफी, मेडल और 1200 देकर सम्मानित किया।



हाई स्कूल कोहला की दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को भी संस्था ने सम्मानित किया।

## भोरंज के जितेन ने उत्तीर्ण की सैनिक स्कूल की परीक्षा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि जितेन सिंह ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। यह जानकारी उनके पिता शशि पाल ने दी। यह भोरंज उपमंडल के गांव मुंडखर के रहने वाले हैं। जितेन सिंह ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा-2025 उत्तीर्ण की है और इनका चयन सैनिक स्कूल सुजानपुर टिहरा की कक्षा 6वीं के लिए हुआ है, जो क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है।



यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे भोरंज क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। इनके पिता 2013 बैच के एक आईईएस अधिकारी हैं तथा वर्तमान में भारत सरकार में संयुक्त निदेशक के पद पर नियुक्त हैं। स्थानीय लोगों और शिक्षकों ने इस सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए जितेन और उनके परिवार को बधाई दी है।

## हिमाचल प्रदेश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों का किया निरीक्षण



जानकारी देते ठाकुर रामसिंह इतिहास शोध संस्थान के प्रेस सचिव डॉ. मनोज डोगरा।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

ठाकुर रामसिंह इतिहास शोध संस्थान नेरी के निदेशक डॉ. चेतराम गर्ग और संस्थान द्वारा संचालित 'हिमाचल प्रदेश का बृहद इतिहास' शोध परियोजना निदेशक प्रो. नारायण सिंह राव ने परियोजना की प्रगति, खंड संयोजकों द्वारा किए जा रहे कार्यों का मूल्यांकन करने और हिमाचल प्रदेश के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहरों और स्रोतों को जानने के लिए प्रदेश के कई महत्वपूर्ण स्थानों का दौरा कर विद्वानों से भेंट की।

यह जानकारी संस्थान के प्रेस सचिव डॉ. मनोज डोगरा ने दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान उन्होंने नारायणगढ़, नाहन, रेणुकाजी, शिमला, मंडी, ऊना आदि स्थानों पर जाकर हिमाचल के विद्वानों प्रो. अरुण कुमार, शक्ति सिंह चंदेल, डॉ. शिव भारद्वाज, बारू राम ठाकुर, डॉ. राकेश कुमार शर्मा, डॉ. अंकुश भारद्वाज, डॉ. बिंदू साहनी आदि से भेंट की तथा हिमाचल की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों का भी निरीक्षण किया। अपने प्रवास के दौरान प्रो. राव और डॉ. चेतराम गर्ग ने शोध परियोजना 'हिमाचल प्रदेश का बृहद इतिहास' के खण्ड संयोजकों से भेंट कर परियोजना की प्रगति का भी जायजा भी लिया और उन्हें शोध कार्य को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## जिला परिषद की बैठक में जनहित के मुद्दों पर मंथन

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक बबली देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें परिषद के विभिन्न सदस्यों की ओर से उठाए गए मुद्दों एवं प्रश्नों पर संबंधित अधिकारियों के साथ व्यापक चर्चा की गई। कई पुराने मुद्दों के बारे में भी अधिकारियों से जवाब तलब किया गया। बैठक में मोरसू सुल्तानी पंचायत के कुछ क्षेत्रों में जमीन की खरीद-फरोख्त, भवन निर्माण और सार्वजनिक रास्तों के बारे में नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई।

चौंथ खड्डु के तटीयकरण, धनेटा चौक पर ट्रैफिक लाइटें लगाने, जिला में कई स्थानों पर सोलर लाइटों के खराब होने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ाग्रां और एचडब्ल्यूसी धमरोल तथा चंदरूही के भवनों एवं परिसरों की मरम्मत, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जंदड़ू, कक्कड़, बजरोल, जंगलबैरी, बगेहड़ा और रंगड़ में रिक्त पदों, राजकीय उच्च पाठशाला भेरड़ा के खाली भवन को अन्य विभागों के संस्थानों के लिए आवंटित करने, जल शक्ति विभाग के अस्थायी कर्मचारियों के वेतन की अदायगी, ग्यारहग्रां पंचायत की उठाऊ पेयजल योजना और सिंचाई योजना के बंद होने, धनेटा पंचायत में लोनिवि से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों और कई अन्य मुद्दों के समाधान को लेकर जिप के सदस्यों ने संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा की। जिले के कुछ गांवों में बिजली की समस्या, जिला परिषद सदस्यों द्वारा स्वीकृत 15वें वित्त आयोग की धनराशि के कार्यों की धीमी गति, जंगलबैरी क्षेत्र के निचले इलाकों में बाढ़ की समस्या, बड़सर-शाहतलाई सड़क और भरेड़ी-धमरोल सुलगवान सड़क की नालियों की मरम्मत और अन्य जनसमस्याएं भी बैठक में उठाई गईं। परिषद की अध्यक्ष बबली देवी ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे सभी सदस्यों की ओर से उठाए गए जनहित के मुद्दों के निवारण में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए।



जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक बबली देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

**मांग : जनहित के मुद्दों व समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई करें अधिकारी**

बैठक की कार्यवाही आरंभ करने से पहले इस मानसून सीजन के दौरान प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आई आपदा में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। बैठक का संचालन जिला पंचायत अधिकारी एवं परिषद की सचिव बबीता गुलेरिया ने किया। जबकि, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने परिषद के सदस्यों को अपने-अपने विभागों से संबंधित मुद्दों की ताजा स्थिति से अवगत करवाया।

## सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान करने वालों से वसूला जुर्माना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिले में धूम्रपान व तंबाकू उत्पादों के सेवन के विरुद्ध विशेष अभियान पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर के दिशा निर्देशानुसार तंबाकू नियंत्रण अधिनियम के तहत दो दिन तक चलाया गया। इस दौरान समस्त थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्राधिकार में धूम्रपान व तंबाकू उत्पादों के सेवन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए सभी शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों, बस अड्डों, सभी शैक्षणिक संस्थानों के आसपास के क्षेत्रों व सार्वजनिक स्थलों में औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 83 लोगों के चालान कर कुल 10,800 जुर्माना वसूला गया। जिला पुलिस हमीरपुर सभी नागरिकों से अपील करती है कि वे सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान से परहेज करें एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। तंबाकू नियंत्रण अधिनियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस की यह कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

**भोटा में ट्रैफिक पुलिस ने काटे चालान**

नगर पंचायत भोटा में जिला ट्रैफिक पुलिस ने लगभग 25 चालान किए, जिसमें सबसे ज्यादा चालान सड़क किनारे गलत तरीके से खड़ी गाड़ियों के हुए। कुछ चालान बिना हेलमेट के भी किये। जिला ट्रैफिक पुलिस इंचार्ज संजय कुमार का कहना है कि सफेद पट्टी के अंदर जो भी गाड़ी खड़ी थी, उसका चालान किया गया। सफेद पट्टी के बाहर भी फुटपाथ पर भी अगर गाड़ी खड़ी होगी उसका भी चालान किया जाएगा दुकादारो को सख्त हिदायत दी कि अपनी गाड़ी अपनी दुकान के सामने खड़ी न करें।

## कोर्फबॉल के खिलाड़ियों को किया प्रेरित



**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान, जाहू।** सब जूनियर व जूनियर वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चल रहे प्रशिक्षण शिविर का अखिल भारतीय कोर्फबॉल संघ के उपाध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव बीआर सुमन ने पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरेड़ी और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण शिविर में सीखाए जा रहे कोर्फबॉल खेल के नियमों के बारे खिलाड़ियों से जानकारी ली तथा खेल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश कोर्फबॉल खेल में लगतार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। कई आर्थिक बाधाओं और परेशानियों के बावजूद खिलाड़ियों को हरेक प्रतियोगिता में भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि 24 से 27 जुलाई को तमिलनाडू के चेन्नई में होने वाली दोनों राष्ट्रीय प्रतियोगिता के शिविर में पूरी तैयारी करें तथा जीत हो हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के 6 खिलाड़ी लेशान चीन में एशिया कोर्फबॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, जो कि गर्व की बात है। इस अवसर प्रदेश कोर्फबॉल संघ के सचिव राहुल सुमन, राष्ट्रीय रैफरी बालकृष्ण शर्मा, सेवानिवृत्तसूबेदार मेजर जोगिंद्रपाल, नरोत्तम दत्त, अश्वनी डीईपी व खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## मरने के बाद तो सौम्याश्री को इंसाफ दे प्रशासन और सरकार : अलीशा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

ओडिशा के बालेश्वर स्थित एक महाविद्यालय की हमारी प्रतिबद्ध और सक्रिय कार्यकर्ता सौम्याश्री बिशी ने कॉलेज के विभागाध्यक्ष द्वारा की जा रही लगातार मानसिक प्रताड़ना और चरित्र पर अमर्यादित टिप्पणियों से आहत होकर आत्मदाह जैसा कठोर कदम उठाया। इस समाचार ने संपूर्ण अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् परिवार को शोकाकुल और स्तब्ध कर दिया है। अभाविप यह स्पष्ट करना चाहती है कि सौम्याश्री की मृत्यु कोई सामान्य घटना नहीं, बल्कि व्यवस्थागत संवेदनहीनता और महिला सुरक्षा की विफलता का परिणाम है।

यह घटना यह प्रश्न खड़ा करती है कि क्या हमारे महाविद्यालय छात्राओं के लिए सुरक्षित हैं? अभाविप हमीरपुर की इकाई इस घटना का विरोध करती है व सौम्याश्री को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इकाई उपाध्यक्ष अलीशा का



कहना है कि भारत की संस्कृति नारी को देवी के समान पूजा करती है। उनका कहना है कि जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवताओं का वास होता है, लेकिन एक महाविद्यालय की छात्रा शारीरिक और मानसिक शोषण का शिकार होती है तथा वह अपनी व्यथा प्रशासन व सरकार के समक्ष रखती है, लेकिन उसकी अपील पर कोई भी कार्रवाई नहीं होती है जिसके कारण उसे आत्मदाह जैसा रास्ता अपनाना पड़ता है।

परिषद यह मांग करती है कि उस बहन जीते जी तो इंसाफ नहीं मिला, मरने के बाद तो सरकार और प्रशासन इंसाफ दिलाए।

**रोष** बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम के सदस्यों ने कहा-धरने-प्रदर्शन का संगठन को कोई शौक नहीं

# बिजली बोर्ड लिमिटेड विरोधी गतिविधियों पर लगे रोक : खरवाड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम की बैठक बुधवार को टाऊन भराड़ी में हुई, जिसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर राजेंद्र शर्मा ने की। इस मौके पर जिला संगठन सचिव चैन सिंह, चीफ ओडिटर सुभाष ठाकुर, यूनिट सचिव रणवीर ठाकुर ने पेंशनर्स को संबोधित करते हुए बोर्ड प्रबंधन से पेंशनर्स के वित्तीय लाभों की अदायगी अतिशीघ्र करने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 70 से 75 वर्ष की आयु वर्ग के पेंशनर्स के लिए 30 प्रतिशत बकाया राशि के भुगतान करने के आदेशों को बिजली बोर्ड लिमिटेड में अतिशीघ्र लागू किया जाए। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने पेंशनर्स को संबोधित करते हुए कहा कि बिजली बोर्ड लिमिटेड के निदेशक कर्मिक द्वारा पिछले दिनों कर्मचारी संगठनों द्वारा बोर्ड के परिसरों में धरना-प्रदर्शन करने पर रोक लगाने के जो आदेश जारी किए हैं, वह पूर्ण रूप से असंवैधानिक, अलोकतांत्रिक हैं, उन्हें इसे अतिशीघ्र वापस लिया जाए।



बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम की बैठक में सदस्यों ने विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

उन्होंने कहा कि कर्मचारियों व पेंशनर्स की मांगों व समस्याओं को आपसी संवाद के माध्यम से हल करने की प्रक्रिया को अपनाया जाए, तो धरना प्रदर्शन करने का कोई शौक नहीं है। खरवाड़ा ने कहा कि बोर्ड प्रबंधक द्वारा पारदर्शिता के अभाव में कर्मचारियों व पेंशनरों के साथ अपनाए जा रहे भेदभाव पूर्ण रवैये के चलते सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को दो-दो साल तक उनके ग्रेच्यूटी व लीव-इन-केशमैंट जैसे वित्तीय लाभों की अदायगी करने की बजाए कर्मचारियों की आवाज को दबाने के लिए ऐसे तुगलकी फरमान जारी करना अति निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि निदेशक कर्मिक विशेष तौर से बिजली बोर्ड लिमिटेड को मजबूती प्रदान करने की बजाए अस्थिर करने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। इसके चलते वे बिजली बोर्ड की पहले से स्थापित व्यवस्था को अव्यवस्थित करने, बिजली बोर्ड की 66 केवी से ऊपर की क्षमता वाले लाइनों का रख-रखाव व अपग्रेडेशन एचपीपीटीसीएल प्राइवेट लिमिटेड को हैंडओवर करने की दिशा में अग्रसर हैं और प्रदेश सरकार को भी गलत जानकारियां व गलत आंकड़े प्रस्तुत किए जा रहे हैं जो कि अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

उन्होंने बिजली बोर्ड लिमिटेड के आईएएस चेयरमैन संजय गुप्ता व प्रबंध निदेशक संदीप कुमार से बिजली बोर्ड लिमिटेड विरोधी गतिविधियों पर रोक लगाने और बोर्ड की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए कारगर कदम उठाने की मांग की। खरवाड़ा ने कहा कि बिजली बोर्ड लिमिटेड की खराब हालत के लिए बोर्ड प्रबंधन की गलत नीतियां जिम्मेवार हैं। उन्होंने कहा कि आज बिजली बोर्ड लिमिटेड का बिजली उपभोक्ताओं के पास 629 करोड़ 50 लाख रुपए फंसे हैं, जिसमें सरकारी विभागों का 346 करोड़ 33 लाख रुपए बकाया हैं। खरवाड़ा ने कहा कि आज भी बिजली बोर्ड लिमिटेड में 51 हजार 568 मीटर डैड स्टॉप हैं, जबकि 32 हजार 440 न्यू कनेक्शन के लिए फाइल्स पेंडिंग हैं। इसके चलते बिजली बोर्ड लिमिटेड को हर महीने करोड़ों रुपए की राजस्व हानि हो रही है, ऐसे में बिजली बोर्ड लिमिटेड को बदनाम करने के लिए साजिशें रची जा रही हैं, जोकि बिजली बोर्ड लिमिटेड व इसके पेंशनर्स, कर्मचारियों व उपभोक्ताओं के हितों के खिलाफ हैं।

उन्होंने कहा कि युक्तिकरण व केंद्रीयकरण के नाम पर की जा रही पद समाप्ति व रोकी जा रही पदोन्नतियां कर्मचारियों के भविष्य पर कुठाराघात तो हैं, लेकिन इससे कोई सुधार होने की उम्मीद नहीं है।

**मुख्यमंत्री सुक्खू से की यह अपील**

**खरवाड़ा** ने मुख्यमंत्री से कर्मचारी, इंजीनियर्स व पेंशनर्स की संयुक्त संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों की बैठक बुलाई जाए और उनके साथ चर्चा करने के बाद सकारात्मक कदम उठाए जाएं क्योंकि बिजली बोर्ड लिमिटेड के निर्माण में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है और बिजली क्षेत्र के बारे में लंबा अनुभव है। उन्होंने गलत जानकारियों देकर भ्रमित करने वाले अधिकारियों से सचेत रहने की अपील की।

## कपिल बने बिहार विस चुनाव के लिए भाजयुमो के सहप्रभारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय सोशल मीडिया संयोजक कपिल परमार को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा युवा मोर्चा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह जिम्मेदारी उन्हें युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्य द्वारा सौंपी गई। कपिल परमार हमीरपुर जिले से संबंध रखते हैं और संगठनात्मक कार्यों में उनका लंबा अनुभव रहा है। उनकी इस नियुक्ति पर हमीरपुर जिला युवा मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी।



उन्होंने विश्वास जताया कि कपिल परमार का राजनीतिक अनुभव और विभिन्न राज्यों में संगठनात्मक कार्यों का उनका कौशल बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी को निश्चित ही मजबूती प्रदान करेगा। युवा मोर्चा के नेताओं ने कहा कि कपिल परमार जैसे ऊर्जावान कार्यकर्ता की नियुक्ति से संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी।



शिमला। हिमाचल के तकनीकी शिक्षा एवं व्यावसायिक और औद्योगिक शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने तकनीकी क्षेत्र से संबंधित उन्नत और आवश्यक कदमों के साथ-साथ उसके व्यावसायिक पहलुओं को आम जनमानस तक पहुंचाने के लिए दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' को अपना समर्थन देने का वादा किया।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री-उपमुख्यमंत्री ने नायक पुष्पेंद्र नेगी के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने डोगरा रेजिमेंट के नायक पुष्पेंद्र नेगी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। पुष्पेंद्र नेगी का असम में ड्यूटी के दौरान एक हादसे में देहांत हो गया। वह किन्नौर जिला की सांगला तहसील के थैमगारंग पंचायत के रहने वाले थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर जवान को प्रदेश हमेशा श्रद्धा और कृतज्ञता के साथ याद करेगा। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति और शोक संतप्त परिवार को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### गांव वलडोड में शिव मंदिर और कुलदेवी मंदिर से घंटियां चोरी

**एके शर्मा, अनंत ज्ञान, गलोड़।** पुलिस चौकी गलोड़ के तहत ग्राम पंचायत नारा के गांव वलडोड के शिव मंदिर व कुलदेवी मंदिर से घंटियां चोरी होने का मामला सामने आया है। मंदिर के रख-रखाव करने वाले रघुवीर सिंह गर्ग ने बताया कि दोनों मंदिरों में बड़े साइज की घंटियां लगाई हुई थीं, जो कि बुधवार को चोरी हो गईं। उन्होंने बताया कि चोर मंदिर में रखे हुए गल्ले को भी तोड़ने की कोशिश कर रहा था, तो साथ लगते घर की महिला सरोती देवी को आवाज सुनाई दी। जैसे ही उसने आवाज लगाई कि कौन है तो अंदर से हैलेमेट पहने एक लड़का बैग लेकर निकाला और नीले रंग की बाइक पर सवार होकर भाग गया। सरोती देवी की आवाजें सुन का साथ लगते घरों से लोग आ गए। रघुवीर ने बताया कि मंदिर के गले में लगे ताले पर पत्थर से तोड़ने की कोशिश की मगर कामयाबी नहीं मिली। रघुवीर ने पुलिस को फोन कर इसकी जानकारी दी। चौकी प्रभारी विनय कुमार अत्री ने बताया कि मंदिर में मौके पर पुलिस गई थी, लोगों के बयान दर्ज कर छानबीन कि जा रही है जल्दी ही चोरी के अंजाम देने वाले को पकड़ा लिया जाएगा।

### मिठाई की दुकान में गल्ला तोड़कर नकदी व सामान चुरा ले गए चोर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** वार्ड नंबर-11 के साथ डुग्घा के पाए एक मिठाई की दुकान पर रात के समय चोरों ने गल्ला तोड़कर नकदी चुरा ली साथ ही बैग में सामान भर कर ले गया। यह सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी के अनुसार अशोक कुमार निवासी गांव बरोहो ने सदर थाना हमीरपुर में शिकायत दर्ज करवाई है कि 15 जुलाई की रात इनकी मिठाई की दुकान से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा खिड़की से घुसकर दुकान का गल्ला तोड़ दिया और वहां से कुछ सामान व नकदी चुरा ले गया। थाना प्रभारी यादेश कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज को पुलिस खंगाल रही हैं। उन्होंने कहा कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## हिमाचल के हरे-भरे बागों पर चली अदालती आरी!

# 4 दिन में काटे 3415 फलदार पेड़

### कोटखाई में वन भूमि पर अतिक्रमण हटाने का महा-अभियान जारी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**शिमला।** देवभूमि हिमाचल प्रदेश, जिसकी पहचान उसके हरे-भरे जंगल और सेब के बागान हैं, इस समय एक बड़े और संवेदनशील अभियान का गवाह बन रहा है। राज्य की राजधानी शिमला से सटे कोटखाई, कुमारसैन क्षेत्रों में, जहां सेब की खेती जीवनरेखा मानी जाती है, उच्च न्यायालय के सख्त आदेशों के बाद अवैध रूप से कब्जा की गई वन भूमि को मुक्त कराने के लिए एक व्यापक बेदखली अभियान चौथे दिन भी जारी रहा। यह सिर्फ पेड़ों को हटाने का अभियान नहीं, बल्कि हिमाचल के प्राकृतिक संतुलन और कानूनी संप्रभुता को पुनः स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

बुधवार को पांदली ग्राम पंचायत के चैथला गांव में 700 के आसपास सेब और नाशपाती के पेड़ों पर 'आरी' चली, जो दर्शाता है कि राज्य के वन संसाधनों पर अतिक्रमण अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार प्रदेश में अवैध कब्जों के खिलाफ शुरू हुआ ऑपरेशन बेदखली अब अपने अगले और बड़े चरण में प्रवेश कर गया है। कोटखाई के चैथला गांव के साथ कुमारसैन के बड़ागांव और सराहन में अवैध कब्जे हटाने और सेब के पेड़ काटने की कार्रवाई पूरी होने के बाद, अब प्रशासन ने रोहड़ू, जुब्बल, चौपाल और ठियोग उपमंडलों में भी इसी तरह के अभियान की तैयारी कर ली है। 25 जुलाई से इन क्षेत्रों में सरकारी भूमि पर बने अवैध ढांचों और विशेषकर अवैध सेब बागानों को हटाने का काम शुरू होगा। प्रशासन ने इन क्षेत्रों के अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर दिए हैं, जिससे स्थानीय निवासियों में भारी हड़कंप मच गया है और आने वाले दिनों में बड़े विरोध प्रदर्शनों की आशंका है।

**ऑपरेशन बेदखली का दूसरा चरण 25 जुलाई से**

**अब रोहड़ू, जुब्बल, चौपाल और ठियोग में भी अवैध सेब बागानों पर चलेगी कुल्हाड़ी**

#### वन प्रजातियों का फिर से होगा रोपण

**इस** बीच यह महा अभियान उच्च न्यायालय की अनुपालना में चलाया जा रहा है। न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी अतिक्रमणों को हटाया जाए और इन मुक्त कराई गई भूमियों पर देशी वन प्रजातियों का फिर से रोपण किया जाए। इतना ही नहीं, अदालत ने अवैध खेती के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों से हर्जाना वसूलने और कार्रवाई में बाधा डालने वालों के खिलाफ जमानती वारंट जारी करने का भी आदेश दिया है, जो न्यायपालिका के कड़े रुख को दर्शाता है। 12 जुलाई को शुरू हुए इस अभियान में अब तक बड़ी संख्या में फलों के पेड़ों को हटाया जा चुका है। पिछले चार दिनों में कुल 3415 फलों के पेड़ काटे गए हैं, पहले दिन दिनेश ताजटा से जुड़ी भूमि से 93 सेब के पेड़ और प्रताप चौहान के बागों से 664 पेड़ काटे गए थे। अगले दिन, 418 सेब, 53 नाशपाती और एक आड़ू का पेड़ हटाया गया। 14 जुलाई को, दस व्यक्तियों की भूमि से 831 और सेब और नाशपाती के पेड़ काटे गए थे, जिससे 15 जुलाई तक कुल पेड़ों की संख्या 2,541 हो गई थी। अब ये संख्या बढ़कर 3415 हो गई है। जिला शिमला में कोटखाई के एसडीएम मोहनलाल ने स्पष्ट किया कि अदालती आदेश के अनुरूप अभी आगे भी ये अभियान जारी रहेगा।

## सेब के पेड़ कटान पर भड़के

# शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर

### बोले, छोटे बागवानों को तुरंत दें राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश में सेब के पेड़ों के कटान को लेकर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कड़ी नाराजगी जताई है। उनका स्पष्ट मत है कि सेब के पेड़ काटने के लिए यह समय उचित नहीं है। उन्होंने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से बात करने की घोषणा की है।

बुधवार को शिमला में मीडिया से बात करते हुए रोहित ठाकुर ने बताया कि यह कार्रवाई उच्च न्यायालय के आदेशों पर हो रही है। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2015 में भी सेब के पौधों को काटने की प्रक्रिया शुरू हुई थी, जब हिमाचल में कांग्रेस की सरकार थी। उस समय, तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने पांच बीघा तक की जमीन पर कोई कार्रवाई न करने की नीति बनाई थी। हालांकि, वर्ष 2017 में सत्ता परिवर्तन के बाद यह नीति लागू नहीं हो पाई।

रोहित ठाकुर ने कहा कि एक बागवान और क्षेत्र के प्रतिनिधि होने के नाते यह उनके लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने जोर दिया कि प्रदेश के छोटे बागवानों के पास बहुत कम भूमि है, और ऐसे में उन्हें राहत मिलनी चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि मानसून का समय जहां पौधारोपण के लिए उपयुक्त होता है, ऐसे में पेड़ों का इस तरह से काटा जाना सही नहीं है। साथ ही, मानवीय दृष्टिकोण को भी ध्यान में रखना जरूरी है, क्योंकि इस समय सेब तैयार हो रहा है और मंडियों में जाना शुरू हो गया है। इस दौरान सेब के पेड़ों को काटना कतई सही नहीं था।

**मॉनसून में पेड़ों का कटना अनुचित, वीरभद्र सरकार की नीति लागू करने की मांग**

#### सीएम सुक्खू से करेंगे बात

**शिक्षा** मंत्री ने कहा कि वह इस विषय पर मुख्यमंत्री से बात करेंगे, ताकि उन छोटे किसानों और बागवानों को राहत पहुंचाई जा सके जिनके पास पांच बीघा से कम भूमि है।

## हिमाचल हाईकोर्ट ने सरकार की बार-बार अपील पर जताई नाराजगी

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा एक ही तरह के मामलों में बार-बार अपील दायर करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। कोर्ट ने इसे 'खेदनजक' बताते हुए कहा कि इससे न केवल आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों का अनुचित उत्पीड़न होता है, बल्कि न्यायालयों पर भी अतिरिक्त काम का बोझ बढ़ता है। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश रंजन शर्मा की खंडपीठ ने नियमितीकरण से जुड़े एक मामले में राज्य सरकार द्वारा दायर अपील को खारिज करते हुए ये महत्वपूर्ण टिप्पणियां कीं।

दरअसल, प्रार्थी गेजम राम जुलाई 1971 से बागवानी विभाग में दैनिक वेतनभोगी 'बेलदार' के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने 1994 से हर साल 240 दिनों की सेवा पूरी की। हालांकि, उनकी सेवाओं को लागू नीति के तहत 2006 में नियमित कर दिया गया था,

इस बीच, तत्कालीन राज्य प्रशासनिक प्राधिकरण ने वर्ष 2016 में राज्य सरकार के आदेशों को खारिज कर प्रार्थी के दावे पर पुनर्विचार करने का आदेश दिया। हालांकि, विभाग ने उनके मामले में कोई कार्यवाही नहीं की, जिससे प्रार्थी को अवमानना याचिका दायर करनी पड़ी। उच्च न्यायालय ने पाया कि संबंधित अधिकारियों ने आदेशों की अवहेलना की, जिसके कारण राज्य सरकार ने अपील दायर की। उच्च न्यायालय ने इसे सुनवाई योग्य न करार देते हुए खारिज कर दिया। न्यायालय ने चिंता व्यक्त की कि राज्य की 2011 की %मुकदमा नीति% का उल्लंघन करते हुए इसी तरह की अपीलें बार-बार दायर की जा रही हैं, जिससे अनावश्यक देरी और उत्पीड़न हो रहा है।

**कहा, गरीबों को होता है उत्पीड़न**

#### शिमला एपीएमसी में गड़बड़ी

## प्राइवेट मंडी के आढ़ती से वसूली, रिकॉर्ड जब्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश की कृषि उपज विपणन समिति शिमला-किन्नौर में कमीशन एजेंट के लाइसेंस रिन्यू करने और दुकानों के आवंटन में गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। प्रारंभिक जांच में गड़बड़ी की पुष्टि होने के बाद सरकार ने एपीएमसी सेक्रेटरी पवन सैनी और सीनियर असिस्टेंट यशपाल को उनके पदों से हटा दिया है। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के संज्ञान में एक शिकायत आने के बाद हुई, जिसमें एक प्राइवेट मंडी के आढ़ती से मार्केट-फीस के नाम पर 30 हजार रुपए मांगे जाने का खुलासा हुआ था।

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार के प्रति अपनी जीरो टॉलरेंस नीति दिखाते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए हैं, जिसके बाद मार्केटिंग बोर्ड ने दुकानों के आवंटन और आढ़ती की 30 हजार रुपए की रसीद से जुड़ा रिकॉर्ड कब्जे में ले लिया है। इस मामले में कृषि सचिव सी पालरासू ने एपीएमसी सेक्रेटरी को शो-कॉज नोटिस जारी किया है और उनके जवाब का इंतजार है।

**एपीएमसी शिमला में लाइसेंस रिन्यू और दुकान आवंटन में बड़ा गड़बड़झाला**

## बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही प्रदेश सरकार : डॉ. शांडिल

**अनंत ज्ञान, बद्दी/सोलन**



हिमाचल ड्रग मैन्युफैक्चरर्स एसो बद्दी के कार्यक्रम में पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री।

स्वास्थ्य एवं परिवार कृयाण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कृयाण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

डॉ. शांडिल बुधवार को सोलन जिले के बद्दी में राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण करने के उपरांत उपस्थित दवा उद्योगपतियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम इस वर्ष प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा के कारण असमय दुखद मृत्यु को प्राप्त 62 व्यक्तियों की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और शोकाकुल परिजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई।

उन्होंने कहा कि बद्दी स्थित औषधि प्रयोगशाला देश की तीन सर्वश्रेष्ठ दवा परीक्षण प्रयोगशाला में से एक है। उत्तर भारत की यह एकमात्र प्रयोगशाला है। इस प्रयोगशाला में प्रति वर्ष 6000 दवा सैंपल परीक्षण की क्षमता है। अब तक इस प्रयोगशाला में 2783 सैंपल प्राप्त हुए हैं। इनमें से 1845 सैंपल की जांच की गई है और 28 सैंपल निर्धारित मानक अनुसार नहीं पाए गए हैं। इस प्रयोगशाला के निर्माण पर लगभग 37 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। प्रदेश सरकार राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों को आधुनिक तकनीक से लैस करने के लिए 1,730 करोड़ रुपए का निवेश सुनिश्चित बनाएगी। इससे लोगों को प्रदेश के भीतर ही उच्च गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त होंगी।

उन्होंने कहा कि रोगियों को बेहतर एवं सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए पैरामेडिकल स्टाफ, नर्स, तकनीशियन और अन्य सहायक कर्मियों के पद भरे जा रहे हैं। नर्सिंग सुविधाओं में बढ़ौतरी के दृष्टिगत जीएनएम सीटों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों के परिणाम शीघ्र ही सभी के सामने होंगे। इस अवसर पर विधायक रामकुमार चौधरी, विधायक हरदीप सिंह बावा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मदन चौधरी, कुलतार सिंह, नीरज कुमार, सोनाक्षी तोमर, राजकुमार, योगेश गुप्ता, डॉ. अजय पाठक, मनीष कपूर आदि उपस्थित थे।

**बद्दी में राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला का किया निरीक्षण**

## कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने के लिए कल से सक्रिय होगा एग्री मशीनरी पोर्टल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के किसानों को आधुनिक कृषि मशीनरी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग 18 जुलाई को दोपहर 12 बजे से एग्री मशीनरी पोर्टल को सक्रिय करने जा रहा है। इस पोर्टल के माध्यम से राज्य के किसान विभिन्न कृषि यंत्रों पर अनुदान प्राप्त करने के लिए 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर आवेदन कर सकेंगे।

कृषि विभाग ने आज यहां बताया कि कृषि कार्यों के मशीनीकरण से किसानों की कार्यक्षमता और आय में वृद्धि होती है, उत्पादन लागत कम होती है और कृषि उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार आता है। विभाग का मुख्य उद्देश्य किसानों को नई, आधुनिक और उन्नत किस्म की कृषि मशीनरी व उपकरण उपलब्ध करवाना है। जानकारी के अनुसार अब हिमाचल प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों और छोटे खेतों को ध्यान में रखते हुए, पहाड़ी क्षेत्रों के अनुकूल कृषि यंत्रों को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसान अब पोर्टल के माध्यम से कृषि उपकरण अनुदान पर प्राप्त कर सकेंगे।

प्रदेश सरकार ने लघु, सीमांत, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा महिला किसानों के लिए कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान किया है। प्रवक्ता ने किसानों से आग्रह किया कि वे केवल केंद्र सरकार से पंजीकृत फर्मों और स्वीकृत मॉडल की मशीनरी की ही खरीद करें, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

**किसानों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर मिलेगी आधुनिक कृषि मशीनरी पर सब्सिडी**

#### आधुनिक मशीनरी से खेती को लाभकारी बनाने का प्रयास

**कृषि** विभाग ने स्पष्ट किया कि वे किसानों को आधुनिक मशीनरी के माध्यम से खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। विभाग ने किसानों से इस नए पोर्टल का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया है।

## अवैध खनन करते 4 वाहन किए जब्त, काटे चालान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



जब्त किए गए ट्रैक्टर।

अवैध खनन माफिया पर शिकंजा कसने के लिए हमीरपुर पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु भी एक विशेष अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत खनन माफिया के विरुद्ध पिछले 24 घंटों के दौरान कार्रवाई करते हुए चार वाहनों को जब्त करके चालान माननीय न्यायालय को प्रेषित किए गए हैं।

जिला पुलिस हमीरपुर आम जनता से अपील करती है कि वे किसी भी प्रकार की अवैध खनन गतिविधि की सूचना तुरंत निकटतम पुलिस थाना, संबंधित थाना के पर्यवेक्षण अधिकारी को या अधोहस्ताक्षरी को दें, ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर भविष्य में भी कठोर कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि अवैध खनन के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## एनएचएआई के खिलाफ हिमाचल में किसान और मजदूर एकजुट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



एनएचएआई के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करते सीटू के कार्यकर्ता।

शिमला के चक्कर में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालय के बाहर एक बड़े विरोध प्रदर्शन ने हिमाचल प्रदेश में चल रहे राष्ट्रीय राजमार्ग और चार-लेन परियोजनाओं के कारण हुए कथित बड़े पैमाने पर विनाश को उजागर किया।

हिमाचल किसान सभा और भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र के सदस्यों के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में अवैज्ञानिक निर्माण पद्धतियों के हानिकारक प्रभावों पर जोर दिया गया। विभिन्न जिलों के ग्रामीणों, स्थानीय नेताओं और पंचायत प्रतिनिधियों ने इस विरोध प्रदर्शन में भाग लिया, और एनएचएआई तथा उसके निजी ठेकेदारों से जवाबदेही की मांग की।

प्रदर्शनकारियों ने अनियंत्रित पहाड़ी कटान, अवैध खनन और डंपिंग के कारण व्यापक पर्यावरणीय क्षति और संपत्ति के नुकसान का आरोप लगाया। शिमला में कई घरों के ढहने या ढहने के कगार पर होने, कृषि भूमि के नष्ट होने और वायु प्रदूषण के गंभीर प्रभावों की बात कही गई। सीटू अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने राजमार्ग परियोजनाओं पर कार्यरत श्रमिकों के शोषण का मुद्दा उठाया।

**पर्यावरण विनाश और श्रमिक शोषण के खिलाफ व्यापक विरोध**

## आपदा प्रबंधन के लिए पूर्व चेतावनी तंत्र को मिली मंजूरी

### जानमाल का नुकसान कम करने पर जोर, आपदा राहत और पुनर्वास कार्यों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी आवश्यक बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

हिमाचल प्रदेश में आपदा प्रबंधन और पुनर्वास पर गठित मंत्रिमंडलीय उप-समिति ने बुधवार को आपदाओं से होने वाले जानमाल के नुकसान को कम करने के उद्देश्य से एक पूर्व चेतावनी तंत्र (अर्ली वार्निंग सिस्टम) स्थापित करने को मंजूरी दे दी है। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

बैठक में हाल ही में प्रदेश में बादल फटने और बाढ़ की घटनाओं के बाद चलाए गए राहत एवं पुनर्वास कार्यों की गहन समीक्षा की गई। उपसमिति ने प्रभावित क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त सड़कों की बहाली, टूटे हुए पुलों के पुनर्निर्माण और बाधित जलापूर्ति योजनाओं की मरम्मत जैसे आवश्यक बुनियादी ढांचे को दुरुस्त करने पर भी विस्तार से चर्चा की। मंत्रिमंडलीय उप-समिति द्वारा स्वीकृत किया गया अर्ली वार्निंग सिस्टम, मौसम की निरंतर निगरानी, सटीक पूर्वानुमान और समय पर चेतावनी जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करेगा। इस प्रणाली के सुचारु संचालन से लोगों को समय रहते सावधानी बरतने का अवसर मिलेगा, जिससे आपदा के प्रभाव को काफी हद तक कम किया जा सकेगा और जानमाल के नुकसान में कमी आएगी।

इसके अतिरिक्त, उपसमिति ने आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने के लिए हेलिकॉप्टर किराए पर लेने का भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया। इससे राहत सामग्री पहुंचाने और फंसे हुए लोगों को निकालने जैसे कार्यों में सहायता मिलेगी।

जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आयोजित एक अन्य बैठक में, मंत्रिमंडलीय उप-समिति ने छोटे और सीमांत किसानों के लिए भूमि नियमितीकरण से जुड़े मामलों पर भी विचार-विमर्श किया। उपसमिति ने हिमाचल प्रदेश को एफसीए (वन संरक्षण अधिनियम) में रियायत दिलवाने के लिए उच्चतम न्यायालय में अपील करने की भी मंजूरी दी।

इन महत्वपूर्ण बैठकों में ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी, अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) कमलेश कुमार पंत, विशेष सचिव (राजस्व-आपदा) डीसी राणा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**राहत कार्यों के लिए हेलिकॉप्टर किराये पर लेने का निर्णय**

#### सियासत

### उपमुख्यमंत्री ने प्रभारी रजनी पाटिल से की मुलाकात, संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने पर दिया जोर

## हिमाचल कांग्रेस के पुनर्गठन पर फिर शुरू हुआ मंथन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



डिप्टी सीएम मुकेश हिमाचल कांग्रेस की प्रभारी रजनी पाटिल से मुलाकात करते हुए।

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के भीतर संगठनात्मक बदलावों और अध्यक्ष पद के लंबित मामले को लेकर चल रही अटकलों के बीच उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बुधवार को नई दिल्ली में राज्यसभा सांसद और हिमाचल कांग्रेस की प्रभारी रजनी पाटिल से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात को राज्य में कांग्रेस के पुनर्गठन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, खासकर जब कल ही उपमुख्यमंत्री ने अध्यक्ष पद पर जल्द निर्णय लेने की मांग उठाई थी।

मुकेश अग्निहोत्री और रजनी पाटिल के बीच हुई इस बैठक में प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक स्थिति, संगठनात्मक गतिविधियों और विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जब हिमाचल कांग्रेस में अध्यक्ष पद को लेकर पिछले काफी समय से निर्णय रुका हुआ है, जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

सूत्रों के अनुसार, उपमुख्यमंत्री ने पाटिल के समक्ष संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया, जिसमें अध्यक्ष पद का मामला भी शामिल है। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा जन कृयाण के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी और केंद्र से अपेक्षित सहयोग के संदर्भ में भी विचार-विमर्श किया। हाल ही में, उपमुख्यमंत्री ने सार्वजनिक रूप से इस बात पर जोर दिया था कि कांग्रेस को हिमाचल में अपने संगठन को मजबूत करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए, जिसमें अध्यक्ष की नियुक्ति भी शामिल है।

वहीं, रजनी पाटिल ने प्रदेश सरकार के जनकृयाणकारी प्रयासों की सराहना की और पार्टी संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उनकी यह टिप्पणी इस बात का संकेत है कि केंद्रीय नेतृत्व भी हिमाचल में संगठनात्मक मजबूती पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

#### कुछ बड़े बदलाव होने के संकेत

**यह** बैठक ऐसे समय में हुई है जब कांग्रेस के भीतर गुटबाजी की खबरें लगातार सामने आ रही हैं, और एक मजबूत संगठनात्मक नेतृत्व की कमी महसूस की जा रही है। उपमुख्यमंत्री की इस पहल को पार्टी को एकजुट करने और आगे की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है। आने वाले दिनों में हिमाचल कांग्रेस में कुछ बड़े संगठनात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं, जिसमें अध्यक्ष पद पर निर्णय भी शामिल हो सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### सार्थक संस्था ने सम्मानित किए 155 मेधावी



**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** सार्थक संस्था ने शाहपुर क्षेत्र के 31 स्कूलों के 155 मेधावी छात्रों को सार्थक मेधावी छात्र पुरस्कार से नवाजा है। सार्थक संस्था के अध्यक्ष लोकेश नंदन व प्रवीण ठाकुर, अशोक कुमार, विकास अवस्थी व उमेश कुमार ने बताया कि सार्थक संस्था इसी तरह आगे भी विभिन्न क्षेत्रों में सार्थक प्रयास करती रहेगी।

### थुरल कॉलेज में एनएसएस पंजीकरण शिविर

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** महाराजा संसार चंद मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय थुरल में राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट द्वारा एक दिवसीय पंजीकरण शिविर लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य प्रो. कमल कुमार उपस्थित कैंप में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए के 50 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना में अपने आप को पंजीकृत किया। कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना प्रो. पवन राणा ने नए स्वयंसेवियों को संगठन की मूल भावना उद्देश्य एवं कार्यशैली से परिचित करवाया।

### युवाओं को बताईं महात्मा बुद्ध की शिक्षाएं

**कनिका शर्मा, अनंत ज्ञान, हरिपुर।** सामाजिक संगठन 'यूथ डेवलपमेंट सेंटर' द्वारा बौद्ध कला एवं संस्कृति सरंक्षण योजना के अधीन पुनर्जागरण के अग्रदूत महात्मा बुद्ध के जीवन व शिक्षाओं से युवाओं को रू-ब-रू करवाया। अमलेहड़ गांव में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षाविद दीपक शास्त्री ने कहा कि समाज में फैली विकृतियों को मानवीय मूल्यों, आदर्शों व संवेदनशीलता से जोड़ना होगा। टीवी व सोशल मीडिया के माध्यम से फैल रही अपसंस्कृति पर अंकुश लगाना भी आवश्यक है। शिक्षा का लक्ष्य बेहतर इंसान तैयार करना होना चाहिए। शिक्षा के माध्यम से समाज में सामंजस्य, समन्वय, सद्भाव, सेवा, समर्पण व त्याग की भावनाएं विकसित होनी चाहिए।

### आईटीआई शाहपुर में 24 को लगेगा रोजगार मेला

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** आईटीआई शाहपुर में 24 जुलाई को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड के लिए एचआरवीएस प्राइवेट लिमिटेड (गुजरात) कैंपस साक्षात्कार के माध्यम से युवाओं को नौकरी देगी। 24 जुलाई को लिखित परीक्षा होगी और चयनित युवाओं का उसी दिन इंटरव्यू होगा। युवाओं की उम्र 18 से 26 वर्ष के बीच होनी चाहिए, जिन्होंने फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर,मशीनिस्ट, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, टूल एंड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, सीओई ऑटोमोबाइल, ट्रैक्टर मैकेनिक, वायरमैन, शीट मेटल, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक, आईसीटीएसएम और पेंटर में पास की हो। यह जानकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर के प्रधानाचार्य ई. चैन सिंह राणा ने दी।

### पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़ जरूरी



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल पठानिया ने कहा कि अधिक से अधिक पौधरोपण करना आवश्यक है। उन्होंने एटीसी शाहपुर द्वारा जल संरक्षण एवं पौधरोपण जैसे विषयों पर चलाए जा रहे कार्यक्रमों की सराहना की और प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे जरूरी हैं।

# डीएवी तियारा के बच्चों ने जीते 21 गोल्ड मेडल

## क्लस्टर खेलों में बच्चों ने दिखाया दमखम, 39 सिल्वर और 10 ब्रॉन्ज जीते

**अशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**कांगड़ा।** डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा के खिलाड़ियों ने खेलों में एक बार फिर से दमखम दिखाया है। डीएवी पब्लिक स्कूल आलमपुर, नगरोटा सूरियां, रैहन और मनेई में क्लस्टर खेलों का आयोजन किया गया।

इसमें डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा के 175 बच्चों ने ताइक्वांडो, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, बास्केटबाल, एथलेटिक्स और रोलर स्केटिंग में हिस्सा लिया। इसमें बच्चों ने 21 गोल्ड, 39 सिल्वर और 10 ब्रॉन्ज मेडल जीते। अंडर-19 की 800 मीटर दौड़ में हर्षित ने ब्रॉन्ज, डिस्कस थ्रो में हर्षित ने सिल्वर, 100 मीटर दौड़ में शाइना ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। अंडर-17 शॉटपुट में रितेश ने ब्रॉन्ज और अंडर-14 की 100 मीटर दौड़ में आयुष ने ब्रॉन्ज, 400 मीटर दौड़ में समर ने ब्रॉन्ज, 800 मीटर दौड़ में अर्शित ने सिल्वर मेडल जीता। लड़कियों ने रिले दौड़ में ब्रॉन्ज मेडल जीता। स्केटिंग में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते। बास्केटबाल में स्कूल के लड़कों की टीम रनरअप रही। ताइक्वांडो में अंडर-17 लड़कों के वर्ग रुद्र प्रताप ने गोल्ड, अंडर-14 में सक्षम ने गोल्ड, अंडर-14 लड़कियों में वंशिका ने गोल्ड और अंडर-14 लड़कों में आर्यन ने सिल्वर मेडल जीता। स्कूल के शारीरिक शिक्षा अध्यापक कुलभूषण मनकोटिया और शम्मी में नेतृत्व में बच्चों ने विभिन्न खेलों में दमखम दिखाया। स्कूल के चैयरमैन रिटायर जस्टिस प्रीतमपाल सिंह, क्षेत्रीय अधिकारी बिक्रम सिंह, स्कूल मैनेजर रश्मि जम्वाल और डीएवी स्कूल तियारा की प्रधानाचार्य एकता अत्री ने बच्चों को बधाई दी।




डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा के 175 बच्चों ने प्रतियोगिता में लिया भाग।

### कबड्डी में बेटियों ने जीता गोल्ड

**कबड्डी** में लड़कियों की अंडर-14 टीम ने विजेता रहकर गोल्ड मेडल जीता। कबड्डी में ही अंडर-17 लड़कियों की टीम रनरअप रही। अंडर-17 लड़कों की टीम विजेता और अंडर-19 में उपविजेता रही। बैडमिंटन के अंडर-19 वर्ग के सिंगल मुकाबले में आदित्य ने गोल्ड मेडल जीता। अंडर-14 के सिंगल मुकाबले में आदित्य उपविजेता रहा। अंडर-19 और अंडर-14 में लड़कों की टीम रनरअप रही। लकड़ियों के बैडमिंटन के सिंगल मुकाबले में शाइना रनरअप रही।

### भीगते जवान को देख भावुक हुए थे निदेशक पुनीत

# अब चतैड़ चौक पर पुलिस जवान को मिला स्थायी शेल्टर

**मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान**

**योल।** कई बार संवेदनशील नेतृत्व आम लोगों की मुश्किलें आसान बना देता है। ऐसा ही एक उदाहरण योल बाजार के चतैड़ चौक पर सामने आया, जहां ट्रैफिक व्यवस्था संभालने वाला एक पुलिस जवान रोजाना धूप और बारिश में डटा रहता था। कभी किसी दुकान के शेड में, तो कभी खुले में खड़ा होकर अपना फर्ज निभा रहा था।

इस दौरान एक दिन हिमाचल प्रदेश खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निदेशक पुनीत मली की नजर बारिश में भीगते उस जवान पर पड़ी। यह दृश्य उन्हें अंदर तक छू गया। उन्होंने तत्काल मानवीय पहल करते हुए जिलाधीश कांगड़ा से आग्रह कर चतैड़ चौक पर एक गुमटी (शेल्टर) बनवाने का प्रस्ताव रखा। प्रशासन ने भी तत्परता दिखाई और कुछ ही दिनों में चौक पर गुमटी का निर्माण करवा दिया। अब पुलिस जवान मौसम की मार से बचते हुए अपने कर्तव्यों को और बेहतर ढंग से निभा सकेगा। स्थानीय लोगों ने निदेशक पुनीत मलिक और प्रशासन के इस कदम की सराहना की है। व्यापार मंडल के सदस्यों ने भी इसे प्रशासन और समाज के बीच सहयोग का सुंदर उदाहरण बताया।



चतैड़ चौक पर गुमटी का करवाया निर्माण।

# उपमंडल अधिकारी जवाली को बताई फोरलेन की समस्याएं



उपमंडल अधिकारी जवाली विकास जम्वाल को सौंपा शिकायत पत्र।

**शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**कोटला।** पठानकोट-मंडी फोरलेन सड़क का निर्माण प्रगति पर है और भाली पंचायत का अधिकतर क्षेत्र इस फोरलेन की जद में आ रहा है। इस कारण स्थानीय लोगों को समस्याएं पेश आ रही है। भाली के समाजिक कार्यकर्ता चरण सिंह के नेतृत्व में लोग बुधवार को उपमंडल अधिकारी जवाली विकास जम्वाल से मिले।

शिकायत पत्र के माध्यम से लोगों को आ रही समस्याओं के बारे में बताया गया। लोगों ने दरिया पार सड़क को भनियाड़ सड़क के साथ जोड़ने का आग्रह किया, जिसके लिए उन्होंने फोरलेन सड़क के ऊपर से लोहे या सिमटेड पुल की मांग की है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने हनुमान मंदिर उखाड़ के साइड में बना तो दिया पर मंदिर में आने जाने श्रद्धालुओं के लिय रास्ते का निर्माण नहीं किया है। फोरलेन निर्माण करती बार प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनी भाली भनियाडी सड़क उखाड़ दी, लेकिन बिना किसी कनेक्टिविटी के छोड़ दिया है। उपमंडल अधिकारी जवाली विकास जम्वाल ने बताया कि भाली के लोगों ने शिकायत पत्र सौंपा है। जल्द कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बीज बुआई और उर्वरकों के प्रयोग से पहले मिट्टी का करवाएं परीक्षण: रेणु

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान**

**फतेहपुर।** कांगड़ा जिले के क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र जाच्छ (नूरपुर) की सहायक प्रोफेसर (मृदा वैज्ञानिक) रेणु कपूर ने कहा कि किसानों को बीज बुआई और उर्वरकों के प्रयोग से पहले मृदा (मिट्टी) परीक्षण करवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों को बीज बुआई और उर्वरकों के प्रयोग से पहले मृदा परीक्षण को एक आवश्यक प्रारंभिक कदम के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

उन्होंने क्षेत्र के किसानों से आह्वान किया कि किसान अनुसंधान केंद्र जाच्छ में बीज बुआई और उर्वरकों के प्रयोग से पहले मृदा परीक्षण करवाएं। मिट्टी में पोषक तत्वों की स्थिति की जानकारी से उर्वरकों का प्रभावी और संतुलित उपयोग संभव होता है, जिससे लागत में कमी आती है और मिट्टी की दीर्घकालिक सेहत को नुकसान होने से बचाया जा सकता है। इसके साथ ही फसलों में फफूंदी जनित रोगों जैसे पाउडरी मिल्ड्यू, डैंपिंग-ऑफ और पत्तों के धब्बे आदि के लक्षणों की नियमित निगरानी जरूरी है।

### बेहतर उत्पादन के लिए अंतर फसल और ट्रैप फसल की सलाह

**रेणू** कपूर ने बेहतर उत्पादन के लिए अंतर फसल और ट्रैप फसल की सलाह दी है। उन्होंने किसान को इको फ्रेंडली तकनीकों और बारिश के मौसम मे सब्जी खेती के लिए मार्गदर्शन करते हुए कहा कि किसानों को अच्छी आए के समय पर अकेती फसलें लगानी चाहिए। इसके लिए फूलगोभी, बंदगोभी, ब्रोकली आदि की नर्सरी पौधे अगस्त माह से फार्मा मे होंगे उपलब्ध हो जाएंगे। वर्तमान वर्षा ऋतु के दौरान लौकी, तोरी, तुरई, करेला, भिंडी, बैंगन आदि की खेती करते समय आवश्यक सावधानियां अवश्य अपनाएं। जैसे खेत में उचित जल निकासी की व्यवस्था करना और उठी हुई क्यारियां या मेड़ें बनाना, ताकि पौधों की जड़ों के पास पानी न ठहरे।

प्रारंभिक लक्षण दिखाई देने पर नीम तेल या ट्राइकोडर्मा जैसे जैविक फफूंदनाशकों का तुरंत उपयोग करना चाहिए।

# चंगर क्षेत्र में खैर माफिया सक्रिय, 43 मोछे किए जब्त



पुलिस थाना शाहपुर में अज्ञात वन काटुओं के खिलाफ शिकायत दर्ज।

**अनंत ज्ञान टीम, शाहपुर/ कोटला**

**वन** उपमंडल लपियाना में खैर माफिया सक्रिय हो गया। वन काटू रात के अंधेरे में वनों से खैर के पेड़ों को काटकर मोटा मुनाफा कमाने में जुटे हुए हैं। पिछले दिनों खैर माफिया द्वारा काटे गए खैर के पेड़ों के 43 मोछे पकड़े हैं, जिन्हें जब्त कर रेंज ऑफिस में रखा गया है। वन विभाग ने अज्ञात वन काटुओं के खिलाफ पुलिस थाना शाहपुर में एफआईआर दर्ज करवाई है। बुद्धिजीवी वर्ग ने कहा कि वन विभाग को सख्ती से पेश आना चाहिए। आखिरकर मार्च महीने से कटान बंद है, उससे बाद भी खैरो का अवैध कटान वन वीट किया जाना विभाग को संदेह के घेरे में खड़ा कर सकता है। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र का निरीक्षण कर वन माफिया पर नकेल कसी जाए। डीएफओ धर्मशाला दिनेश शर्मा ने बताया कि खैर के 43 मोछे जब्त किए गए हैं। रेंज ऑफिस से विस्तृत रिपोर्ट मंगवाई गई है। विभाग की ओर से छानबीन की जा रही है। जल्द इलाके का निरीक्षण किया जाएगा।

# अनंत एजुकेशन / करियर

## Job Opportunity अनंत ज्ञान

### इंटेलिजेंस ब्यूरो में निकली बंपर भर्ती

कुल पद
3717
आयु : 18 से 27 साल
डिटेल्स : अनरिजर्व 1537, ओबीसी 946, ईडब्ल्यूएस 442, एससी 566, एसटी 226 पद
वेबसाइट



mha.gov.in
आवेदन की अंतिम तिथि
10 अगस्त

### स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में पाएं नौकरी

कुल पद
33
आयु : 18 से 30 साल
वेबसाइट
sbi.co.in
क्वालिफिकेशन
ग्रेजुएट्स से इंजीनियर



आवेदन की अंतिम तिथि
31 जुलाई

### BHEL में नौकरी करने का मौका

कुल पद
515
आयु: आयु : 18 से 27 साल
क्वालिफिकेशन
लेवल 1 : मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास, आईटीआई की डिग्री।
लेवल 2: 12वीं पास या 10वीं के साथ आईटीआ की डिग्री
अंतिम तिथि



8 अगस्त
वेबसाइट
careers.bhel.in

### सीसीआरएएस में भरे जाएंगे पद

कुल पद
394
आयु : 18 से 40 साल
एजुकेशन: 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएशन, पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री।
वेबसाइट



www.ccras.nic.in
आवेदन की अंतिम तिथि
31 अगस्त

रोजगार संबंधी और जानकारी के लिए पढ़ते रहिए
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

# करियर में संभावनाएं अनंत... चुनिए उचित विकल्प

*वर्तमान युग में जहां विज्ञान और तकनीक तथा कृत्रिम बुद्धिमता ने जीवन के हर क्षेत्र और पहलु को छुआ है, करियर निर्माण की संभावनाएं भी अनंत रुपों में उभरकर सामने आई हैं। आज का युवा विभिन्न विकल्पों की भीड़ में खड़ा है, जहां हर दिशा में करियर के नए रास्ते खुले हैं। विज्ञान, वाणिज्य, कला, प्रौद्योगिकी, उद्यमिता, सरकारी सेवाएं, लेखन, डिजाइनिंग, सामाजिक कार्य हर क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, परंतु प्रश्न यह है कि कौन-सा मार्ग आपके लिए सही है?*

**करियर** का चयन जीवन के सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक है। यह केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं, बल्कि आपके जीवन की दिशा और पहचान तय करता है। अतः जरूरी है कि यह निर्णय सोच-समझ कर, आत्मविश्लेषण कर और सही मार्गदर्शन के साथ लिया जाए। करियर का चुनाव ऐसा हो कि आप अपनी क्षमताओं का भरपूर उपयोग करते हुए खुशहाल जीवन जीने और सामाजिक रूप से सकारात्मक और उपयोगी बन सकें। व्यक्ति अपनी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी निभाने में भी सक्षम हो। करियर निर्धारण में जीवन मूल्यों और जीवन में खुशहाली का विशेष स्थान होना चाहिए। जीवन में आवश्यकता से अधिक बोझ और तनाव उत्पन्न करने वाले चयन से बचें।

सबसे पहले, अपनी रुचियों को पहचानें। आप किस काम को करते समय थकते नहीं हैं? किस क्षेत्र में आपकी समझ दूसरों से बेहतर है? आत्ममंथन करें और अपनी शक्तियों, कमजोरियों और सपनों को समझें। कभी भी दूसरों के साथ अपनी तुलना न करें, क्योंकि प्रत्येक मानव की अपनी क्षमताएं होती हैं। दूसरा, संभावनाओं की जानकारी लें। आज के समय में इंटरनेट पर ढेरों जानकारी उपलब्ध है। विभिन्न क्षेत्रों में करियर की दिशा, उसमें आगे बढ़ने के अवसर, पढ़ाई की आवश्यकताएं, संस्थान और संभावित कमाई इन सब पर ध्यान दें।



विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी
शिक्षा खंड गैहरा,
जिला चंबा।

तीसरा, योग्य मार्गदर्शन लें। अपने शिक्षकों, करियर काउंसलर या उन लोगों से बात करें, जो उस क्षेत्र में पहले से कार्यरत हैं। उनका अनुभव आपका उचित मार्गदर्शन कर सकता है और दिशा दिखा सकता है। सबसे महत्वपूर्ण बात करियर केवल नाम या पैसे के पीछे मत भागिए। वह रास्ता चुनिए जो आपके व्यक्तित्व और मूल्य प्रणाली के अनुकूल हो। जब आप अपने काम से प्रेम करेंगे, तभी उसमें श्रेष्ठता ला सकेंगे। अंत में यह समझना आवश्यक है कि करियर कोई एक निर्णय नहीं, बल्कि एक यात्रा है। लचीलापन और निरंतर प्रयास ही इस यात्रा को सफल बनाते हैं, इसलिए आत्मविश्वास रखें, सही मार्गदर्शन प्राप्त करें। साहस के साथ अपने सपनों की ओर कदम बढ़ाएं। सफलता आपके कदमों में होगी।

# कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में होगी 51 पदों पर भर्ती

**हिमाचल** प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में लंबे समय से खाली चल रहे शिक्षक और गैर-शिक्षक पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विवि प्रबंधन ने तीन अलग-अलग विज्ञापन जारी करते हुए भर्ती की अधिसूचना जारी कर दी है। इसमें 37 सहायक प्राध्यापकों और 14 गैर-शिक्षकीय पदों को भरने की घोषणा की गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 8 अगस्त रखी गई है, जबकि जनजातीय क्षेत्रों के अभ्यर्थी 23 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। इन पदों के खाली होने से छात्र और कर्मचारी वर्ग नाराज था। विवि की एबीवीपी इकाई ने यह मुद्दा हाल ही में राज्यपाल के समक्ष भी उठाया था। सूत्रों के अनुसार पद लंबे समय से खाली थे, लेकिन विवि की वित्तीय स्थिति कमजोर होने के कारण इन्हें नहीं भरा जा सका था। कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने कहा कि विभिन्न विभागों में सहायक प्राध्यापक और गैर शिक्षक के पदों को भरने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। योग्य उम्मीदवार निर्धारित तिथि तक आवेदन करें।

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

### सात सितंबर को वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा

**हिमाचल** प्रदेश लोक सेवा आयोग ने राज्य वन सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 की तिथि की आधिकारिक घोषणा कर दी है। प्रारंभिक परीक्षा 7 सितंबर (रविवार) को एक ही सत्र में सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक होगी। परीक्षा शिमला, मंडी और कांगड़ा के धर्मशाला स्थित निर्धारित केंद्रों पर करवाई जाएगी।

# हिमाचल प्रदेश का उन्नत शिक्षा मॉडल

## ज्ञान की नई इबारत और गुणवत्ता की नई उड़ान

*हिमाचल की अनुपम वादियों में जहां देवदार के ऊंचे वृक्ष आसमान छूने का स्वप्न देखते हैं और ब्यास की कलकल धाराएं जीवन का संगीत सुनाती हैं, वहां आज एक और अनूठी कहानी गढ़ी जा रही है। वह है ज्ञान की कहानी, शिक्षा की क्रांति की कहानी। यह वही देवभूमि है जहां अनादिकाल से ऋषियों-मुनियों ने ज्ञान की अलख जगाई और अब आधुनिक युग में यह प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में एक नई इबारत लिख रहा है। हिमाचल का यह शिक्षा मॉडल, जो अपनी दूरदर्शिता, समावेशी प्रकृति और भविष्योन्मुखी सोच के लिए जाना जाता है, आज पूरे देश के लिए एक प्रेरणा बन चुका है। यह केवल किताबों और कक्षाओं की चारदीवारी तक सीमित एक व्यवस्था नहीं, बल्कि एक ऐसा स्वप्न है, जो हर बच्चे की आंखों में उज्ज्वल भविष्य की चमक भर रहा है, एक ऐसी क्रांति जो समाज के हर कोने में ज्ञान का प्रकाश फैला रही है।*



डॉ. मीनाक्षी शर्मा,
प्रोफेसर बहारा
यूनिवर्सिटी
वाकनाघाट, शिमला।



### ● पहाड़ों से निकलती ज्ञान की धारा: प्रगति की राह पर

**कभी** दुर्गम और भौगोलिक चुनौतियों से जूझता यह पहाड़ी प्रदेश आज शिक्षा की अलख जगाने में सबसे आगे है। हिमाचल ने यह साबित कर दिया है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और सही नीतियों के साथ किसी भी बाधा को पार किया जा सकता है। यहां का मॉडल केवल साक्षरता दर बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि गुणात्मक शिक्षा, नवाचार और समग्र विकास पर केंद्रित है। शिक्षा को सिर्फ डिग्री हासिल करने का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का आधार माना गया है।

### ● तकनीक और परंपरा का संगम, आधुनिकता का स्पर्श

**राज्य** के शिक्षा मॉडल की एक बड़ी खासियत यह है कि यह आधुनिक तकनीक और पारंपरिक मूल्यों का सुंदर संगम है। जहां एक ओर डिजिटल लर्निंग, स्मार्ट क्लासरूम और ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर नैतिक शिक्षा, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों को भी उतना ही महत्व दिया जा रहा है। यह सुनिश्चित करता है कि बच्चे केवल अकादमिक रूप से ही मजबूत न हों, बल्कि एक जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक भी बनें।

### ● शिक्षक क्रांति के अग्रदूत और समर्पण की मिसाल

**इस** क्रांति के पीछे सबसे बड़ा हाथ यहां के समर्पित शिक्षकों का है। हिमाचल में शिक्षकों को केवल पाठ्यक्रम पढ़ाने वाला नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य का निर्माता माना जाता है। सरकार ने शिक्षकों के प्रशिक्षण, सशक्तिकरण और उन्हें आधुनिक शिक्षण विधियों से लैस करने पर विशेष ध्यान दिया है। उनकी प्रतिबद्धता और अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि दूरदराज के क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंच पा रही है। शिक्षक और छात्र के बीच का गहरा रिश्ता यहां के शिक्षा मॉडल की एक अनूठी पहचान है।

### ● हर बच्चे का अधिकार हर घर का सपना

**प्रदेश** का शिक्षा मॉडल इस मूल सिद्धांत पर आधारित है कि शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है, चाहे उसकी आर्थिक या सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो। सरकार ने शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं, जैसे मुफ्त शिक्षा, छात्रवृत्ति और छात्रावास सुविधाएं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। यह मॉडल एक ऐसा समाज बनाने का सपना देखता है, जहां हर घर में ज्ञान की लौ प्रज्वलित हो और हर बच्चा अपने सपनों को साकार कर सके।

### ● गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की प्रगति

**प्रदेश** का शिक्षा मॉडल सिर्फ एक क्षेत्रीय सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि यह पूरे देश के लिए एक प्रेरणा है। यह हमें सिखाता है कि सही दृष्टिकोण, सामूहिक प्रयास और नवाचार के साथ, शिक्षा के क्षेत्र में एक वास्तविक क्रांति लाई जा सकती है। यह एक ऐसा उदाहरण पेश करता है, जहां ज्ञान ही शक्ति है और यह शक्ति पूरे समाज को सशक्त करने की क्षमता रखती है। यह मॉडल हमें उस उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जा रहा है, जहां शिक्षा केवल एक विषय नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। शिक्षा की गुणवत्ता और इसमें प्रगति पर लगातार जोर दिया जा रहा है, ताकि आने वाली पीढ़ियां वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह से तैयार हों।

*विशेष रिपोर्ट: सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।*

## ज्ञान की बात

- राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन - ऑयल पाम के तहत 2025-26 तक कच्चे पाम तेल का उत्पादन लक्ष्य क्या है?
  **-11.20 लाख टन**
- किस अंतरिक्ष संगठन ने यूरोपा क्लिपर मिशन लॉन्च किया है?
  **-नासा**
- किस राज्य सरकार ने भारत का पहला एकीकृत राज्य-स्तरीय साइबर कमांड और कंट्रोल सेंटर लॉन्च किया है?
  **-महाराष्ट्र**
- भारत का प्रथम महिला विश्वविद्यालय कहां स्थापित हुआ था?
  **-मुंबई**
- माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला कौन थी?
  **-बछेंद्री पाल**
- सूर्य के चारों ओर घूमने वाले ग्रहों की कुल संख्या कितनी है?
  **-आठ**

## न्यूज ब्रीफ

### सकरी पंचायत में नहीं हुआ कोरम पूरा

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** विधानसभा क्षेत्र देहरा की सकरी पंचायत में बीपीएल परिवारों का चयन करने के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया था, लेकिन कोरम पूरा न हो सका। पंचायत के केवल मात्र 35 से 40 स्थानीय पंचायत के लोगों ने रजिस्टर पर अपने हस्ताक्षर किए और उसमें से भी ज्यादातर लोग आ रहे थे और हस्ताक्षर करके वापस जाते नजर आ रहे थे और यह कार्य करीब दोपहर 2:00 बजे तक चलता रहा और कार्रवाई बंद करनी पड़ी। लोगों के ग्राम सभा में न पहुंचने पर ग्राम पंचायत के अन्य कई विकास संबंधी कार्य फिर से लटते नजर आए। पंचायत सचिव के मुताबिक ग्राम सभा का कोरम पूरा होने के लिए करीब 160 परिवारों की हस्ताक्षर होने जरूरी थे, लोग नहीं पहुंचे। पंचायत सचिव राकेश कुमार ने बताया कि आगामी ग्राम सभा 15 दिन के बाद दोबारा रखी जाएगी।

### पलक और प्रियंका ने चमकाया कॉलेज का नाम



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर की दो छात्राओं ने कॉलेज का नाम रोशन किया है। पलक और प्रियंका ने प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला की ओर से शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एमएससी केमिस्ट्री प्रवेश परीक्षा पास की और अपना स्थान सुनिश्चित किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अरुण चंद ने इस उपलब्धि पर कहा कि यह हमारे शिक्षकों की परिश्रम और लगन का परिणाम है। हमारा महाविद्यालय सदैव शैक्षिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयास करता है, और यह उपलब्धि हमारे प्रयासों का साक्षी है। उन्होंने केमिस्ट्री विभाग के प्राध्यापक डॉ. इंद्र कुमार और डॉ. आस्था गुप्ता के साथ विज्ञान विभाग के सभी शिक्षकों को बधाई दी।

### ट्रेनें बंद होने पर केंद्रीय रेल मंत्री को भेजा पत्र

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** कांगड़ा घाटी में ट्रेनों के बंद होने से आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर सामाजिक कार्यकर्ता व एडवोकेट शिवेंद्र सैनी ने आम जनता की आवाज को बुलंद किया और केंद्रीय रेल मंत्री को मांगपत्र भेजकर लोगों को हो रही परेशानी के साथ अवगत करवाने का प्रयास किया है। शिवेंद्र ने कहा कि पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल ट्रैक पर कई जगह पड़ी हुई ट्रेनों की बहाली के लिए मांग उठाई है। पिछले महीने बरसात के कारण रानीताल-कोपरलाहड़ के पास ट्रैक में समस्या आई है, लेकिन नूरपुर से गुलेर तक ट्रैक साफ है और कोई भी समस्या नहीं है। लोगों ने मांग की है कि जिस जगह क्षतिग्रस्त ट्रैक का मरम्मत कार्य चला है, उसे छोड़कर नूरपुर से गुलेर तक ट्रेनों को चलाया जाए।

### बीड़ होटल एसोसिएशन ने किया कचरा एकत्र

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बीड़ होटल एसोसिएशन यानी भाषा की महत्वपूर्ण बैठक आपास होटल में हुई। बैठक से पूर्व भाषा की ओर से हर वर्ष की तरह सीजन क्लोज होने पर लैंडिंग साइट पर क्लीनअप किया गया, जिसमें लगभग दो क्विंटल के आसपास कचरा एकत्र किया गया। संस्था के अध्यक्ष सतीश अबरोल ने बताया कि पिछले चार वर्षों से अपने गठन के बाद से विभिन्न कार्यों के साथ-साथ अपने क्षेत्र को स्वच्छ रखने का बीड़ा भी होटल एसोसिएशन ने उठाया है, लेकिन वर्तमान में इस कार्य में काफी मुश्किलें आ रही हैं। पिछले लगभग 7 माह से हमारी गीले कचरे की मशीन खराब चल रही है, जिस पर हमें कहीं से भी कोई सहायता नहीं मिल पाई है और गीले कचरे के ढेर लगने से हमारा कार्य पूरी तरह ठप होने की कगार पर है। संस्था ने फैसला किया कि इस विषय पर सभी होटलों गेस्टहाउस, होम स्टे, रेस्टोरेंट इत्यादि के हमारे सदस्य 17 जुलाई वीरवार को 11 बजे उपमंडलाधिकारी ना॰ बैजनाथ से मिलकर उन्हें अपनी समस्या विस्तारपूर्वक बताएंगे। वहीं, क्षेत्र की सड़कों हालत और जंगलों में बढ़ते कचरे पर चिंता जताई।

### सेहरी में सुनाया रुक्मणी-कृष्ण विवाह का प्रसंग

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** अपर सेहरी में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन बुधवार को श्रद्धा, भक्ति और भावनाओं का ऐसा संगम देखने को मिला, जिसने श्रद्धालुओं को भीतर तक भावविभोर कर दिया। पाईसा से पधारे प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य भवानी शंकर के भावपूर्ण और जीवंत वर्णन ने श्रोताओं को श्रीकृष्ण की लीलाओं में सराबोर कर दिया। भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणी के विवाह प्रसंग को जैसे ही प्रस्तुत किया गया, पूरे आयोजन स्थल का वातावरण मंगलाचरण और विवाह गीतों से गूंज उठा। रुक्मणी-कृष्ण की वेशभूषा में सजे बच्चों की झांकी ने इस विवाह उत्सव को और भी जीवंत बना दिया, जिसने सभी को राधा-कृष्ण के युगल प्रेम की अनुभूति करा दी।

### विश्व सर्प दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला वन वृत्त परिसर में बुधवार को विश्व सर्प दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को सांपों की विविधता, उनकी उपयोगिता तथा पारिस्थितिक तंत्र में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान संदेश दिया गया कि सांप पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं और उनके प्रति फैली भ्रांतियों और डर को दूर करना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक समीर रस्तोगी ने शिमला से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ते हुए फील्ड अधिकारियों को डिजिटल प्रमाण पत्र प्रदान किए, जिन्होंने सर्प पकड़ने और बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह सम्मान उनकी सेवा भावना और समर्पण की सराहना स्वरूप दिया गया।

### किसानों व बागवानों को बताईं ऋण योजनाएं

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने बुधवार को ठियोग में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष मनाए जाने के उपलक्ष्य में शिविर का आयोजन किया। बैंक के अध्यक्ष ने किसानों, बागवानों व कामगारों के लिए चलाई जा रही हितकारी ऋण योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी दी। चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बजट में कृषकों को तीन लाख के ऋण को 50 फीसदी ब्याज रियायत देकर लोगों को बहुत बड़ी रियायत दी है। बैंक ने वर्तमान में प्रदेश के किसानों के लिए भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण वितरण में तेजी लाने का निर्णय लिया है।

### राहत कोष में दिया एक लाख रुपए का चेक



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** शिव मंदिर लंगर सेवा समिति के सदस्यों द्वारा विधायक किशोरी लाल को मुख्यमंत्री राहत कोष में बाढ़ पीड़ितों के लिए एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता धन राशि का चेक प्रदान किया गया। इसमें मुख्य रूप से घनश्याम अवस्थी, मिलाप राणा, रमेश चड्ढा, मुनीष शर्मा, राजिंदर परमार, शैलेंद्र टंडन, अनूप राणा, नंद सिंह अरोड़ा व ऋषभ अवस्थी उपस्थित रहे।

### दो युवकों से किया चार ग्राम चिट्टा बरामद

**रीतिका कठियाल, सुलह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भवारना पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान दो युवकों को चिट्टे के साथ हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी भवारना गुरदेव सिंह ने बताया कि पुलिस टीम रोजाना की तरह गश्त पर थी। भवारना बाजार में लगाए नाके के दौरान दो युवकों से 4 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपी युवकों की पहचान विकास कुमार पुत्र दलीप कुमार निवासी गांव कमेहड़ डाकघर बड़ाम तहसील जयसिंहपुर व अखिल कुमार पुत्र राज कुमार निवासी गांव व डाकघर दगोह तहसील जयसिंहपुर रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### दो स्नेचर महिला का सोने का टॉप्स छीनकर फरार

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** बैंक कॉलोनी में किसी के भोग से अपने घर वापस लौट रही महिला का बाइक सवार दो लोगों के कान से सोने का टॉप्स छीनकर मौके से फरार हो गए। हालांकि, महिला ने टॉप्स खींचने वाले का पीछा करने के लिए आगे खड़े बाइक चालक को आवाज भी लगाई, लेकिन स्नेचर उसी बाइक के पीछे बैठकर फरार हो गया। पठानकोट के बैंक कॉलोनी की रहने वाली गीता कुमारी ने बताया कि वह पास में ही मंदिर में किसी के भोग में गई थी, जैसे ही वह वापस अपने घर को आ रही थी, तभी पीछे से आए एक स्नेचर ने उसका दुपट्टा उतारा और टॉप्स खींचकर फरार हो गया। महिला ने पुलिस से स्नेचरों को जल्द पकड़ने की मांग की है।

# पौधरोपण बनेगा कमाई का जरिया

## 60 से 80 सरवाइवल प्रतिशतता दिलाएगी प्रोत्साहन राशि

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** प्रदेश में पौधरोपण कमाई का जरिया बनने जा रहा है। पौधरोपण उपरांत पौधों की सरवाइवल प्रतिशतता 60 से 80 फीसदी रहने पर एक लाख से 80 हजार रुपए तक प्रोत्साहन राशि का भी प्रावधान है।

इसके लिए आधार राजीव गांधी वन संवर्द्धन योजना बनने जा रही है। योजना के तहत पौधरोपण में जिले के महिला व युवक मंडलों की सहभागिता सुनिश्चित होगी। योजना के तहत पौधरोपण उपरांत पौधों के जीवित रहने की प्रतिशतता के आधार प्रोत्साहन राशि पौधरोपण करने वालों को दिए जाने की बात कही गई है।

### 80 फीसदी सरवाइवल पर मिलेंगे एक लाख रुपए



योजना के तहत पौधरोपण की सरवाइवल प्रतिशतता का आकलन किया जाता है, जिसमें यदि सरवाइवल प्रतिशतता 80 फीसदी से अधिक पाई जाती है, तो एक लाख रुपए प्रोत्साहन राशि के तौर पर दिए जाने का प्रावधान है। 70 से 80 सरवाइवल प्रतिशतता पर 90 हजार रुपए, 60 से 70 सरवाइवल 80 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि पौधरोपण करने वाले महिला व युवक मंडल को देने का प्रावधान किया गया है।

**राजीव** वन संवर्द्धन योजना प्रदेश सरकार की बेहतरीन योजना है, जिसके तहत महिला व युवक मंडलों द्वारा किए गए पौधरोपण पर फोकस किया जाएगा। पौधरोपण का सरवाइवल रेट 60 से 80 फीसदी रहने तक 80 हजार से एक लाख रुपए तक की प्रोत्साहन राशि का भी प्रावधान है। अभी तक 105 हेक्टेयर में पौधरोपण का टारगेट अप्रूव होकर आया है।



**-बासु कौशल, सीसीएफ, वन सर्किल धर्मशाला।**

### धर्मशाला वन वृत्त को 105 हेक्टेयर में पौधरोपण का टारगेट

**यह** योजना युवक व महिला मंडलों द्वारा किए जाने वाले पौधरोपण वाले एरिया पर केंद्रित होने वाली है। धर्मशाला वन वृत्त के अंतर्गत इस वर्ष अभी 105 हेक्टेयर एरिया में पौधरोपण का टारगेट मिला है। नूरपुर वन मंडल में 25 महिला मंडलों को योजना के तहत लिया जा रहा है, जबकि पालमपुर वन मंडल के तहत 12 महिला मंडल व 3 युवक इस योजना में वन विभाग के सहभागी बन रहे हैं।

## पैराग्लाइडिंग हादसे में पायलट के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** गुजरात के युवक की अवैध तरीके से पैराग्लाइडिंग करते हुए हुई मौत मामले पर पायलट के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस थाना धर्मशाला में भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 106 के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसमें पालयट की लापरवाही के कारण मौत के तहत जांच की जा रही है। हालांकि मामले में अवैध रूप से अन नोटिफाइड साइट में पैराग्लाइडिंग करवाने वाले संचालकों को नहीं जोड़ा गया है, जबकि अवैध साइट को लेकर अब कई तरह के सवाल भी उठ रहे हैं। वहीं, मामले में मजिस्ट्रेट जांच की बिठाई गई है, लेकिन बुधवार को टीम एसडीएम कोर्ट होने के चलते मौके पर नहीं जा पाई है। अब टीम आगामी दिन में घटना स्थल पर पहुंचकर अनियमितताओं के सभी पहलुओं की जांच करेगी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि पुलिस थाना धर्मशाला के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## नई जोड़ी



टक्का (ऊना) के अनुराग और डगोह नादौन की अभिलाषा को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# कंपनी को शिकायतकर्ता को छह फीसदी ब्याज सहित लौटाने होंगे 8 लाख

## जिला उपभोक्ता आयोग की अदालत ने सुनाया फैसला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती सूद और नारायण ठाकुर की अदालत ने अहम फैसला सुनाया है। इसके तहत सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर स्थापित करने के लिए एडवांस लेने के बाद इसे स्थापित न करने पर कंपनी को 8 लाख रुपए एडवांस 6 फीसदी ब्याज सहित लौटाने होंगे। साथ ही 20 हजार रुपए मुआवजा और 10 हजार रुपए मुकद्दमा फीस भी देनी होगी। आयोग के समक्ष नॉर्थ इंडिया डिस्टिलर्स एंड बॉटलर्स कंपनी की ओर से साहिब सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

शिकायतकर्ता ने कहा था कि उनकी कंपनी हिमाचल एक पंजीकृत साझेदारी फर्म है, जो आबकारी नियमों के अनुसार शराब का निर्माण, विपणन और वितरण करती है। चार साझेदारों की ओर से आजीविका कमाने के लिए साझेदारी फर्म के रूप में संचालित होती है। प्रदेश सरकार ने सभी डिस्टिलर्स और बॉटलर्स के अपने उपयोग के लिए विनिर्माण में लगी सभी इकाइयों में ट्रैक एंड ट्रेस सिस्टम का उपयोग अनिवार्य कर दिया है, इसलिए उन्होंने स्वयं के उपयोग के लिए इस प्रणाली को स्थापित करने के लिए सुंदरम टेक्नोलॉजीज महाराष्ट्र कंपनी से संपर्क किया और 45,08,662 रुपए में इसे स्थापित करने के लिए सहमत हुए। कंपनी ने एडवांस राशि के रूप में 8 लाख रुपए आरटीजीएस के माध्यम से 27 जून 2022 के माध्यम से जमा करवाई। एडवांस राशि जमा करवाने के बाद महाराष्ट्र की कंपनी को 30 दिन के भीतर यह सिस्टम स्थापित करना था, लेकिन वह विफल रहे। शिकायतकर्ता ने नवंबर, 2022 में विपक्षी पक्ष से एडवांस राशि वापस करने का आग्रह किया, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। उपभोक्ता आयोग के समक्ष पहुंची शिकायत पर सभी तथ्यों को जांचने के बाद शिकायतकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाया गया।

**एडवांस लेकर कंपनी ने नहीं स्थापित किया सॉफ्टवेयर व हार्डवेयर**

# सभी अल्ट्रासाउंड मशीनों, क्लीनिकल पंजीकरण से जुड़े निरीक्षण करें : डॉ. गुलेरी

## जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में सीएमओ ने जारी किए निर्देश

**बोले-कायाकल्प मानकों की कसौटी पर खरे उतरे 131 संस्थान**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांगड़ा** जिला स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक जोनल अस्पताल के मीटिंग हॉल में सीएमओ डॉ. राजेश गुलेरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एमएस जोनल अस्पताल डॉ. अनुराधा शर्मा, जिला स्वास्थ्य एवं क्षयरोग अधिकारी डॉ. राजेश सूद, जिला कांगड़ा एसएमओ, जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा सभी बीएमओ तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

डॉ. राजेश गुलेरी ने जिले की सभी अल्ट्रासाउंड मशीनों के निरीक्षण तथा क्लीनिकल पंजीकरण से जुड़े निरीक्षण के दिशा निर्देश दिए। डॉ. राजेश गुलेरी ने कहा कि कायाकल्प में कांगड़ा जिले के लिए यह वर्ष अत्यंत उपलब्धिपूर्ण रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के कुल 131 स्वास्थ्य संस्थानों ने विभिन्न श्रेणियों में कायाकल्प मानकों की कसौटी पर खरा उतरते हुए क्वालिफाई किया। कायाकल्प मानकों में जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य संस्थानों की कैटेगरी-1 में बड़े स्वास्थ्य संस्थानों (सीएच/जोनल अस्पताल) में सिविल अस्पताल पालमपुर को प्रथम स्थान तथा पुरस्कार राशि 35 लाख, जोनल अस्पताल धर्मशाला को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए द्वितीय स्थान व सिविल अस्पताल कांगड़ा को प्रथम बार सहभागिता व सांत्वना पुरस्कार मिला है। कैटेगरी-2 में सीएचसी बीड़ को सांत्वना पुरस्कार तथा पुरस्कार राशि 1 लाख मिली है। कैटेगरी-3 में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर चुने गए हैं। इनमें पीएचसी धड़ूं को प्रथम स्थान व पुरस्कार राशि 2 लाख तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोट पलाहडी नूरपुर हेल्थ ब्लॉक को प्रथम स्थान, आयुष्मान आरोग्य मंदिर ढंदोल हेल्थ ब्लॉक महाकाल को द्वितीय तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर को वदूही नूरपुर हेल्थ ब्लॉक को तृतीय स्थान मिला है। इसके लिए डॉ. गुलेरी ने सभी के प्रयासों की सराहना की।




सीएमओ की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक।

## सिद्धपुरघाड़ में चोरों ने उड़ाई 80 हजार की नकदी

**शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** पुलिस थाना जवाली के अधीन सिद्धपुरघाड़ पंचायत के वार्ड दो में मंगलवार रात चोरों ने सेंधमार कर लगभग 80 हजार की नकदी पर साफ किया है। कमल कुमार ने बताया कि स्वर्ण सिंह सेना से बतौर कैप्टन रिटायर है। वह अपनी पत्नी सत्या देवी का इलाज करवाने के लिए लगभग डेढ माह से दिल्ली में है। इसके चलते कमल ने बताया कि मकान की देखभाल के लिए हमें कहा गया है। कैंटीन का कार्ड बनवाने के लिए कुछ कागज चाहिए थे। बुधवार सुबह जब मेरा बेटा आखिल चंबियाल घर गया तो घर का मुख्य दरवाजा खुला हुआ था। अखिल ने मुझे बताया और जब हम मकान के अंदर गए तो अलमारी खुली पड़ी थी व सामान बिखरा पड़ा था। कैप्टन स्वर्ण सिंह को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घर की अलमारी में 80 हजार रुपए नकदी है। चोर 80 हजार रुपए की नकद राशि को ले गए हैं। डीएसपी जवाली वीरी सिंह राठौर ने बताया कि पुलिस ने लोगों के बयान दर्ज किए हैं तथा आगे की कार्रवाई जारी है।

# आपदा पीड़ितों को भेंट की नकदी और कपड़े



गोहर में आपदा पीड़ितों को 1,65,000 की नकद सहायता राशि प्रदान की।

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** महाकाली मंदिर समिति बैजनाथ-पपरोला, पंजीकृत संस्था कोशिश और पूर्व जिला पार्षद सुखराम के सहयोग से मंडी जिले के गोहर में बाढ़ प्रभावित को 1,65,000 की नकद सहायता राशि प्रदान की गई।

सन्नी टेंट हाउस की तरफ से बाढ़ प्रभावितों को कपड़े वितरित किए गए। महाकाली मंदिर समिति ने 95000, कोशिश पंजीकृत संस्था ने 50000, पूर्व जिला पार्षद सुखराम की तरफ से 20000 रुपए का सहयोग इस पुण्य कार्य के लिए दिया गया। गोहर के उपमंडल अधिकारी नागरिक विचित्र ठाकुर से संपर्क किया था और उन्होंने कहा था कि बाढ़ प्रभावितों को अगर नकद में सहायता दी जाए तो उन्हें अपना जीवन स्थापित करने में सहयोग होगा। इसमें आधार पर प्रशासन द्वारा 15 अति गरीब प्रभावित परिवारों को बुलाया था और उन्हें यह राहत प्रथम किस्त में जारी की गई। महाकाली मंदिर समिति के द्वारा बाढ़ प्रभावितों को एक किस्त और जारी की जाएगी।

# कांगड़ा में युवती के साथ शर्मनाक घटना के विरोध में एबीवीपी उग्र

## धर्मशाला डीसी कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला कांगड़ा ने ओडिशा के फकीर मोहन कॉलेज की छात्रा द्वारा विभागाध्यक्ष के यौन उत्पीड़न से क्षुब्ध होकर आत्मदाह करने और कांगड़ा बस स्टैंड पर युवती के साथ हुई शर्मनाक घटना के विरोध में बुधवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि छात्रा की आत्महत्या नहीं, बल्कि यह एक सुनियोजित हत्या है, जिसके लिए कॉलेज प्रशासन और आरोपी शिक्षक जिम्मेदार हैं।

**कहा- ओडिशा में छात्रा की आत्महत्या नहीं, हत्या है**

परिषद का कहना है कि यह घटना शिक्षा संस्थानों में पनप रही राक्षसी मानसिकता की गंभीर चेतावनी है। राष्ट्रीय मंत्री राहुल राणा ने कहा कि भारत की संस्कृति नारी को देवी का स्थान देती है, लेकिन आज बेटियां शिक्षा के मंदिरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। यदि उन्हें आत्मदाह जैसे कदम उठाने पड़ें, तो यह व्यवस्था पर सीधा तमाचा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर दोषियों पर जल्द और सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो विद्यार्थी परिषद राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

प्रदेश के कांगड़ा बस स्टैंड में 11 जुलाई को युवती के साथ हुई अभद्रता का उल्लेख करते हुए राणा ने कहा कि यह प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था का प्रमाण है और यह दर्शाता कि महिलाएं सार्वजनिक स्थलों पर भी सुरक्षित नहीं हैं। प्रदेश सह मंत्री अभिनव चौधरी ने प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि हिमाचल में लगातार बढ़ रही महिला उत्पीड़न की घटनाएं सरकार की विफलता को दर्शाती हैं।

सरकार को महिला सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी, अन्यथा विद्यार्थी परिषद संघर्ष तेज करेगी। एबीवीपी ने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की कि दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जाए और महिला सुरक्षा के लिए जमीनी स्तर पर प्रभावी नीति बनाई जाए। परिषद ने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और अधिक उग्र और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## विद्युत पेंशनरों को घर-घर जाकर प्रदान की फोरम की सदस्यता

**भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान**

**नूरपुर।** विद्युत बोर्ड पेंशनर फोरम नूरपुर की टीम डोर-टू-डोर अभियान के तहत गांव टटल, जोंटा, नूरपुर क्षेत्र के विद्युत पेंशनरों को घर-घर जाकर फोरम की सदस्यता प्रदान की। फोरम के राज्य उपाध्यक्ष पवन मोहल ने कहा कि कर्मचारियों, पेंशनरों, इंजीनियरों, आउटसोर्स कर्मचारियों के ज्वॉइंट फ्रंट ने कर्मचारियों, पेंशनरों की मांग को लेकर 11 फरवरी 2025 से जिले बार महापंचायत करने की शुरुआत जिला हमीरपुर से की थी।

इसके बाद ऊना, चंबा बिलासपुर, रामपुर, सिरमौर और 9 जुलाई को जिला कांगड़ा के धर्मशाला में महापंचायत का विशाल आयोजन किया। इसमें जिला कांगड़ा से विद्युत परिवार से करीब 5000 सदस्यों ने भाग लिया। पेंशनर फोरम नूरपुर के सचिव अरुण सहोत्रा, जवाली पेंशनर फोरम से इंजीनियर कृष्ण धीमान, इंजीनियर संजय धीमान, जोगिंदर सिंह, प्रताप सिंह ने कहा कि वर्ष 2016 से 2022 तक की अवधि के दौरान रिटायर कर्मचारियों को संशोधित वेतनमानों की बकाया राशि, जिसमें रिवाइज ग्रेच्युटी की 20 फीसदी बकाया राशि, रिवाइज लीव-इन-कैशमेंट, संशोधित वेतनमानों की बकाया राशि की पहली किस्त 50000 आदि का भुगतान नहीं किया गया। न ही मार्च 2024 के बाद लीव इन कैशमेंट और ग्रेच्युटी की राशि का भुगतान किया गया। इस कारण पेंशनरों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि 1 लाख 35000 हजार कर्मचारियों को पुरानी पेंशन लागू कर दी गई, लेकिन बिजली बोर्ड को इससे वंचित रखा गया है।

## चोरी का आरोपी 24 घंटे के भीतर दबोचा



**अनंत ज्ञान, देहरा।** जिला पुलिस देहरा ने चोरी के आरोपी को 24 घंटे के भीतर दबोचने मे सफलता पाई है। बुधवार को पुलिस थाना डाडासीबा में चोरी की एक शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसके गोदाम में रखी हुई लगभग 6 लोहे की शटरिंग प्लेट चोरी हो गई है। इस पर थाना प्रभारी डाडासीबा द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष पुलिस दल का गठन किया गया। टीम ने तत्परता और सूझबूझ से कार्य करते हुए निरंतर प्रयास किए, जिसके फलस्वरूप मात्र 24 घंटों के भीतर चोरी के आरोपी अश्वनी कुमार पुत्र दिलबाग सिंह, निवासी गांव गुराला, तहसील डाडासीबा को कलेड (डाडासीबा) क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया व चोरी हुई शटरिंग प्लेटों को बरामद कर लिया है। एसपी देहरा मयंक चौधरी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज करके आगामी कानूनी कार्रवाई नियमानुसार अमल में लाई जा रही है।

# कांगड़ा जिले में 27 दिन में 130 करोड़ रुपए का नुकसान

## जल शक्ति विभाग को हुआ 89 करोड़ का नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांगड़ा** जिले में बरसात के दौरान 27 दिन में करीब 130 करोड़ रुपए के नुकसान का आकलन किया गया है। जल शक्ति विभाग को सबसे अधिक 89 करोड़ का नुकसान हुआ है व विभाग की 847 योजनाएं प्रभावित हुई हैं। जिले में 11 कच्चे मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गए, जबकि 57 कच्चे मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। पिछले 27 दिनों में जिले में बरसात के चलते 19 मौतें हुई हैं। इसके अतिरिक्त 15 मवेशी भी मौत की आगोश में समा गए। 11 पक्के मकानों को आंशिक नुकसान पहुंचा है।

**847 योजनाएं प्रभावित, ग्यारह कच्चे मकान पूरी तरह ध्वस्त, 57 को आंशिक नुकसान**

जिला कांगड़ा में 20 जून से 16 जुलाई तक करीब 130 करोड़ रुपए का नुकसान आंका गया है। जल शक्ति विभाग को सबसे अधिक 89 करोड़ का नुकसान होने के साथ 847 योजनाएं प्रभावित हुई हैं। नगर निगम धर्मशाला में 36 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है।



**-शिल्पी बेक्टा, एडीएम, जिला कांगड़ा।**

### नगर निगम एरिया में 36 करोड़ रुपए का नुकसान

**जिला** प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, इस अवधि के दौरान नगर निगम धर्मशाला में 36 करोड़ रुपए के नुकसान का आकलन किया गया है। लोक निर्माण विभाग को 38 करोड़, विद्युत बोर्ड को एक करोड़, कृषि विभाग को 13.57 लाख, बागवानी विभाग की 32 स्कीमें प्रभावित होने के साथ 2.57 लाख के नुकसान का आकलन किया गया है।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल की अंडर-17 कबड्डी टीम ने जीता कांस्य



स्कूल के निदेशक सनी महाजन ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट की अंडर-17 ब्वॉयज कबड्डी टीम ने स्टीफन्स इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल मीरान साहिब, जम्मू में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर XVIII खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान (कांस्य पदक) प्राप्त किया।

अंकुल बिलोवरिया, कुशल साम्याल, आदिल करीम, मोहम्मद इरफान, साहस वत्स, अंशु ठाकुर, अशुतोष सिंह, कृष्ण कुमार, स्पर्श दत्ता, कृष्णा, आदित्य गोस्वामी ने कांस्य पदक हासिल किया। स्कूल के निदेशक सनी महाजन ने कहा कि यह उपलब्धि केवल एक पदक नहीं है, यह अनुशासन, कड़ी मेहनत और टीम भावना की शक्ति को दर्शाती है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। निदेशक ओशिन महाजन ने कहा कि ऐसी जीतें हर छात्र को पढ़ाई से परे भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती हैं। प्रधानाचार्या शुभ्रा रानी ने कहा कि हमारी कबड्डी टीम की यह सफलता निरंतर मेहनत और योजनाबद्ध प्रशिक्षण का परिणाम है।

## न्यूज ब्रीफ

### नेरवा-चंदलोग में आज की जाएगी केवाईसी

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** नेरवा-चंदलोग के पंचायत भवन में वीरवार को विद्युत उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी की जाएगी। कनिष्ठ अभियंता विद्युत इकाई नेरवा भारत भूषण ने कहा कि जिन भी उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी नहीं हुई है, वह आधार कार्ड अथवा पुराना कोई भी बिजली बिल साथ लाकर अपनी ई-केवाईसी करवा लें। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की केवाईसी नहीं होगी उन्हें सरकार की तरफ से मिलने वाली सब्सिडी का लाभ नहीं मिलेगा।

### प्रभावितों के लिए रेडक्रॉस को मिली राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस को बुधवार को आपदा प्रभावित जिला मंडी के लिए महत्वपूर्ण राहत सामग्री प्राप्त हुई है। रेडक्रॉस की संरक्षक सदस्या कुमारी रेनू कोरिन, एनआरआई तारा चड्ढा और अनु शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से यह सामग्री भेंट की गई है। भेंट की गई राहत सामग्री में दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं, जैसे नहाने और कपड़े धोने के साबुन, सेनेटरी पैड, टूथपेस्ट और टूथब्रश, रस, हेयर ऑयल, बिस्कुट, मोमबत्तियां और पानी की बोतलें। इसके अतिरिक्त, बड़ी मात्रा में आरामदायक सामग्री भी प्रदान की गई है, जिसमें 60 गद्दे, 120 चादरें, 120 तकिये के कवर और 120 तौलिए शामिल हैं। यह सभी सामग्री हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस के सहायक सचिव, डॉ. संजीव कुमार को सौंपी गई।

### बीएलओ व सुपरवाइजर को किया जा रहा प्रशिक्षित

**दक्षमी रावत, अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** रोहड़ू विधानसभा सभा निर्वाचन क्षेत्र में बीएलओ व सुपरवाइजर का राष्ट्रीय स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। जो 17 जुलाई तक चलेगा। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख प्रशिक्षक धर्मेश रमोत्रा, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी रोहड़ू ने मौजूद कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया। इस दौरान उन्होंने अपने अनुभव भी साझा किए। इसके अतिरिक्त जिला निर्वाचन कार्यालय से आए नायब तहसीलदार इलेक्शन लोकेंद्र दुग्लटे जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर के तौर पर शरीक हुए। भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार बूथ लेवल सुपरवाइजर व बूथ लेवल अधिकारियों को निर्धारित कार्यक्रम अनुसार प्रणित निर्वाचन कानूनों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

### बलग में मनाया विश्व युवा कौशल दिवस

**अनंत ज्ञान, जुब्बा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलग में बुधवार को विश्व युवा कौशल दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य रमेश चंद शर्मा ने की। उन्होंने बताया कि इस दिवस पर सरकार द्वारा एआई और डिजिटल कौशल विषय रखा गया है। जिसके माध्यम से युवाओं का सशक्तिकरण करना था। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को विश्व युवा कौशल दिवस पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कौशल विकास में स्वरोजगार के बहुत अवसर विद्यमान है और युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ अपनी रूचि के अनुरूप व्यवसायिक शिक्षा पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि पढ़ाई संपन्न होने बाद अपना छुटपुट कार्य कर सके। इस मौके पर विद्यार्थियों ने लघु नाटिका प्रस्तुत करके ज्ञानवर्धन के साथ साथ मनोरंजन करवाया गया।

### शिक्षा मंत्री कल से जुब्बल-कोटखाई दौरे पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला** शिक्षा मंत्री रोहित 18 से 20 जुलाई तक जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने हुए बताया कि मंत्री 18 को पराल्ली पंचायत के डकैड जुब्बल में स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल मैनेजमेंट एंड ट्रेनिंग (सीमेट्स) भवन की आधारशिला रखेंगे। इसी दिन वे जय पीड़ी माता के रामपुरी में आयोजित जिला स्तरीय मेले में शामिल होंगे और पार्टी कार्यकर्ताओं व लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनेंगे। 19 को, रोहित ठाकुर कुठारी पंचायत के टुटूपानी में सेब ग्रेडिंग और पैकिंग हाउस का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे नालबन में राजकीय उच्च विद्यालय भवन का भी उद्घाटन करेंगे। अंतिम दिन शिक्षा मंत्री दोपहर 1 बजे ग्राम पंचायत रावीं के डाढ़ी में सामुदायिक भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके उपरांत, दोपहर 3 बजे वे थाना में रॉयल नव युवक मंडल थाना द्वारा आयोजित वॉलीबाल टूर्नामेंट के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इन सभी कार्यक्रमों के बाद वे पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलेंगे और लोगों की समस्याएं भी सुनेंगे।

### कोट में 35 किसानों को किया प्रशिक्षित



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र सोलन की ओर से बिलासपुर जिले के घुमारवीं ब्लॉक में स्थित कोट गांव में 35 किसानों का प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पंजीकरण किया गया। अजय कुमार (वैज्ञानिक सहायक) द्वारा खरीफ सीजन के मक्की पर किसान खेत पाठशाला का शुभारंभ किया गया। उन्होंने किसान पाठशाला में ट्राइकोडर्मा जैविक फफूंदी नाशक से बीज का उपचार व मिट्टी का उपचार विधि के बारे में किसानों को बताया और किसानों को एकीकृत कीट प्रबंधन के फायदे व रासायनिक कीटनाशकों के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधान सोमा देवी समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों ने की नए कैंपस में साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के गणित विभाग के रामानुजन क्लब ऑफ मैथमेटिक्स के बच्चों ने महाविद्यालय के नए कैंपस की बिल्डिंग में इधर-उधर बिखरे हुए लकड़ी के सामान एवं अन्य चीजों को दुरुस्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल के दिशानिर्देश अनुसार इस सफाई अभियान को अंजाम दिया गया। गणित विभाग के प्रोफेसर डॉ. जयचंद, डॉ. राकेश कपूर, डॉ. रेणु कुमारी एवं डॉ. राधेश्याम बच्चों के साथ देखरेख करते हुए सारे सामान को महाविद्यालय की सबसे ऊपरी मंजिल के स्टोर में रखवाया।

### कृष्णा अकादमी बी टीम बनी कबड्डी विजेता

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** उपमंडल झंडूता के घुराण गांव में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में भगेड़ की कृष्णा अकादमी ने खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में कृष्णा अकादमी बी ने कृष्णा अकादमी ए की टीम को कड़े मुकाबले में पराजित कर विजेता ट्रॉफी जीती। विजेता टीम को 11,000 रुपए का नकद इनाम और उपविजेता टीम को 8,100 रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। आयोजक गोलू, निखिल और विक्की ने सभी टीमों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राज कुमार, हरीश रिशु, शैलेंद्र, राम कृष्ण, सोहन लाल, सुषमा कुमारी, दीपू समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### तुंगडी में कार में लगी आग, चालक सुरक्षित

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** पुलिस थाना झंडूता में मंगलवार रात करीब आठ बजे तुंगडी गांव के पास एक कार में आग लग गई है। मिलते ही पुलिस थाना झंडूता की टीम, अग्निशमन विभाग और स्थानीय लोग ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कार चालक रविकांत चंदेल निवासी बैरी मियां, तहसील झंडूता अपने भाई की कार लेकर अपने घर से लोहारली हमीरपुर जा रहे थे। तुंगडी गांव के पास अचानक उनकी कार में आग लग गई। उन्होंने तुरंत कार रोकी और बाहर निकलकर पुलिस को सूचना दी। कार पूरी तरह जलकर राख हो गई, केवल उसका ढांचा बचा। प्रारंभिक जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। आग लगने से 7.5 लाख रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। पुलिस थाना प्रभारी झंडूता जगदीश कुमार ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

### पूर्व मंत्री रामलाल ने सुनी जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** मलोखर पंचायत में समाज कल्याण ग्राम विकास सुधार सभा द्वारा आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, बिजली और स्वास्थ्य सेवाओं की समस्याएं उनके समक्ष रखीं। ठाकुर ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया और कहा कि वे स्वयं प्रशासन से बात करेंगे।

### श्रमिकों के हकों के लिए हाईकोर्ट जाएगी इंटक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** इंटक से संबंधित हिमाचल बिल्डिंग, कंस्ट्रक्शन एंड मनरेगा मजदूर यूनियन की राज्य कार्यकारिणी की बैठक प्रधान जगत राम शर्मा की अध्यक्षता में इंटक कार्यालय घुमारवीं में हुई। बैठक में विभिन्न निर्माण में कार्यरत कामगारों की मांगों के बारे में चर्चा की गई। बैठक में पारित प्रस्तावों की जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष रूप सिंह ठाकुर ने बताया कि इंटक मजदूरों की हकों की पैरवी करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर करेगी।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व सुकन्या समृद्धि बनेगी शिमला के स्वतंत्रता उत्सव का संदेश

## नारी शक्ति के सम्मान व बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य को समर्पित होगा जिला स्तरीय समारोह

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** राजधानी शिमला इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस को एक ऐतिहासिक और बेजोड़ स्वरूप देने जा रही है। यह केवल आजादी का जश्न नहीं, बल्कि नारी शक्ति के सशक्तिकरण और देश की बेटियों के सुनहरे भविष्य को समर्पित एक विराट आयोजन होगा। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे राष्ट्रीय अभियान के संदेश को आत्मसात करते हुए, जिला प्रशासन इस बार 'सुकन्या समृद्धि योजना' के महत्व को भी प्रमुखता से रेखांकित करेगा। उपायुक्त शिमला की अध्यक्षता में संपन्न हुई उच्च-स्तरीय बैठक में जिला स्तरीय समारोह की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है, जिसका लक्ष्य हर घर, हर गांव और हर नागरिक को इस पावन पर्व से जोड़ना है।

उपायुक्त ने बताया कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम जिला शिमला की सभी 412 ग्राम पंचायतों, शहरी व ग्रामीण स्थानीय निकायों और नगर निगम शिमला के हर वार्ड में आयोजित किया जाएगा।

इसका मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग व हर नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित करना है। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से स्वच्छता अभियान, व्यापक पौधरोपण और चिल्ड्रन ऑफ स्टेट पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिससे बच्चों को इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पर्व से जोड़ा जा सके और उनमें देश प्रेम की भावना विकसित हो। इस अवसर पर देश की आजादी में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्र की रक्षा में अदम्य साहस दिखाने वाले वीरता पुरस्कार से सम्मानित सेना के जवानों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। डीसी ने जिले के सभी कार्यालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस समारोह में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



### भव्य परेड व सांस्कृतिक विविधताओं का संगम

**स्वतंत्रता** दिवस समारोह में हिमाचल पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी लड़के और लड़कियां, स्काउट एंड गाइड के साथ-साथ पुलिस और होमगार्ड बैंड भी इस भव्य परेड का हिस्सा बनेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में इस बार महाविद्यालय के छात्र प्रदेश के साथ-साथ अन्य राज्यों की समृद्ध संस्कृति को भी प्रदर्शित करेंगे, जिससे स्वतंत्रता दिवस की मूल भावना से सभी जुड़ सकें।

### शिक्षण संस्थानों की सक्रिय भागीदारी होगी सुनिश्चित

**उपायुक्त** ने सभी शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिए हैं कि वे स्वतंत्रता दिवस समारोह से पूर्व देशभक्ति पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित करें। इन प्रतियोगिताओं की सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग को गेयटी थिएटर के बाहर प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, स्कूल और कॉलेज स्तर के लिए दो श्रेणियों में ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा, जिसके विजेताओं को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र और नकद इनाम से सम्मानित किया जाएगा।

### इस बार हर गांव, हर घर और हर नागरिक से जुड़ेगा आजादी का पर्व

# कांग्रेस सरकार का दोहरा चेहरा हुआ उजागर : चेतन बरागटा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**भाजपा** के प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने कांग्रेस सरकार पर किसान-बागवानों के साथ छल और धोखे का आरोप लगाया है। बरागटा ने कहा कि सार्वजनिक मंचों पर किए गए सरकार के वादे अब हाईकोर्ट में पूरी तरह नकार दिए गए हैं, जिससे उनका दोहरा चरित्र खुलकर सामने आ गया है। बरागटा ने बताया कि जब भी किसान और बागवान अतिक्रमण से जुड़ी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री और मंत्रियों से मिले, तो उन्हें लगातार आश्वासन मिला कि सरकार जल्द ही कोई नीति लाएगी। हालांकि, इसके विपरीत, सरकार ने हाईकोर्ट में स्पष्ट रूप से कह दिया कि ऐसी कोई नीति नहीं बनाई जा रही है।

बरागटा ने सरकार के हाई कोर्ट में दिए गए बयान पर गहरी चिंता व्यक्त की। सरकार ने कोर्ट में कहा कि उसके पास सेब के पौधों के रखरखाव के लिए न तो पर्याप्त मैनपावर है और न ही संसाधन। चौंकाने वाली बात यह है कि सरकार ने हाई कोर्ट में यह तक कह दिया कि सेब के पौधे फॉरेस्ट स्पीशीज (वन प्रजाति) नहीं हैं, और इसलिए उन्हें काट दिया जाना चाहिए। बरागटा ने कांग्रेस सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब शराब बेचने की बात आती है, तो सरकार के पास मैनपावर और संसाधन दोनों होते हैं। लेकिन जब प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले सेब की बात आती है, तो उन्हीं पेड़ों को काटने की बात कर दी जाती है।

### बागवानों को भ्रमित कर रही सरकार

**भाजपा** प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने पहले 'एक्सेप्टेड' लोगों को राहत देने का दावा किया था,



लेकिन कोर्ट में इसके विपरीत बयान दिया। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का एक मंत्री पूरे प्रदेश में यह भ्रम फैला रहा है कि 50 बीघा तक की जमीन को नियमित किया जाएगा, जिससे आम बागवानों में भ्रम और निराशा बढ़ रही है।

# चौपाल में पीएमश्री स्कूल के प्रांगण में स्थापित किया 50 फुट ऊंचा तिरंगा



ध्वजारोहण के अवसर पर उपस्थित छात्र, अध्यापक व अन्य गणमान्य लोग

**सपना सूद, अनंत ज्ञान**

**चौपाल/नेरवा।** प्रदेश की राजधानी शिमला के रिज मैदान की तर्ज पर उपमंडल मुख्यालय चौपाल में भी एक 50 फुट ऊंच राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा लहराता नजर आएगा। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में यह ध्वज स्थापित किया गया है।

डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने स्कूल की प्रार्थना सभा के दौरान एनसीसी कैडेट्स की सलामी लेने के बाद विधिवत रूप से राष्ट्रीय ध्वज लहरा कर इसे स्थापित किया। स्कूल के प्रधानाचार्य हरी शर्मा ने बताया कि यह झंडा स्कूल प्रबंधन समिति के सहयोग से 50 फुट के खंभे पर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि स्कूल के प्रांगण में झंडा स्थापित होने से स्कूल की पूरे उपमंडल में एक नई पहचान बनी है, वहीं इससे स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों में देश के प्रति प्रेम व निष्ठा तथा सभी धर्मों के सम्मान की भावना जागृत होगी। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष गिरीश ठाकुर, विद्यालय के अधीक्षक कुंदन ब्रागटा, आकाशदीप, जितेंद्र चौहान, बलवंत भागटा, ओपी नेगी, अनिल चौहान, सुनील रांटा, विशाल भोटा, रचना, मनीषा, वीना शर्मा, अरुणा जिस्टा सहित स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में समय पर चलाई जाएं बसें

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** उपमंडल रामपुर में सातवें वित्तायोग अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक नंदलाल ने बुधवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ रामपुर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिस में उपमंडलाधिकारी (ना ) रामपुर हर्ष अमेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में स्थानीय विधायक ने एचआरटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाली बसें अकसर लेट होती हैं, जिसकी उन्हें कई बार शिकायतें मिली हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीणों की सुविधा के लिए बसें तय समय पर चलाई जाएं। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को उन्होंने निर्देशित किया कि ऐसी बैठकों को गंभीरता से लें और विकास कार्यों की वास्तविक जानकारी प्रस्तुत करें। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग से नागाधार सड़क का एफसीए कार्य शीघ्र पूरा करने व तकलेच-खनोटू एवं ज्वालडा-कलेडा सड़कों की शेष औपचारिकताएं जल्द पूरी करने के निर्देश दिए गए।

# स्वयंसेवियों ने कॉलेज परिसर में रोपे पौधे

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान**



अटल बिहारी डिग्री कॉलेज सुन्नी परिसर में पौधरोपण करते हुए स्वयंसेवक।

**सुन्नी।** अटल बिहारी डिग्री कॉलेज, सुन्नी में बुधवार को दो प्रमुख पर्यावरणीय पहलुओं का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस दौरान एक पेड़ माँ के नाम अभियान 2.0 और परिसर सौंदर्यीकरण अभियान के तहत पर्यावरणीय स्थिरता, हरित परिसर विकास और सामुदायिक सहभागिता की दिशा में कॉलेज के निरंतर प्रयासों का हिस्सा रही। एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0 के तहत, कॉलेज परिसर में 100 से अधिक देशी पौधे लगाए गए। प्रत्येक पौधा माताओं को एक जीवंत श्रद्धांजलि के रूप में समर्पित किया गया, जो पर्यावरण के प्रति देखभाल, पोषण और ज़िम्मेदारी का प्रतीक है। इस पहल से परिसर के हरित क्षेत्र को और समृद्ध बनाने और छात्रों में पारिस्थितिक चेतना को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

इस अभियान के तहत लगभग 67 एनएसएस स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिन्होंने स्वच्छता अभियान, अपशिष्ट पदार्थों को हटाने, फूलदार पौधे लगाने और अपशिष्ट पृथक्करण बिंदुओं की स्थापना में भाग लिया। इन प्रयासों ने परिसर के सौंदर्य आकर्षण को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया और छात्रों के बीच स्वच्छता और पर्यावरणीय ज़िम्मेदारी के महत्व को सुदृढ़ किया। कॉलेज की प्राचार्य प्रो. अंजलि चौहान ने भी स्वयंसेवकों के साथ एक वृक्षारोपण किया और एनएसएस इकाई के समर्पित प्रयासों की सराहना की और इस बात पर प्रकाश डाला कि इस तरह की गतिविधियां पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदार नागरिकों के विकास में कैसे योगदान देती हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनमोहन और प्रो. सुष्मिता ठाकुर के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सुव्यवस्थित संचालन किया गया और इसे संकाय सदस्यों, कर्मचारियों और स्वयंसेवकों का उत्साहजनक समर्थन प्राप्त हुआ। एनएसएस इकाई ने माई भारत पोर्टल और भारत सरकार के युवा मामलों के विभाग के व्यापक उद्देश्यों के अनुरूप, भविष्य में भी ऐसी प्रभावशाली गतिविधियां जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# श्रावण अष्टमी मेले में होंगे 18 एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट तैनात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**श्री** नयना देवी जी मंदिर में 25 जुलाई से 3 अगस्त तक आयोजित होने वाले श्रावण अष्टमी मेले के दौरान पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों से प्रतिदिन दो से तीन लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना रहती है। अत्यधिक भीड़ के चलते कानून व्यवस्था बनाए रखना एक बड़ी चुनौती होती है।

इस स्थिति से निपटने के लिए मंदिर परिसर और इसके आसपास के क्षेत्रों को नौ सेक्टरों में बांटा गया है, जहां चौबीसों घंटे कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कम से कम 18 कार्यपालक दंडाधिकारियों की तैनाती होगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिले से इतने अधिकारियों की तैनाती संभव नहीं है, इसलिए अन्य जिलों से प्रतिनियुक्ति का आग्रह किया गया है। इन अधिकारियों को 24 जुलाई की अपराह्न तक श्री नयना देवी पहुंचकर मेला अधिकारी (अपर उपायुक्त, बिलासपुर) को रिपोर्ट करने के निर्देश दिए जाएंगे, ताकि उन्हें उनके सेक्टरों में नियुक्त किया जा सके। यह कदम मेला अवधि के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उठाया गया है।

### मंदिर परिसर में लाउडस्पीकर, ढोल-नगाड़े और बैंडबाजों पर बैन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** डीसी राहुल कुमार ने श्रावण अष्टमी मेलों के दौरान मंदिर परिसर में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। मेला अवधि के दौरान श्री नयना देवी मेला परिसर में लाउडस्पीकर, ढोल-नगाड़े, बैंडबाजे एवं अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यदि किसी प्रकार का सार्वजनिक संदेश अथवा उद्घोषणा देनी आवश्यक हो, तो वह केवल कंट्रोल रूम के माध्यम से प्रसारित की जाएगी। इसके अलावा मंदिर परिसर में हलवा और नारियल चढ़ाने और प्रसाद के लिए बांस की टोकरी के प्रयोग पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यह निर्णय श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे मेले के दौरान प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करें। उक्त आदेश 25 जुलाई से 3 अगस्त तक प्रभावी रहेंगे।

# विधायक त्रिलोक ने विधानसभा क्षेत्र में बढ़ाई विकास की गति

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो।** बिलासपुर। सदर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक त्रिलोक जम्वाल बिलासपुर जिले के सदर विधानसभा क्षेत्र में विकास और जनसंवाद को प्राथमिकता देकर कार्य कर रहे हैं। हालांकि, प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है और वह भाजपा से विधायक हैं, लेकिन फिर भी उनके तीन प्रमुख प्रयास-पेयजल सुरक्षा, सड़कों का आधुनिकीकरण और युवाओं व ग्रामवासियों के पक्ष आवाज उठाने के परिणाम साफ तौर पर सामने आए हैं। सदर क्षेत्र में गर्मियों में पानी की बाधा दूर करने के लिए बिलासपुर शहर की एक महत्वाकांक्षी पेयजल योजना की शुरुआत विधायक जम्वाल ने पेयजल विभाग को डीपीआर तैयार करने के निर्देश देकर की। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह योजना आगामी 50 वर्षों के लिए तैयार हो रही है और तैयार रिपोर्ट को विश्व बैंक से फंडिंग के लिए भेजा जाएगा। अभी शहर में प्रतिदिन लगभग 3.5-4 करोड़ लीटर पानी की आपूर्ति होती है, जिसे उन्होंने 50 लाख गैलन प्रतिदिन तक विस्तारित करने का लक्ष्य रखा है। विधायक केंद्र सरकार से मिलकर सदर विधानसभा की छह प्रमुख सड़कों को अपग्रेड करने के लिए 160 करोड़ की मंजूरी दिलवाई। उन्होंने पंचायत स्तर के दौरे पर बंद पड़ी सड़कें-रोहिण, अमरसिंहपुरा, मल्यावर, भटोली का जायजा लिया और 25 लाख रुपए की अनुदान राशि जारी कराने की घोषणा की। बिलासपुर जिले के बध्यायत और नोग गांव में रेलवे टनल के निर्माण से मकानों में आई दरारें इलाके के विस्थापन की चिंता बन गई। विधायक ने प्रभावितों से मुलाकात की और एनआईआईटी जैसे संस्थानों से तकनीकी सर्वे कराने का आश्वासन दिया। सर्वे के बाद उचित मुआवजे देने की बात भी उन्होंने सरकार तक पहुंचाई।



# मुनीश बने अकाल हिंदू तख्त के राष्ट्रीय प्रचारक



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर के श्री नयना देवी मंदिर के वरिष्ठ पुजारी मुनीश गौतम को अकाल हिंदू तख्त का राष्ट्रीय प्रचारक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति चंडीगढ़ में आयोजित समारोह के दौरान उन्हें सौंपी गई। वर्तमान में वे प्रदेश प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने नियुक्ति के लिए संगठन का आभार जताते हुए युवाओं को सनातन संस्कृति से जोड़ने और समाज को एकजुट करने की प्रतिबद्धता जताई।

### लंबित मामले निपटाने को चलाया मध्यस्थता अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में 1 जुलाई से 30 सितंबर तक 90 दिवसीय मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य अदालतों में वर्षों से लंबित मामलों का त्वरित और सौहार्दपूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। यह जानकारी जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर, सह अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रतीक गुप्ता ने दी। इस विशेष अभियान के तहत जिला की सभी अदालतों में विवाह संबंधित विवाद, पारिवारिक मामले, मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चालान, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, उपभोक्ता फोरम संबंधी विवाद, श्रम वसूली, संपत्ति का विभाजन, बेदखली, भूमि अधिग्रहण और अन्य नागरिक मामलों को प्राथमिकता के आधार पर मध्यस्थता के माध्यम से निपटाया जा रहा है।

### संगोष्ठी में जगी देशभक्ति की अलख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कल्याण कला मंच बिलासपुर की मासिक कला-कलम संगोष्ठी का आयोजन बधयात गांव स्थित साकेत होमस्टे के शांत, सुरम्य परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के प्रधान सुरेंद्र मिन्हास ने की, जबकि संचालन की बागडोर युवा छात्रा आशा कुमारी ने संभाली। यह संगोष्ठी मानो शब्दों की वह घाटी बन गई। संगोष्ठी का शुभारंभ जीतराम सुमन की प्रेरणास्पद रचना 'नया सवेरा लेकर आता' से हुआ, जिसने शुरुआत से ही आशा की लौ जगा दी। सुषमा खजूरिया की 'वंदे मातरम् जय भारती' से देशभक्ति की अलख जगी, तो इंजीनियर सुमन चड्ढा की 'गुरु बिन ज्ञान ना आवे' ने गुरु के महत्व को स्मरण कराया।

### स्वामी विवेकानंद कॉलेज में लगाए नए बेंच

**अनंत ज्ञान, भराड़ी।** स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं में विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लगभग 1 लाख रुपए की लागत से नए बेंच लगाए गए। यह कार्य एनएसयूआई जिला अध्यक्ष नितिन चड्ढा के नेतृत्व में जिला परिषद सदस्य शालू रणौत के सौजन्य व सहयोग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य, एनएसयूआई कार्यकर्ता, शिक्षक गण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। शालू रणौत स्वयं एनएसयूआई की पूर्व सक्रिय छात्रा रही हैं और आज जनप्रतिनिधि के रूप में उसी सेवा भावना के साथ छात्रहित में कार्य कर रही हैं।

### बस समयसारिणी को लेकर 22 जुलाई से बैठकें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में बस रूटों की नई समयसारिणी तय करने के लिए क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण 22 जुलाई से बैठकें शुरू करेगा। 22 जुलाई को धनीपुखर-थापना, बरठीं-कलोल, जड्डू-मलरांव-तलाई, 24 जुलाई को घुमारवीं-जाहू, थुरान-ज्योरिपत्तन, भगेड़-झंडूता, 26 जुलाई को बरमाणा-डेहर-अलसू, बैरी-मलोखर, 6 अगस्त को भगेड़-ऋषिकेश-मंडी-भराड़ी-एम्स तथा 8 अगस्त को बिलासपुर-एम्स की बैठक होगी। परिवहन अधिकारी राजेश कुमार कौशल ने बस परमिट धारकों से समय पर आवेदन व आवश्यक दस्तावेज लाने को कहा है।

### खाद्यान्न के परिवहन के लिए निविदाएं आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला नियंत्रक, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले ब्रिजेंद्र सिंह ने बताया कि भारतीय खाद्य निगम के थोक भंडार बिलासपुर से प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के थोक भंडार सदर के लिए खाद्यान्न के परिवहन/ढुलान कार्य के लिए वर्ष 2025-26 से 2026-27 (दो वर्षों) के लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जा रही हैं। निविदा प्रक्रिया https://hptenders.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से होगी।

# नोग गांव में टनल-17 निर्माण से घरों को नुकसान पहुंचने पर धरना जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिला मुख्यालय से सटे नोग गांव में रेलवे के तहत बनाई जा रही टनल नंबर-17 के कारण घरों को हो रहे नुकसान के विरोध में ग्रामीणों का संघर्ष लगातार तेज होता जा रहा है। स्थानीय निवासी अजय कुमार के नेतृत्व में शुरू हुआ धरना आंदोलन आज 46वें दिन में प्रवेश कर गया है। क्रमिक भूख हड़ताल भी 33वें दिन में प्रवेश कर गई है, जिसमें अजय कुमार, अभिषेक, नानक चंद, रेखा देवी और सुखमणि देवी बारी-बारी से भूख हड़ताल पर बैठे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि टनल-17 का निर्माण कार्य बध्यात और आसपास के पर्यावरण, जलस्रोतों और निवास स्थानों को प्रभावित कर रहा है।

अधिकांश लोगों के घरों में दरारें आ गई हैं। लोगों का कहना है कि उन्हें इस परियोजना की पर्यावरणीय समीक्षा और विस्थापन की संभावनाओं के बारे में न तो जानकारी दी गई, और न ही किसी तरह की सार्वजनिक सुनवाई की गई। धरने पर बैठे लोगों ने प्रशासन पर मौन धारण करने का आरोप लगाया है। लोगों ने कहा कि वे लगातार शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है। अजय ने कहा कि हम पिछले 46 दिनों से अपनी जमीन और भविष्य की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं। सरकार यदि नहीं सुनती तो हम अपने संघर्ष को और तेज करेंगे। क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे कई लोगों की स्वास्थ्य स्थिति कमजोर होती जा रही है, लेकिन प्रशासन की ओर से अभी तक कोई चिकित्सकीय टीम स्थायी रूप से तैनात नहीं की गई है। यदि यह आंदोलन जल्द ही प्रशासन द्वारा गंभीरता से नहीं लिया गया, तो यह एक बड़े जनआंदोलन का रूप ले सकता है।

# गौरी शंकर लंगर कमेटी भराड़ी ने 70 परिवारों को बांटीं राहत किट



गौरी शंकर लंगर कमेटी भराड़ी के पदाधिकारी आपदा प्रभावितों को राहत किट देते हुए।

**अनंत ज्ञान, भराड़ी**

**मंडी** जिले में सराज क्षेत्र के बाड़ा परबाड़ा व धरोटू गांवों में आई प्राकृतिक आपदा ने लोगों के जीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। ऐसे में गौरी शंकर लंगर कमेटी भराड़ी (बाड़ा दा घाट) ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए 70 प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। इस राहत वितरण अभियान में गौरी शंकर लंगर कमेटी भराड़ी (बाड़ा दा घाट) के प्रधान विनोद राय, सचिव सुरेंद्र कुमार तथा सदस्य राकेश सोनी, जगदेव, सुरेश कुमार, बलदेव राज, रिंकू, पवन कुमार और लवीर सिंह विशेष रूप से सक्रिय रहे। प्रधान विनोद राय ने बताया कि जिस स्थान पर राहत सामग्री पहुंचाई गई, वहां का दृश्य अत्यंत हृदय विदारक था।

## न्यूज ब्रीफ

### चौपाल पुलिस ने एक किलो चरस संग धरा एक

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** चौपाल पुलिस ने एक व्यक्ति की करीब एक किलो चरस के साथ हिरासत में लिया है। पुलिस ने हिरासत में लिए गए व्यक्ति के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर छानबीन आरंभ कर दी है। जानकारी के मुताबिक चौपाल पुलिस की एक टीम एसएचओ अंबीलाल के नेतृत्व में मंगलवार की रात करीब अढ़ाई बजे चौपाल-नेरवा मार्ग पर संराह, धबास की ओर गश्त पर थी । इस दौरान पुलिस टीम ने नेरवा की तरफ पैदल जा रहे एक संदिग्ध युवक व्यक्ति की जांच पड़ताल करने पर उसके कब्जे से 996.290 ग्राम चरस बरामद की है । आरोपी की पहचान 32 वर्षीय रितेश, निवासी धरन, पोस्ट ऑफिस धबास के रूप में की गई है। मामले की पुष्टि एसडीपीओ चौपाल सुशांत शर्मा ने की है। उन्होंने कहा कि युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है तथा इस मामले में आगामी छानबीन की जा रही है।

### संस्था को दी ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** कनिका डायग्नोस्टिक सेंटर ग्राम घोलटी डाकघर सरोल द्वारा ऑक्सीजन कंसंट्रेटर मशीन 'प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था' को दी गई। इस मशीन का विधिवत शुभारंभ कनिका डायग्नोस्टिक सेंटर ग्राम घोलटी डाकघर सरोल के प्रांगण में किया गया। जिस से अस्थमा, हृदय रोग, फेफड़ों का कैंसर व सांस लाने वाले मरीजों को फायदा मिलेगा। प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था के अध्यक्ष दीपक भाटिया ने प्रेरणा संस्था को ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर मशीन देने के लिए कनिका डायग्नोस्टिक सेंटर, विशेष रूप से विशाल सिंह बिजलवान और कनिका नैयर बिजलवान का आभार व धन्यवाद किया है और आगे जन सहयोग से और भी ऑक्सीजन सांद्रक मशीने जिला चम्बा के लिए लाने का भरोसा दिया है। इस मौके पर विशाल सिंह, कनिका नैय्यर, राकेश, मनीषा, नेक सिंह, विजय, अशोक कुमार, सिद्धांत व दीपक भाटिया आदि मौजूद रहे।

### सनातन धर्म सभा मंदिर में शिव महापुराण कथा शुरू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** सावन मास के पावन अवसर पर जोगिंद्रनगर स्थित सनातन धर्म सभा मंदिर में विशेष शिव महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। इस उपलक्ष्य में मंदिर से साई मार्केट स्थित शिव मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं व पुरुष शामिल हुए।कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास परम श्रद्धेय अतुल कृष्ण दास जी महाराज ने शिव महापुराण के महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि श्री शिव पुराण मात्र एक ग्रंथ नहीं, बल्कि मुक्ति का मार्ग है। उन्होंने कहा कि चाहे कोई कितना भी पापी क्यों न हो, अगर वह श्रद्धा से शिव महापुराण की कथा सुनता है, तो भगवान शिव उसकी समस्त विपत्तियां हर लेते हैं। उन्होंने कहा कि शास्त्रों में उल्लेख है कि जो भक्त शिवालय में बैठकर शिव पुराण सुनता या उसका पाठ करता है, उसे गायत्री पुरुष चरण का फल प्राप्त होता है। इस मौके पर कथा आयोजक व मुख्य यजमान शीला पूंछी, मंदिर कमेटी के प्रधान जुगल किशोर गुप्ता, पंडित नवीन कुमार, संतोष सोनी, कृष्ण शर्मा, ओमानंद शर्मा, पंडित राकेश सहित अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मंदिर परिसर शिव भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण से गूंज उठा।

### 'किसमें कितना है दम' में चमकी दीक्षा ठाकुर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** न्यू क्रिसेंट सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, जोगिंद्रनगर की छात्रा दीक्षा ठाकुर ने प्रतिष्ठित 'किसमें कितना है दम' लेखन प्रतियोगिता में पूरे उत्तर भारत में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता लेखन कौशल पर आधारित थी, जिसमें दीक्षा ने अपनी असाधारण प्रतिभा और कठिन परिश्रम के दम पर यह सफलता अर्जित की। दीक्षा आरंभ से ही लेखन में कुशल रही हैं और इस उपलब्धि ने उनकी प्रतिभा को और भी निखारा है। इस जीत से विद्यालय परिवार में उत्साह और गर्व का माहौल है। विद्यालय के प्रबंधक विजय शर्मा एवं प्रधानाचार्य शशि किरण शर्मा ने दीक्षा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, 'यह हमारे विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। दीक्षा की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा देगी।' उन्होंने आगे कहा कि न्यू क्रिसेंट स्कूल के विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा से माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन ने दीक्षा ठाकुर और उनके परिवार को इस उल्लेखनीय सफलता के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# चौगान नंबर 1 की रिकॉर्ड नीलामी : प्रिंस ट्रेडिंग कंपनी को 2.17 करोड़ में ठेका

## वर्ष 2015 से अब तक छठी बार हासिल किया मौका, चौगान नंबर 2, 3 की नीलामी अभी शेष

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**



ऐतिहासिक चौगान नंबर 1 को इस बार 2 करोड़ 17 लाख रुपए में अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के लिए नीलाम किया गया।

**चंबा।** अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला-2025 की तैयारियों के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। ऐतिहासिक चौगान नंबर 1 को इस बार 2 करोड़ 17 लाख रुपए अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के लिए नीलाम किया गया, जिसे चंबा की प्रतिष्ठित प्रिंस ट्रेडिंग कंपनी ने अपने नाम किया है। खास बात यह है कि यह कंपनी छठी बार इस प्रतिष्ठित जिम्मेदारी को निभाने जा रही है।

प्रिंस ट्रेडिंग कंपनी ने इससे पहले वर्ष 2015, 2017, 2018, 2019, 2024 में चौगान नंबर 1 का ठेका लिया था और अब 2025 में एक बार फिर इस जिम्मेदारी को अपने अनुभव और प्रबंधन क्षमता के साथ निभाने जा रही है।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष 2024 में भी चौगान नंबर 1 की नीलामी 1 करोड़ 96 लाख में हुई थी, जो प्रिंस ट्रेडिंग कंपनी ने ही जीती थी। इस साल की नीलामी में जो राशि तय हुई है, वह अब तक की सबसे ऊँची बोली में से एक मानी जा रही है, जो मेले की बढ़ती लोकप्रियता और व्यावसायिक संभावनाओं को दर्शाती है।

चौगान नंबर 2 और 3 की नीलामी प्रक्रिया अभी शेष है, और जल्द ही प्रशासन इसके लिए भी तिथियों की घोषणा करेगा। उम्मीद है कि इन नीलामियों में भी ज़ोरदार प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी।

प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि इस बार मिंजर मेला पहले से अधिक भव्य, सुव्यवस्थित और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रूप में आयोजित किया जाएगा। यह मेला न केवल चंबा की सांस्कृतिक पहचान है, बल्कि स्थानीय व्यापार, पर्यटन और जनसहभागिता का भी एक सशक्त मंच है।

# मिंजर मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 21-22 को होंगे ऑडिशन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**अंतरराष्ट्रीय** मिंजर मेला-2025 के अंतर्गत आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के इच्छुक कलाकारों के लिए 21 और 22 जुलाई को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, चंबा में ऑडिशन (स्वर परीक्षा) आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा ने दी।

उन्होंने बताया कि कलाकारों के चयन के लिए प्रशासन द्वारा तीन ऑडिशन कमेटियों का गठन किया गया है। ऑडिशन दोनों दिन प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किए जाएंगे, जिसमें जिला भर के पारंपरिक, लोक और आधुनिक कला क्षेत्र से जुड़े कलाकारों को भाग लेने का अवसर मिलेगा। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने बताया कि मिंजर मेला न केवल चंबा की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का उत्सव है, बल्कि यह कलाकारों को अपनी प्रतिभा मंच पर लाने का सुनहरा अवसर भी प्रदान करता है।

उन्होंने सभी इच्छुक कलाकारों से समय पर उपस्थित होकर अपना प्रदर्शन प्रस्तुत करने की अपील की है। चयनित कलाकारों को मिंजर मेले के भव्य मंच पर प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा, जो न केवल स्थानीय बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें पहचान दिला सकता है।

**यहां होंगे ऑडिशन**

21 जुलाई को भरमौर, पांगी, सलूणी, चुराह, भटियात तथा डलहौजी उपमंडलों से संबंधित कलाकारों के ऑडिशन लिए जाएंगे। 22 जुलाई को चंबा उपमंडल तथा जिला के बाहर से आने वाले कलाकारों के लिए ऑडिशन की तिथि निर्धारित की गई है।

## मणिमहेश यात्रा में लगेगा मुक्तेश्वर महादेव लंगर

# चौगान नंबर एक भगना में सेवाएं शुरू करने के लिए तैयार समिति

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**मणिमहेश** यात्रा के पावन अवसर पर इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के लिए मुक्तेश्वर महादेव लंगर सेवा समिति, पठानकोट द्वारा निःशुल्क लंगर सेवा का आयोजन किया जाएगा। समिति ने यात्रा अवधि के दौरान दिनांक 22 से 31 अगस्त तक चंबा के चौगान नंबर 1 भगना में लंगर लगाने की अनुमति के लिए उपमंडलाधिकारी कार्यालय में औपचारिक आवेदन किया है।

पूर्व पार्षद नगर परिषद चंबा गोपाल महाजन एवं शिव मंदिर समिति दड़ोग मोहल्ला के प्रधान जगदीप गुप्ता ने बताया कि यह लंगर सेवा पिछले 10 वर्षों से भरमौर क्षेत्र में सफलतापूर्वक चलाई जा रही है और पिछले दो वर्षों से चौगान नं. 1 में इसका आयोजन हो रहा है। समिति का उद्देश्य है कि यात्रा के दौरान दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने



जगदीप गुप्ता और गोपाल महाजन।

प्रशासन से अपील की है कि इस बार भी समिति को पूर्व वर्षों की भांति लंगर आयोजन की आवश्यक अनुमति जल्द से जल्द प्रदान की जाए, ताकि समस्त व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जा सकें।

समिति के सदस्यों ने कहा, 'हम मणिमहेश यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा को परम धर्म मानते हैं और यह प्रयास निरंतर आगे भी जारी रहेगा।' लंगर सेवा के माध्यम से समिति ने धार्मिक यात्राओं में सेवा भावना का उदाहरण प्रस्तुत किया है और यह पहल वर्षों से यात्रा का एक अहम हिस्सा बन चुकी है।

# हादसे में घायल महिला को उठाकर अस्पताल पहुंचे विधायक डॉ. जनक राज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जनसेवा की मिसाल पेश करते हुए पांगी-भरमौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. जनक राज ने मानवता का ऐसा परिचय दिया, जो हमेशा लोगों के दिलों में अमिट छाप छोड़ देगा। मंगलवार सुबह भरमौर से धर्मशाला की ओर जाते समय बालू के समीप उन्होंने सड़क हादसे में घायल एक महिला को देखा, जिसे एक पिकअप ने बाइक को टक्कर मारते हुए घायल कर दिया था। विधायक डॉ. जनक राज ने तुरंत अपनी गाड़ी को मौके पर



रोका, और बिना देर किए घायल महिला को स्वयं अपनी गाड़ी में बैठाया। यही नहीं, जब वे मेडिकल कॉलेज और अस्पताल चंबा पहुंचे, तो उन्होंने महिला को अपनी गोद में उठाकर सीधे इमरजेंसी वार्ड तक पहुंचाया, जिससे तुरंत इलाज शुरू हो सके। डॉ. जनक राज ने कहा, 'मैंने सिर्फ अपना नैतिक धर्म निभाया। जब जनता ने मुझे अपना प्रतिनिधि चुना है, तो संकट की घड़ी में उनकी सेवा करना मेरा कर्तव्य है। खुश हूं कि महिला अब खतरे से बाहर है।'

स्थानीय लोगों और मेडिकल स्टाफ ने भी विधायक के इस कदम की सराहना की और कहा कि ऐसा व्यवहार जनता के बीच भरोसा और आत्मीयता बढ़ाता है। यह घटना बताती है कि जब जनप्रतिनिधि संवेदनशील हों, तो लोकतंत्र सचमुच जीवंत और प्रभावशाली बनता है।

# सौम्याश्री आत्महत्या मामले में एबीवीपी ने चंबा कॉलेज में किया विरोध-प्रदर्शन



सौम्याश्री आत्महत्या मामले में चंबा महाविद्यालय में एबीवीपी जिला इकाई के सदस्य विरोध-प्रदर्शन करते हुए।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**ओडिशा** के बालेश्वर जिले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की सक्रिय कार्यकर्ता सौम्याश्री बिशी की आत्मदाह के मामले ने देशभर में आक्रोश की लहर पैदा कर दी है। इसी कड़ी में बुधवार को चंबा महाविद्यालय में एबीवीपी जिला इकाई द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन और धरना आयोजित किया गया। परिषद के कार्यकर्ताओं ने घटना की निंदा करते हुए दोषी विभागाध्यक्ष के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 13 जुलाई को सौम्याश्री ने कॉलेज के विभागाध्यक्ष द्वारा की गई मानसिक प्रताड़ना और चरित्र पर की गई अमर्यादित टिप्पणियों से आहत होकर आत्मदाह कर लिया था। जीवन और मृत्यु के बीच लंबे संघर्ष के बाद उनका निधन हो गया। इस हृदयविदारक घटना से आहत एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने चंबा कॉलेज परिसर में मौन श्रद्धांजलि दी और न्याय की मांग को लेकर आवाज बुलंद की।

एबीवीपी जिला संयोजक ललित वर्मा ने कहा कि, सौम्याश्री का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हम देशभर में छात्राओं की गरिमा और अधिकारों की रक्षा के लिए यह संघर्ष और तेज करेंगे। दोषियों को सजा दिलाकर ही हम सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और एबीवीपी पदाधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने एक स्वर में यह संदेश दिया कि किसी भी प्रकार की मानसिक उत्पीड़न और शैक्षणिक संस्थानों में व्याप्त असंवेदनशीलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

यह विरोध प्रदर्शन न केवल न्याय की मांग है, बल्कि छात्र समाज के आत्मसम्मान और सुरक्षा के लिए एक चेतावनी भी है।

# बरसात में पशुओं का टीकाकरण व उपचार प्राथमिकता पर करें अधिकारी: मुंशी कपूर

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** पशुपालन विभाग चंबा के उपनिदेशक डॉ. मुंशी कपूर द्वारा बीते दिन जांघी, बकानी, चूड़ी, कुंडी और ब्रेही स्थित पशु चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक पशु चिकित्सा केंद्र में स्टाफ की गैरहाजिरी पाई गई, जिस पर डॉ. कपूर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए।



डॉ. कपूर ने सभी पशु चिकित्सा अधिकारियों और औषधियोजकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए पशुओं के टीकाकरण व उपचार को प्राथमिकता पर करें, ताकि किसी भी पशु पालक को असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने पशुपालकों से भी अपील की कि आवश्यकता पड़ने पर वे निशुल्क 'मोबाइल वेटरनरी वैन' सेवा का लाभ उठाएं। इस सेवा का उपयोग करने के लिए 1962 पर कॉल करना होगा। वर्तमान में चंबा जिले में चार मोबाइल वैन कार्यरत हैं।

इसके साथ ही, उप निदेशक ने ब्रेही पंचायत में एक उपयुक्त भूमि की पहचान कर वहां पशु औषधालय भवन और शीप डीप टैंक का निर्माण करवाने के निर्देश भी प्रभारी अधिकारी को दिए, ताकि क्षेत्रीय पशुपालकों को स्थायी सुविधा मिल सके। इसके अतिरिक्त, लिहल कोठी स्थित पशु औषधालय के लिए रेफ्रिजरेटर की व्यवस्था भी कर दी गई है।

यह निरीक्षण विभाग की सक्रियता और पशुपालकों को बेहतर सेवा देने की प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है।

**कहा- जरूरत पड़ने पर फ्री 'मोबाइल वेटरनरी वैन' का लाभ उठाएं पशुपालक**

## वन विभाग ने ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से मनाया विश्व सर्प दिवस

# राज्य स्तरीय आयोजन में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए वन कर्मचारियों को किया सम्मानित



भूपेश और रवि कुमार।

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** वन विभाग द्वारा विश्व सर्प दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को एक राज्यस्तरीय ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान मुख्य वन संरक्षक आईएफएस समीर रस्तोगी ने की।

कार्यक्रम में प्रदेश भर से जुड़े वन मंडलों के फील्ड स्टाफ को उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए डिजिटल प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रमाण पत्रों का डिजिटल वितरण स्वयं प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने किया, जबकि डिप्टी कंजरवेटर ऑफ फॉरेस्ट सुकेत मंडल, आईएफएस राकेश कटोच ने प्रमाण पत्रों का वितरण किया। इस अवसर पर विभिन्न वन कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में राज्यभर के वन अधिकारी और फील्ड स्टाफ ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि सांपों के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना और उनकी पारिस्थितिकीय भूमिका को समझाना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का समापन प्रधान मुख्य वन संरक्षक समीर रस्तोगी के प्रेरणादायक संदेश के साथ हुआ। उन्होंने सर्प संरक्षण के प्रति लगातार जागरूकता और सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया तथा वन विभाग के सभी कर्मचारियों के समर्पण की सराहना की।

**विशाल अजगर व दुर्लभ सर्पों का सफल रेस्क्यू**

**डिप्टी** कंजरवेटर राकेश कटोच ने जानकारी देते हुए कहा कि बीते वर्ष सितंबर में वन कर्मचारी भूपेश कुमार और रवि कुमार ने मंडी के बरोटी गांव में एक घर से 15 फीट लंबा और 60 किलो वजनी अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू किया। इन कर्मचारियों ने कांगू गांव में एक घर से दुर्लभ प्रजाति के सर्प को भी सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया था।

**देश राज को 150 से अधिक रेस्क्यू पर सम्मान**



**वन्य** प्राणी वन परिक्षेत्र सुंदरनगर के पशु सहायक देश राज को अब तक 150 से अधिक सर्पों के सफल रेस्क्यू के लिए सम्मानित किया गया। उनका कार्यक्षेत्र जनसंपर्क के लिहाज से अत्यंत संवेदनशील रहा है, जहां समय पर हस्तक्षेप से उन्होंने कई जानें बचाईं।

**सांपों के प्रति भ्रांतियों को तोड़ने की जरूरत पर जोर**

# चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 की दी जानकारी

**हाशू शेख, अनंत ज्ञान**

**चुराह।** चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा द्वारा बुधवार को सलूणी तहसील के अंतर्गत राजकीय उच्च पाठशाला खडार में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित बच्चों व अध्यापकों को चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा में कार्यरत सुपरवाइजर पंकज कुमार व केस वर्कर चैन सिंह द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 की विस्तृत जानकारी दी व मुफ्त चाइल्ड हेल्पलाइन फोन सेवा 1098 के माध्यम से नशे की लत में पड़े, जन्म पंजीकरण से वंचित,अनाथ, अर्ध-अनाथ, स्कूल छोड़ चुके, घर से भागे हुए, मानसिक और शारीरिक रूप से अक्षम, शोषित, अति निर्धन, बाल-विवाह से ग्रसित, बाल-मजदूरी से ग्रसित, छेड़छाड़ से पीड़ित, घरेलू हिंसा से पीड़ित व अन्य किसी भी कारण से शोषित बच्चों हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बच्चों को सुरक्षित स्पर्श व असुरक्षित स्पर्श के संबंध में जागरूक किया गया।

शिक्षकों को बताया कि वे अपने बच्चों के साथ हर अच्छी बुरी बात पर चर्चा करें और उचित संवाद बनाए रखें। कार्यक्रम में बताया गया कि यदि किसी भी व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया या अन्य माध्यम नाबालिग बच्चों को मानसिक परेशान, ब्लैकमेल या बहलाया-फुसलाया जाता है तो इसे किसी भी रूप में नजर अंदाज ना किया जाए! *इसके साथ बाल तस्करी, नशे की बुराई व सोशल-मीडिया के इस्तेमाल के संबंध में भी चर्चा की गई व सोशल मीडिया के लाभ एवं हानि के बारे में बताया गया! सोशल मीडिया पर चल रही ब्लैकमेलिंग के संबंध में भी गंभीरता से चर्चा की गई।

बाल-विवाह व बाल मजदूरी की बुराई और इसके कारण स्वास्थ्य पर पढ़ने वाले कुप्रभावों एवं कानूनी कार्यवाही के संबंध में भी विशेष रूप से जागरूक किया गया। साथ ही यह भी आश्वासन दिया गया कि बच्चों से जुड़ी किसी भी तरह की संवेदनशील जानकारी के संबंध में सूचना देने वाले की जानकारी पूर्णतया गुप्त रखी जाती है। जिसके लिए सूचनाकर्ता स्वयं भी कंट्रोल रूम में उसकी जानकारी को सार्वजनिक न करने की हिदायत दे सकता है।

**खडार स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन**

### सूडोकु नवताल- 7493 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | | 1 | | 8 | | 2 |
| | 5 | | 8 | | 7 | | | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | 6 | | 7 | 9 | | 5 | | 3 |
| 5 | | | | 4 | | | | 1 |
| 3 | | 1 | | 8 | 2 | | 7 | |
| | | | | 5 | | | | 6 |
| | | | 4 | | 3 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | 2 | | 1 | 5 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7492 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 | 3 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 | 2 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 6 | 9 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 7 | 4 | 2 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 4 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 1 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 | 6 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

वीरवार, 17 जुलाई 2025

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत आषाढ़, **तिथि** सप्तमी (07:11) : **नक्षत्र** रेवती (03:39), **पक्षः** कृष्ण, **योग** : अतिगंड (09:28), **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:59-12:54)। **राहुकाल** (02:10-03:53)।

**विशेष दिन**

- 17 जुलाई 2025: ओडिशा में शीतला सप्तमी आज।
- 17 जुलाई 2025: पंचक आज होंगे पूर्ण।
- 17 जुलाई: केर पूजा आज।

**मेषः** वाहन सावधानी से चलाएं। अजनबी लोगों पर भरोसा न करें अन्यथा लेने के देने पड़ सकते हैं। किसी भी नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है।

**वृषः** जीवनसाथी से पूरा सहयोग मिलेगा। प्रिय व्यक्ति का साथ मिलेगा। आर्थिक निवेश करना लाभप्रद रहेगा। परिजनों के साथ बैठकर महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे।

**मिथुनः** दिन मंगलमय गुजरेगा। कोई शुभ समाचार या रुका हुआ धन प्राप्त होगा। किस्मत का साथ मिलेगा, कम प्रयास से ही अधिक सफलता प्राप्त कर पाएंगे।

**कर्कः** साझेदारी के काम में संभलकर रहिएगा नहीं तो नुकसान हो सकता है। सेहत को लेकर सजग रहें। विवादों से बचकर रहें। अपने भी आज परायों सा व्यवहार करते हुए महसूस होंगे।

**सिंहः** कोई प्रतिकूल समाचार मिलने से तनाव में रह सकते हैं। अप्रिय घटना का योग है। सोच-समझकर ही यात्रा करें, साधु-संतों का आशीर्वाद मन में ऊर्जा का संचार करेगा।

**कन्याः** मेहनत के अनुपात में लाभ मिलेगा इसलिए आलस्य से बचें। दोस्तों और सगे-संबंधियों से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार में लाभ की प्राप्ति होगी। कहीं घूमने की योजना बन सकती है।

**तुलाः** आपका पैसा कहीं अटका हुआ हो तो आज वह मिल सकता है। प्रयास से सभी कार्य बनने की संभावना है, इसलिए मेहनत में कमी ना करें। यश, मान-सम्मान में वृद्धि का योग है।

**वृश्चिकः** कार्यक्षेत्र के मामले में आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। सहकर्मियों और अधिकारियों से आप पूरा सहयोग प्राप्त कर सकेंगे। घर में आनंद और खुशी का माहौल रहेगा।

**धनुः** आज आपके खर्चे बढ़े रहेंगे, संभलकर चलें। कार्यों में बाधा से परेशानी होगी। धैर्य से काम लें एवं कठिनाइयों का सामना करें। इरादों में मजबूती उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेगी।

**मकरः** सितारों की स्थिति कुल मिलाकर अनुकूल है। यात्रा सुखद रहेगी एवं उन्नति का समाचार मिलेगा। उपहार मिलने से खुशी होगी। पारिवारिक जीवन में आनंद और उत्साह बना रहेगा।

**कुंभः** प्रिय व्यक्ति से मुलाकात एवं सहयोग प्राप्त होगा। भाई-बंधुओं से मेल-जोल बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। सुख सुविधाओं के साधनों पर धन व्यय होगा।

**मीनः** भाग्य का साथ सफलता दिलाएगा। विरोधी परास्त होंगे, व्यवहार कुशलता से आपके काम बनेंगे। कार्यक्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। अच्छे अवसर आज आपको मिल सकते हैं।

# गलत पहचान से मांगी आरटीआई

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**सूचना** के अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के तहत भेजे गए एक आवेदन को लेकर राकेश कुमार, निवासी ठाकुर ढाबा, करियां ने गंभीर आपत्ति दर्ज करवाई है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि उनके नाम से शिक्षा विभाग शिमला को भेजा गया आरटीआई आवेदन उनकी जानकारी और सहमति के बिना किया गया है।

राकेश कुमार ने निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला को लिखे आवेदन में बताया कि उन्हें दिनांक 12 जून को पत्र संख्या No. EDN-A-Ka(9)03/2023 के तहत जानकारी प्राप्त हुई कि उनके नाम से विभाग में सूचना मांगी गई है, जबकि उन्होंने स्वयं ऐसा कोई आवेदन नहीं किया है।

उन्होंने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि उन्हें संदेह है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जानबूझकर उनके नाम का गलत उपयोग किया गया है, जिससे उनकी व्यक्तिगत छवि को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया गया हो। उन्होंने मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की विभागीय स्तर पर गंभीरता से जांच करवाई जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

राकेश कुमार ने यह भी स्पष्ट किया है कि न तो उन्होंने कोई सूचना मांगी है और न ही उन्हें किसी प्रकार की जानकारी की आवश्यकता है। उनका उद्देश्य केवल अपने नाम के अनधिकृत उपयोग को लेकर प्रशासन को सूचित करना और निष्पक्ष जांच की मांग करना है।

अंत में राकेश कुमार ने उम्मीद जताई है कि संबंधित विभाग मामले की सभी परिस्थितियों और तथ्यों की गहन जांच करेगा और वास्तविकता स्पष्ट होने पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। शेष तथ्य जांच के उपरांत ही स्पष्ट रूप से सामने आ सकेंगे।

**राकेश कुमार ने जताई आपत्ति, मामले की निष्पक्ष जांच की मांग**

**शिकायतकर्ता बोले- मेरे नाम का दुरुपयोग कर छवि को धूमिल करने की कोशिश**

# पुरानी फाइलों की नीलामी 7 अगस्त को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त कार्यालय हमीरपुर की पुरानी फाइलों को 7 अगस्त को सुबह 11 बजे खुली बोली के माध्यम से नीलाम किया जाएगा। उपायुक्त के सहायक आयुक्त राजीव ठाकुर ने बताया कि इन फाइलों का वजन लगभग 2500 किलोग्राम है। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक लोग इस सामग्री के अवलोकन तथा नीलामी के नियमों एवं शर्तों की जानकारी के लिए 4 अगस्त तक सहायक आयुक्त कार्यालय में या दूरभाष नंबर 01972-222449 पर संपर्क कर सकते हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सपैडू**
विकास खंड व तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**निविदा सूचना**

अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव पेश करके अवगत करवाया कि ग्राम पंचायत सपैडू द्वारा कोटेशनें आमंत्रित की जाती हैं। विवरण निम्नलिखित है।

| S.No | Particular |
|---|---|
| 1. | Steel frame per feet (खिड़की तथा दरवाजा) |
| 2. | Steel Rod per feet (खिड़की तथा दरवाजा) |
| 3. | Kabija per piece Rate (खिड़की तथा दरवाजा) |
| 4. | पार्क हेतु बच्चों के लिए झूले |

इच्छुक सप्लायर/ फर्म दिनांक 25/07/2025 शाम 5 बजे से पहले कार्यालय ग्राम पंचायत सपैडू प्रधान / सचिव के पास अपनी कुटेशनें सीलबन्द लिफाफे में पंजीकृत पत्र या स्वयं जमा करवायें। निविदाँए दिनांक 26/07/2025) को समय 11 बजे प्रातः पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी।

**नियम व शर्तें**

01. सप्लायर/फर्म के पास अपना जीएसटी नं. होना चाहिए।
02. जीएसटी के बिना निविदा रद्द समझी जायेगी। भरी दरों में ही जीएसटी शामिल समझा जायेगा। अलग से देय नहीं होगा।
03. सामग्री की अदायगी तकनीकी मूल्यांकन होने के बाद ही की जायेगी।
04 अन्तिम निर्णय पंचायत का होगा।

यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत सपैडू
विकास खंड व तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

मैं, अंजिता देवी, पत्नी रतन लाल, गांव अलसु, डाकघर डैहर, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश, घोषणा करती हूं कि आधार कार्ड में मेरा नाम अंजना देवी और जन्मतिथि 05-09-1977 गलत दर्ज है। मेरा असली व सही नाम अंजिता देवी है और जन्मतिथि 03-11-1976 है। सभी संबंधित नोट करें।

**नाम परिवर्तन**

मैं, यादविंदर कुमार (45) पुत्र हुकमियां, गांव और डाकघर खोठो, तहसील बल्ह, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मेरे बेटे के आधार कार्ड में नाम अश्विनी (Ashwini) और जन्मतिथि 17-05-2012 गलत दर्ज हो गई है। मेरे बेटे का सही नाम अश्विनी (Ashwani) है और जन्मतिथि 18-05-2012 है। सभी संबंधित नोट करें।

**पुस्तकालय** महान व्यायामशाला की तरह है, जहां हम अपने मन को मजबूत बनाने के लिए जाते हैं। -**स्वामी विवेकानंद**

## संपादकीय

# किसानों के अच्छे दिन

देश में अब किसानों के अच्छे दिन आने वाले हैं, क्योंकि केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दे दी है। यह योजना अगले 6 साल तक चलेगी और देश के 100 जिलों को कवर करेगी। हर साल इसके लिए 24,000 करोड़ रुपए का बजट तय किया गया है। जाहिर है इसका लाभ किसानों को मिलेगा, लेकिन यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि इस योजना के पात्र लोग ही लाभान्वित हों, इसमें कोई फर्जीवाड़ा न हो। हालांकि, अब तक मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में गड़बड़झाले का कोई बड़ा मामला सामने नहीं आया है, लेकिन फिर भी इस मामले में सतर्कता बरतना जरूरी है। किसान दिन-रात मेहनत करता है, मौसम की मार झेलता है, प्राकृतिक आपदाओं से जूझता है और फिर भी खेतों से भरपूर फसल निकालता है, लेकिन जितनी मेहनत वह करता है, उतनी सुविधा उसे उपलब्ध नहीं होती। आज भी देश के करोड़ों किसान अपनी उपज को उचित स्थान पर सुरक्षित रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। फसल उत्पादन के बाद सबसे बड़ी समस्या भंडारण की होती है। अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी छोटे और सीमांत किसानों के पास अनाज को संग्रहित करने की समुचित व्यवस्था नहीं होती।

नतीजतन, उन्हें औने-पौने दामों पर मंडियों में या बिचौलियों को फसल बेचनी पड़ती है, जिससे उनकी मेहनत का मूल्य उन्हें नहीं मिल पाता। दूसरी ओर, सिंचाई की समस्या भी उतनी ही विकराल है। बारिश पर निर्भर किसान अक्सर सूखे या असमय वर्षा से प्रभावित होते हैं। अनेक क्षेत्रों में नहरों, कूहलों, ट्यूबवेल जैसी सिंचाई की बुनियादी संरचना का अभाव है। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का लक्ष्य किसानों को इन समस्याओं से उबारना है। इसका पहला उद्देश्य फसल कटाई के बाद भंडारण सुविधा को मजबूत बनाना है, ताकि किसान अपनी फसल को सुरक्षित रख सकें और बेहतर कीमत मिलने पर ही बाजार में बेचें। इससे किसानों को सीधा आर्थिक लाभ होगा और उनकी मोल-भाव की स्थिति मजबूत होगी।

दूसरा अहम उद्देश्य सिंचाई व्यवस्था को दुरुस्त करना है। देश के अनेक जिलों में अब भी खेतों तक पानी नहीं पहुंचता या किसान डीजल पंप से महंगे दामों में सिंचाई करते हैं। यह योजना हर जिले में स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार सिंचाई के साधन मुहैया कराने की दिशा में कार्य करेगी। इससे न सिर्फ उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि कृषि पर होने वाला खर्च भी कम होगा। तीसरा लक्ष्य है खेती की उत्पादकता को बढ़ाना। बेहतर बीज, उन्नत तकनीक, मिट्टी परीक्षण, फसल विविधता, जैविक खेती को प्रोत्साहन जैसी उपायों को इस योजना में शामिल किया जाएगा, जिससे किसान कम लागत में अधिक उपज प्राप्त कर सकें। हालांकि, योजना की मंशा अत्यंत सकारात्मक है, लेकिन इसके सफल क्रियान्वयन के लिए पारदर्शिता और सख्त निगरानी जरूरी है। कृषि क्षेत्र में भ्रष्टाचार और फर्जी लाभार्थियों की प्रवृत्ति हमेशा से एक चुनौती रही है। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि योजना का लाभ केवल वास्तविक, पात्र और सक्रिय किसानों को ही मिले। कई बार देखा गया है कि योजनाओं में पंजीकरण के समय फर्जी नाम दर्ज कर दिए जाते हैं या बिचौलिए किसान का अधिकार हड़प लेते हैं।

इससे बचने के लिए आधार लिंकिंग, डिजिटल सत्यापन और पंचायत स्तर पर निगरानी तंत्र की सख्ती अनिवार्य है। देश का किसान वर्षों से इस आस में है कि कोई सरकार उसकी समस्याओं का स्थायी समाधान निकाले। प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना किसानों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने की दिशा में सार्थक पहल है, लेकिन यह तभी संभव होगा जब इस योजना को नीतिगत प्रतिबद्धता, प्रशासनिक इच्छाशक्ति और स्थानीय सहयोग के साथ लागू किया जाए। राज्य सरकारों, पंचायतों, कृषि विभाग और स्वयंसेवी संगठनों की सक्रिय भागीदारी भी इस योजना को सफल बनाने में सहायक सिद्ध होगी। किसानों को प्रशिक्षण, तकनीकी जानकारी और योजना के बारे में स्पष्ट जानकारी देना भी उतना ही जरूरी है, ताकि वे सही तरीके से योजना का लाभ उठा सकें।

यदि योजना पूरी ईमानदारी और निष्पक्षता से लागू होती है, तो यह भारतीय कृषि की दशा और दिशा दोनों को बदल सकती है। किसानों की आय में इजाफा होगा, आत्महत्या जैसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं घटेंगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी। इससे देश के खाद्य भंडारण तंत्र को भी मजबूती मिलेगी, जिससे खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी। साथ ही, भंडारण और सिंचाई जैसी संरचनाओं के निर्माण से रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे, जिससे गांवों में पलायन की समस्या में भी कुछ हद तक राहत मिल सकती है। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना किसानों के लिए एक नई सुबह की दस्तक है। यह योजना केवल वित्तीय सहायता नहीं, बल्कि कृषि सुधारों की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। इसमें भंडारण, सिंचाई और उत्पादकता के माध्यम से किसान को मजबूत करने का प्रयास है। अब यह सरकार, प्रशासन और समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है कि इस योजना को जमीनी स्तर तक पहुंचाएं और देश के अन्नदाता को वह सम्मान और सुविधा दें, जिसके वह असल में हकदार हैं। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# भारतीय महिला फ्रीस्टाइल पहलवान

**पूजा** सिहाग भारतीय महिला फ्रीस्टाइल पहलवान हैं। उन्होंने बर्मिंघम, इंग्लैंड में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स, 2022 में भारत के लि, कांस्य पदक जीता है। पूजा सिहाग ने कॉमनवेल्थ गेम्स में महिलाओं की फ्रीस्टाइल कुश्ती के 76 कि.ग्रा. वर्ग में यह पदक जीता। उन्होंने कांस्य पदक के मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की नाओमी डी ब्रुइन के खिलाफ जीत हासिल। हरियाणा से आने वाली पूजा सिहाग का जन्म हांसी शहर में एक किसान परिवार में हुआ। उनके पहलवान बनने का सपना उनके पिता ने ही देखा था। पूजा सिहाग ने केवल 13 साल की उम्र में कुश्ती खेलना शुरू किया था। उन्होंने जूनियर एशियाई चैंपियनशिप 2014, 2015 और 2017 में कांस्य और 2016 में रजत पदक जीता था। 2021 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य अपने नाम किया। कॉमनवेल्थ गेम्स, 2022 के 9वें दिन महिला फ्रीस्टाइल 76 कि.ग्रा. भार वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में जीत दर्ज करते हुए पूजा सिहाग ने भारत की झोली में पदक डाला। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की नाओमी डी ब्रूइन को हराकर कांस्य पदक हासिल किया। ■



पूजा सिहाग
**जन्म** :17 जुलाई, 1997



कविता

## नदी बोली

राजेंद्र पालमपुरी, वरिष्ठ साहित्यकार

*जो न कभी हुए थे पानी, कर दिए पानी पानी।*
*अब भी समझ न पाए कुछ तो, याद आएगी नानी।।*

*अपनी सीमा से आगे ही, आगे चले हमेशा।*
*रहे सोचते क्या रोकेगा, हमें जहां तूफानी।।*

*लेकिन देखो न तुम बदले, मैंने राहें बदलीं।*
*फिर से मैनें अपना लीं हैं, राहें स्वयं पुरानी।।*

*सीना छलनी कर तुमने तो, हदें पार सब कर दी।*
*अब रोते क्यों आई जब मैं, बन कर हवा तूफानी।।*

*मेरे सभी किनारों पर हैं, बनवा ली मीनारें।*
*अब क्यों डरते हो जब आई, मैं लेने कुर्बानी।।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# अंतरिक्ष में भारत की आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा

मानव इतिहास की परिधि पर जब भी कोई नया चक्र उभरता है, तो उसमें विज्ञान, कल्पना और आत्मबल की त्रयी सबसे महत्वपूर्ण होती है।

भारत की अंतरिक्ष यात्रा, जो एक समय टिन के डब्बों में साइकिलों पर रॉकेट लेकर चलने से शुरू हुई थी, आज न केवल चंद्रमा और मंगल की मिट्टी तक पहुंच चुकी है, बल्कि मानव संसाधन के नए क्षितिज भी गढ़ रही है। हाल ही में संपन्न हुई भारतीय मूल की गगनयात्री सुनीता विलियम्स की ऐतिहासिक वापसी, न केवल अमेरिका की सफलता है, बल्कि भारत के अंतरिक्ष स्वप्नों को भी नए पंख दे गई है। उनके साहस ने भारत की आधी आबादी-नारी शक्ति-को यह संदेश दिया है कि अब अंतरिक्ष केवल विज्ञान का विषय नहीं, बल्कि आत्मबल, समानता और नवाचार का प्रतीक बन चुका है। और अब अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 18 दिनों के अंतरिक्ष प्रवास के बाद पृथ्वी पर लौट चुके हैं। वह अपने साथ सिर्फ वैज्ञानिक आंकड़े और बीज के नमूने ही नहीं बल्कि साहस, सपनों और भारत की बढ़ती अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं की कहानी भी लेकर आए हैं। भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम कोई दिखावा नहीं, बल्कि जमीनी जरूरतों का समाधान है। ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम की सटीक जानकारी, किसानों के लिए फसल पूर्वानुमान, आपदा प्रबंधन, संचार और शिक्षा के लिए सस्ती सेवाएं—ये सब हमारे उपग्रहों की देन हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की सफलता सिर्फ रॉकेट प्रक्षेपणों की संख्या में नहीं, बल्कि उनकी गुणवत्ता, सटीकता और न्यूनतम लागत में छुपी हुई है।



डॉ.सत्यवान सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यही कारण है कि दुनिया के बड़े राष्ट्र भी आज अपने उपग्रह प्रक्षेपण के लिए भारत का रुख कर रहे हैं। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग और आगामी गगनयान मिशन भारत को उस गुट में खड़ा कर रहे हैं, जहां सिर्फ चंद विकसित देश अब तक मौजूद थे। गगनयान मिशन, जिसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को स्वदेशी यान में अंतरिक्ष में भेजा जाएगा,



सिर्फ विज्ञान नहीं, बल्कि भारतीय आत्मगौरव की पुनर्प्रतिष्ठा का प्रतीक होगा। इस यात्रा का सबसे रोचक पहलू यह है कि इसमें अब केवल वैज्ञानिक ही नहीं, आम भारतीय युवाओं के लिए भी संभावनाओं के नए द्वार खुल रहे हैं। इसरो, रक्षा अनुसंधान संगठन और निजी क्षेत्र के सहयोग से भारत एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रहा है जहां विज्ञान, नवाचार, रोजगार और उद्यमिता एक साथ फल-फूल सकते हैं।

सुनीता विलियम्स, कल्पना चावला, और अब भारत की युवा वैज्ञानिक-ये सब उदाहरण हैं उस शक्ति के जो अंतरिक्ष में भी सीमित नहीं है। आज देश की बेटियां रोवर बना रही हैं, सॉफ्टवेयर कोड लिख रही हैं, रॉकेट डिजाइन कर रही हैं। भारतीय अंतरिक्ष केंद्रों में महिला वैज्ञानिकों की सक्रिय भागीदारी इस मिथक को तोड़ती है कि विज्ञान केवल पुरुषों का क्षेत्र है।

यह केवल लैंगिक समानता की बात नहीं, यह सामाजिक न्याय और राष्ट्र निर्माण की नींव है। जब एक लड़की अंतरिक्ष में जाती है, तो पूरे समाज का सोचने का तरीका बदलता है। देश के नवोदय विद्यालयों, केंद्रीय विद्यालयों, सरकारी स्कूलों, और ग्रामीण अंचलों से आने वाले छात्र-छात्राएं अब स्पेस क्लब का हिस्सा हैं। नन्हे वैज्ञानिक अब मोबाइल एप्लिकेशन से रॉकेट लॉन्च की प्रक्रिया को समझ रहे हैं, और निजी स्टार्टअप्स जैसे अग्निकुल, 'स्काईरूट', और पिक्सेल अंतरिक्ष आधारित स्टार्टअप संस्कृति को जन्म दे रहे हैं। यह परिवर्तन केवल पढ़ाई या परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि रोजगार सृजन, नवाचार, और आर्थिक आत्मनिर्भरता की नींव भी है। अंतरिक्ष क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत का सपना अब सिर्फ सपना नहीं, योजनाबद्ध यथार्थ बनता जा रहा है। भारत में 2021 में स्थापित हुए अंतरिक्ष स्टार्टअप की संख्या 30 से बढ़कर 2025 में 190 से अधिक हो चुकी है। इस वृद्धि के पीछे न केवल सरकारी नीतियां हैं, बल्कि वह युवा ऊर्जा भी है जो रिस्क लेने को तैयार है।

अब भारतीय युवा सिर्फ सरकारी नौकरी की तरफ नहीं देख रहा, वह अब सोचता है कि वह क्यों न खुद एक उपग्रह विकसित करे? क्यों न वह लॉन्च सर्विस उपलब्ध कराए? क्यों न वह अंतरिक्ष कचरे की सफाई पर स्टार्टअप शुरू करे? यह वही नया भारत है, जो न केवल ख्वाब देखता है, बल्कि उन्हें साकार भी करता है। भारत अब अंतरिक्ष विज्ञान में केवल एक अनुसरणकर्ता नहीं, एक पथप्रदर्शक बनता जा रहा है। अफ्रीका, एशिया और दक्षिण अमेरिका के कई देश भारत से सहयोग की उम्मीद कर रहे हैं। भारत के सार्क सैटेलाइट का निर्माण यह दर्शाता है कि वह विज्ञान को केवल राष्ट्रहित में नहीं, विश्वहित में भी प्रयोग करना चाहता है। भारत की वसुधैव कुटुंबकम की भावना अब पृथ्वी तक सीमित नहीं रही, बल्कि वह ब्रह्मांड तक विस्तार पा रही है। हालांकि यह भी आवश्यक है कि अंतरिक्ष विज्ञान के इस उत्साह को तर्क और जिम्मेदारी के साथ देखा जाए। विज्ञान का उपयोग यदि केवल आत्मप्रशंसा या राजनीतिक प्रचार के लिए हो, तो वह अपने मूल उद्देश्य से भटक सकता है। हमें यह ध्यान रखना होगा कि अंतरिक्ष विज्ञान केवल चंद्रमा पर तिरंगा फहराने का उपक्रम नहीं, बल्कि गांव-गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार और आपदा राहत पहुंचाने का भी माध्यम है। सच्चा राष्ट्रवाद वही है जो विज्ञान को लोकमंगल से जोड़ता है, न कि केवल मीडिया तमाशा बनाता है। भारत की अंतरिक्ष यात्रा केवल रॉकेटों की गिनती नहीं है। यह देश की चेतना, आत्मबल, नवाचार, और युवाशक्ति की उड़ान है। जब कोई बच्चा गांव की मिट्टी से उठकर अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनने का सपना देखता है, जब कोई युवती कहती है कि वह सुनीता विलियम्स या कल्पना चावला बनना चाहती है। विज्ञान का दीपक केवल रॉकेट नहीं बनाता, वह आशा, समानता और आत्मनिर्भरता की लौ भी जलाता है। अंतरिक्ष में भारत की यह यात्रा यहीं नहीं थमेगी। यह हर उस हृदय की धड़कन बनेगी, जो सोचता है, जो गढ़ता है और जो उड़ना चाहता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# हिमाचल में पहाड़ियों का दरकना खतरे की आहट

सृजनशील प्रकृति कब विध्वंसक रूप धारण कर ले इसका कोई पता नहीं, परंतु विध्वंस के बीच मानव की मध्यस्थता हो तो यह बात शूल की तरह चुभती है। आए दिन हम प्रकृति विनाशक घटनाओं के बारे में सुनते हैं कि कहीं पहाड़ दरक गया और कहीं बादल फट गया जब इन घटनाओं की संजीव तस्वीर हमारे सामने आती है तो एक बार ऐसा लगता है कि प्रकृति विनाश की घटनाओं में मध्यस्थता करने वाले मानव से क्रुद्ध सी है, क्योंकि भू से अनवरत छेड़छाड़ करने वाला मानव अब प्रकृति के कोप भाजन का शिकार स्वयं होता जा रहा है।



बचन सिंह घटवाल
मस्सल (कांगड़ा)

हम अपने प्रदेश हिमाचल के संदर्भ में ही अगर बात करें तो पहाड़ियों के दरकने सरकने का सिलसिला भीषण रूप धारण कर रहा है। बरसात का मौसम इसे और भी भयावह बना देता है। हिमाचल में अधिकतर वे ही स्थल पहाड़ियों के टूटने का कारण बने हैं जहां आधुनिक मशीनरी से सीधे खड़े पहाड़ों को काटने का प्रयास किया गया है। इसके अतिरिक्त हिमाचल के अन्य भागों में जहां मशीनरी व विस्फोटकों का प्रयोग कर सड़क मार्ग बनाए गए हैं वहां पहाड़ियों का बेतहाशा मलवा गिरने का दृश्य देखने को मिलता है। यह तो प्रगति की राह पर चलते मार्गों के ध्वस्त होने पर दृश्य उजागर हुए हैं और इसके अलावा कांगड़ा, कुल्लू मंडी, चंबा, लाहौल-स्पीति के अलावा अन्य जिलों में भी कई जगह अथाह बारिश की वजह से पहाड़ियों से मलवा तैरता हुआ गांव, घरों और दुकानों से होता हुआ आगे बढ़ गया है।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि हमने प्राकृतिक प्रवाहों के साथ छेड़छाड़ का सिलसिला बदस्तूर



जारी रखा हुआ है, तभी तो कहीं-कहीं घटनाओं के क्रम में हम स्वयं दोषी नजर आते हैं। हिमाचल में आज प्रदेश की तस्वीर को संवारने का सिलसिला प्रगति पर है, परंतु दूरदर्शिता इसी में है कि हम प्रगति के संग भविष्य की विनाशकारी घटनाओं को होने से रोकने का प्रबंध भी साथ-साथ करें। पहाड़ियों को काटने छांटने के क्रम संग पहाड़ियों को मजबूती प्रदान करने हेतु पुख्ता दीवारों के निर्माण की पहल करें।

पहाड़ियों के दरकने व चट्टानों के खिसकने के संभावित स्थलों को पूर्णरुपेण प्रतिरोधक बनाने की व्यवस्था करें। इसमें संदेह नहीं है कि हमारे संपूर्ण पहाड़ी क्षेत्र में सड़कों का विस्तार अधिकतर घुमावदार है। कहीं-कहीं पहाड़ियों की आकृति अनुसार सड़कों की व्यवस्था की गई है।

पहाड़ियों की ऊंची श्रृंखलाएं बाधा बनती सड़कों को कहीं कहीं सुरंगों का निर्माण भी व्यवस्थित किया गया है। इससे ऐसा नहीं लगता कि पहाड़ियों की रीढ़ को कमजोर किया जा रहा है। नव निर्माण हेतु अर्थव्यवस्था का पहिया इतना मजबूत शायद नहीं है कि हम पहाड़ियों को नुकसान पहुंचाए बगैर प्रदेश की सड़कों का विस्तार करें। अगर प्रगति पथ व्यवस्थित पहाड़ियों को नुकसान पहुंचाने के क्रम से ही निकलता हुआ जाता है, तो पहाड़ियों को काटने छांटने के बजाय फ्लाईओवर निर्माण की तकनीक को प्राथमिकता देना उपयुक्त है। कुछ मार्गों में ऐसा किया भी जा रहा है जो की बहुत अच्छी बात है। जहां पहाड़ियों की श्रृंखलाएं कच्ची भुरभुरी मिट्टी से निर्मित है, वहां पहाड़ियों का दरकना आज प्रदेश की प्रमुख समस्या बनी हुई है। हर वर्ष सड़कों को दुरुस्त करने में हम काफी पैसा बरसात के बाद उन्हें संवारने में खर्च कर देते हैं, तो क्यों न नव निर्माण हेतु नवीन तकनीक का सहारा लेते हुए पहाड़ी खतरे वाले स्थलों को नए रूप से संवारें। खड्डों नालों में रेत बजरी का चोरी छुपे कारोबार भी प्रदेश में बड़े पैमाने पर जारी है, जबकि प्रशासन पहले की अपेक्षा अब ज्यादा सक्रिय व मुस्तैद है। खड्डों नालों के पत्थर दिखते ही निजी ट्रैक्टरों का जमावड़ा खनन की प्रक्रिया को अंजाम देने में देर नहीं करता है। सुंदर हिमाचल की उभरती तस्वीर संग प्रकृति विनाशक घटनाओं का भय जनमानस को डराने का काम न करे, इसलिए दरकती पहाड़ियों के खतरे की आहट को भांपकर प्रकृति से छेड़छाड़ पर लगाम लगाना बेहद जरूरी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**


## अपनी बात

**आजकल** देश व प्रदेश में साइबर अपराधी साइबर धोखाधड़ी के पैसे को फ्रॉड अकाउंट द्वारा निवेश कर रहे हैं जिससे असली खाताधारक का खाता पुलिस द्वारा होल्ड कर लिया जाता है। उपरोक्त खाताधारक का खाता होल्ड होने पर पुलिस की जांच से गुजरना पड़ता है। साइबर अपराध से बचाव के लिए लोगों को चाहिए कि वे ऑनलाइन गतिविधियों के दौरान संदिग्ध लिंक व अनजान मैसेज पर क्लिक न करें, अनजान मोबाइल नंबर से आ रही वीडियो कॉल न उठाएं, अनजान नंबरों से सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे कि टेलीग्राम व व्हाट्सएप पर ऑनलाइन टास्क न करें, गूगल सर्च से मिलने वाले फर्जी हेल्पलाइन नंबरों को डायल न करें और सुरक्षित वेबसाइट का ही इस्तेमाल करें, मोबाइल फोन के अत्यधिक प्रयोग और उससे जुड़े जोखिमों के प्रति सजग रहें तथा अधिक कमाई के लालच से बचें। सतर्क रहना ही बचाव है।

**कविराज, पालमपुर**

# बिहार में मतदाता सूचियों के पुनर्निरीक्षण की प्रक्रिया एवं न्यायपालिका

भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में मतदाता सूची की शुद्धता चुनाव की निष्पक्षता और पारदर्शिता की आधारशिला है। ऐसे में यदि किसी राज्य विशेष में मतदाता सूची में फर्जी नामों की बात सामने आती है, तो चुनाव आयोग का हस्तक्षेप आवश्यक हो जाता है। आजकल बिहार में मतदाता सूची की पुनर्निरीक्षण प्रक्रिया को लेकर जो विवाद उत्पन्न हुआ है, वह न केवल राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है, बल्कि न्यायपालिका के सामने भी चुनौती बनकर खड़ा है।



हरिराम धीमान
नालागढ़

बिहार में चुनाव आयोग ने व्यापक स्तर पर मतदाता सूची की छानबीन शुरू की है। आयोग का तर्क है कि पिछले कुछ वर्षों में बड़ी संख्या में फर्जी वोटर, दोहरे नाम और संदिग्ध नागरिकों के नाम वोटर लिस्ट में जुड़ गए हैं। आयोग का यह भी कहना है कि राज्य में घुसपैठ की संभावनाएं अधिक हैं, जिसके चलते मतदाता सूची की स्वच्छता पर प्रश्नचिह्न लग गए हैं। इस प्रक्रिया के अंतर्गत चुनाव आयोग द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन, दस्तावेजों की मांग और नामों के विलोपन की कार्यवाही की जा रही है, लेकिन विपक्षी दलों का आरोप है कि यह कार्यवाही एकतरफा, भेदभावपूर्ण, और राजनीतिक प्रेरणा से प्रेरित है। कई विपक्षी नेताओं का कहना है कि इसके जरिए एक विशेष समुदाय को टारगेट किया जा रहा है और मतदाता सूची से उनका नाम हटाया जा रहा है। विपक्षी दलों की मुख्य मांग यह है कि आधार कार्ड को वैध दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाए। उनका तर्क है कि यदि किसी व्यक्ति के पास आधार है, तो उसकी पहचान और नागरिकता स्वतः प्रमाणित हो जाती है, लेकिन इस दलील के जवाब में चुनाव आयोग यह कह रहा है कि आधार कार्ड का उपयोग पहचान पत्र के रूप में किया जा सकता है, लेकिन नागरिकता प्रमाणित करने के लिए यह पर्याप्त नहीं है। यह भी एक कटु सत्य है कि भारत में हजारों विदेशी नागरिकों के नाम पर भी आधार कार्ड बन चुके हैं। विशेष रूप से असम, बंगाल और बिहार जैसे सीमावर्ती राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों द्वारा आधार कार्ड बनवा लेना आम बात रही है।

यह स्वयं भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण भी स्वीकार करता है कि आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है। इस प्रकार, विपक्ष की यह मांग कि आधार कार्ड को नागरिकता का प्रमाण माना जाए, कानूनी और संवैधानिक दृष्टिकोण से तर्कसंगत नहीं मानी जा सकती। हालांकि, इस बहस के केंद्र में यह बात भी महत्वपूर्ण है कि अगर आधार को नामंजूर किया जाए, तो फिर नागरिकता की पुष्टि का मापदंड क्या होगा? वर्तमान समय में यह मामला भारत के सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। याचिकाकर्ताओं ने यह आरोप लगाया है कि मतदाता सूची सुधार की आड़ में चुनाव आयोग



भेदभावपूर्ण तरीके से काम कर रहा है और संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का उल्लंघन कर रहा है। 10 जुलाई को सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पुनर्निरीक्षण प्रक्रिया पर कोई आदेश पारित नहीं किया और न ही इस प्रक्रिया पर कोई रोक लगाई है।

आयोग को सलाह अवक्षय दी है कि आधार कार्ड, वोटर कार्ड या राशन कार्ड को भी पहचान के रूप में स्वीकार करने पर विचार करे। अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। यहां प्रश्न उठता है कि क्या सर्वोच्च न्यायालय चुनाव आयोग को निर्देश दे सकता है? भारत के संविधान में चुनाव आयोग को संवैधानिक संस्था के रूप में मान्यता प्राप्त है (अनुच्छेद 324)। आयोग के पास स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने की पूरी जिम्मेदारी है और उसे अपने निर्णय लेने की संवैधानिक स्वायत्तता प्राप्त है। यद्यपि, यदि आयोग की कार्यप्रणाली में भेदभाव, राजनीतिक पक्षपात या किसी समुदाय विशेष के साथ अन्याय का स्पष्ट प्रमाण हो, तो सर्वोच्च न्यायालय इस पर हस्तक्षेप कर सकता है। यह हस्तक्षेप आयोग की कार्यप्रणाली को नियंत्रित करने के रूप में नहीं, बल्कि संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के रूप में होता है। न्यायपालिका का कार्य लोकतांत्रिक संस्थाओं की निगरानी करना है, न कि उनकी स्वतंत्रता में बाधा डालना। पूर्व में भी सुप्रीम कोर्ट ने कई बार चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए VVPAT, NOTA, और आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों की जानकारी को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं। इस संदर्भ में कोर्ट की भूमिका एक संतुलन बनाने वाली संस्था के रूप में देखी जानी चाहिए। भारत का संविधान यह स्पष्ट करता है कि केवल भारतीय नागरिक ही मतदान करने के अधिकारी हैं।

नागरिकता अधिनियम, 1955 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में यह भी स्पष्ट किया गया है कि घुसपैठिए, प्रवासी नागरिक, या अवैध रूप से रहने वाले व्यक्ति मतदान नहीं कर सकते। लेकिन वास्तविकता यह है कि आज भारत में हजारों की संख्या में ऐसे लोग मौजूद हैं जिनकी नागरिकता संदिग्ध है, लेकिन जिनके पास आधार कार्ड, राशन कार्ड, और यहां तक कि मतदाता पहचान पत्र भी हैं। यह प्रशासनिक लापरवाही और प्रणालीगत खामियों का परिणाम है। इसलिए चुनाव आयोग यदि यह कहता है कि संदिग्ध नागरिकों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जाएं, तो यह संवैधानिक दायित्व के अंतर्गत आता है। लेकिन यह भी आवश्यक है कि यह कार्य निष्पक्ष, पारदर्शी, और समावेशी दृष्टिकोण से किया जाए। इस मुद्दे पर जिस प्रकार से विपक्षी दलों द्वारा राजनीतिक शोरगुल किया जा रहा है, वह कुछ हद तक चुनाव आयोग की प्रक्रिया पर संदेह उत्पन्न करता है। यदि आयोग पारदर्शिता बनाए रखने में विफल रहता है, तो यह एक बड़े राजनीतिक और सामाजिक तनाव का कारण बन सकता है। दूसरी ओर, यदि फर्जी वोटरों को वोट देने की अनुमति दी जाती है, तो यह लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांतों के साथ विश्वासघात होगा। अतः इस प्रक्रिया में संतुलन बनाए रखना आवश्यक है — एक ओर सच्चे भारतीय नागरिकों के मताधिकार की रक्षा, और दूसरी ओर फर्जी वोटिंग की रोकथाम। सुप्रीम कोर्ट की भूमिका इस संपूर्ण मामले में निर्णायक होगी। न्यायपालिका से अपेक्षा की जाती है कि वह संवैधानिक मूल्य, न्याय, और निष्पक्षता के आधार पर फैसला देगी, ताकि ना तो एक भी भारतीय नागरिक का नाम वोटर लिस्ट से हटे, और न ही कोई विदेशी नागरिक मताधिकार का लाभ उठा सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# पहाड़ी प्रदेश में अचानक फलदार पेड़ों का कटान चिंताजनक

वन भूमि में अवैध कब्जे हटाने को लेकर माननीय अदालतों को संज्ञान लेना पड़े तो समझना होगा कि हमारी राज्य सरकारें प्रकृति संरक्षण में नाकाम हैं। कहने को हिमाचल प्रदेश में 68 प्रतिशत भूमि पर जंगल शेष बचे हैं। सच बात यह है कि प्रभावशाली लोगों ने अवैध भवन निर्माण सहित बगीचे स्थापित करके अपना अधीपत्य वन भूमि पर जमा रखा है। राज्य सरकार के विभाग भी सरकारी जमीनों पर निरंतर हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने में फिलहाल नाकाम हैं। अतिक्रमण की फाइलें दशकों से कार्यालयों की अलमारियों में धूल फांक रही हैं। राजनीतिक दखलअंदाजी के चलते प्रशासनिक अधिकारी जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियां सही निभाने में असफल चल रहे हैं।



सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक

हिमाचल प्रदेश में शायद ही कोई गांव शेष अतिक्रमण से बचा है। अन्यथा लोगों ने वन भूमि पर मकान, पशुशाला, शेड, होटल, रेस्टोरेंट, अन्य संस्थान खोलकर वन भूमि को संकरा बना दिया है। लोगों ने वन विभाग साथ लगती जमीनों को खरीदकर अतिक्रमण करना शुरू कर रखा है। नतीजतन जमीनों के दाम सातवें आसमान पर पहुंच चुके हैं। जंगलों में बनती सड़कें अवैध कब्जाधारियों का



लालच बढ़ा रही हैं। न्यायालय, राज्य सरकारें अगर कहें कि वन भूमि पर हुए अवैध कब्जे नियमित होंगे, तो फिर राजनीतिक पहुंच रखने वाले लोग इसका लाभ उठाने की अवश्य ही कोशिश करेंगें।

सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश को निर्देश देकर वन भूमि पर अवैध कब्जे हटाने की मुहिम शुरू किए जाने का आदेश दिया है। उच्च न्यायालय ने ऑपरेशन एनबेंशन के तहत इस अभियान का श्री गणेश कोटखाई चेथला गांव से किया है। इस अभियान तहत वन, भू राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही में सेब से लदे भारी तादाद में पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाकर इस कार्यवाही को अंजाम दिया है।

सरकारी विभागों की संयुक्त कार्यवाही से रामपुर, जुब्बल, रोहड़ू, चौपाल और ठयोग में वन विभाग की भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जाएगा। माननीय अदालतों के आदेश उपरांत हिमाचल प्रदेश के सरकारी विभागों द्वारा ऐसी कार्यवाही किए जाने की अधिकतर लोग सोशल मीडिया पर सराहना कर रहे हैं। कुछेक सेब से लदे हरे पेड़ों को अचानक काटने की कार्यवाही को प्रकृति खिलाफ बता रहे हैं।

बागवान आजकल बेहद खफा और आंदोलन की राह पर भी जाने की तैयारी कर रहे हैं। फलदार पौधों पर कुल्हाड़ी चलाना वैसे समझधारी नहीं माना जाता है। वन विभाग भी ऐसा करने की किसी ठेकेदार को अनुमति नहीं देता है। सेब की फसल तोड़ने के उपरांत इस कार्यवाही को अंजाम दिए जाना सही नहीं था, आज यह सवाल उठना शुरू है। बागवान पौधों का अपने बच्चे समान पालन, पोषण करता है। ऐसे में फलदार पौधे काटना भूस्खलन को न्योता देने समान हैं। पेड़ जमीन को अपनी जड़ों से जकड़कर रखते हैं। भारी मात्रा में पेड़ कटान अचानक किए जाने का आदेश देना भी सही नहीं है। बागवानों द्वारा सेब तुड़ान के करने उपरांत ही अतिक्रमण हटाना सही था। स्कूल, कालेजों की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के स्वयंसेवकों से पौधारोपण करवाकर प्रकृति संरक्षण को बढ़ावा देना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सुकाबाग में एनएच किनारे पुली धंसी एनएचएआई ने शुरू किया मरम्मत कार्य

## जैसे ही मौसम साफ होगा, शेष पुली की भी की जाएगी मरम्मत : अधिशाषी अभियंता

अनंत ज्ञान , जोगिंद्रनगर



सुकाबाग में एनएच किनारे धंसी पुली की मरम्मत करते हुए।

**उपमंडल** जोगिंद्रनगर की चौतड़ा पंचायत के सुकाबाग क्षेत्र में स्थित पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग-154 पर कुछ दिन पहले भारी बारिश के चलते एक पुली का हिस्सा धंस गया था। इससे सड़क पर वाहनों की आवाजाही खतरे में पड़ गई थी। स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद एनएचएआई ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और त्वरित कार्रवाई शुरू की।

बुधवार को एनएचएआई के अधिशाषी अभियंता अंकित गिल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि फिलहाल जितना भाग धंसा है, उसकी मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जैसे ही मौसम साफ होगा, शेष पुली की मरम्मत भी की जाएगी ताकि यातायात को स्थायी रूप से सुरक्षित बनाया जा सके। वहीं, एनएचएआई के अधिकारी विकास सूरजेवाला ने बताया कि इस मानसून में जगह-जगह भूस्खलन और सड़कें धंसने के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में हमारी टीमें मौके पर जाकर स्थिति का जायजा ले रही हैं और प्राथमिकता के आधार पर अस्थाई समाधान किए जा रहे हैं। जब मौसम स्थिर होगा, तब इन समस्याओं का स्थायी समाधान किया जाएगा ।

एनएचएआई की टीम ने सुरक्षा की दृष्टि से चेतावनी बोर्ड, बैरिकेड्स और अस्थायी इंतजाम भी किए हैं ताकि वाहनों की आवाजाही के दौरान कोई दुर्घटना न हो।

## सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर 5 दुकानदारों के काटे चालान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट** । सरकाघाट शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक के धड़ाधड़ उपयोग होने की सूचना के बाद नगर परिषद सरकाघाट के ईओ (तहसीलदार) मनीष कुमार की अगुवाई में शहर भर में कई दुकानों में छापेमारी की और चालान काटे उन्होंने सभी दुकानदारों को 15 दिनों की डेड लाइन जारी करते कहा कि वे तमाम तरह के सिंगल उसे प्लास्टिक को डिस्ट्रॉय कर दें अन्यथा भारी जुर्माना के साथ उनके विरुद्ध कि दर्ज किए जाएंगे नगर परिषद के योग मनीष कुमार द्वारा आज दोपहर बाद शुरू की गई इस कार्रवाई के चलते 5 होलसेल दुकानदारों विजय कुमार गुप्ता सोमनाथ कौशल कुलदीप कुमार गुप्ता रतन चंद राजेंद्र कुमार के पास सिंगल यूज प्लास्टिक की खेप पाए जाने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई के साथ जुर्माना भी किया गया।

# हत्या के दोषी को आजीवन कारावास की सजा और 50 हजार जुर्माना भी लगाया

अनंत ज्ञान, टीम

**जोगिंद्रनगर/सरकाघाट।** मंडी ज़िला के पधर उपमंडल के सियून गांव की नीला देवी की हत्या के मामले में आरोपी राकेश कुमार को अदालत ने दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उप जिला न्यायवादी राजीव शर्मा ने बताया कि माननीय अपर सत्र न्यायाधीश सरकारघाट, डॉ. अविनाश वासु की अदालत ने राकेश को हत्या के अपराध में आजीवन कारावास व 50,000 रुपए के आर्थिक दंड की सजा सुनाई है।

इसके साथ ही आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 323 (मारपीट) के अंतर्गत 2 महीने का कारावास तथा 1,000 रुपए का दंड, धारा 323 के तहत 1 वर्ष की सामान्य कैद और 1,000 रुपए का दंड तथा धारा 341 (गलत तरीके से रास्ता

**अदालत में 21 गवाहों के बयान करवाए दर्ज**

रोकना) के अंतर्गत 1 महीने की कैद व 500 रुपए के दंड की सज़ा भी सुनाई गई है।

यह घटना 31 दिसंबर, 2021 की है, जब पधर थाना क्षेत्र के अंतर्गत टीप (सुरयाणी) गांव निवासी नीला देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। पुलिस को सूचना मिली कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पधर में एक महिला को मृत अवस्था में लाया गया है। पुलिस जब घटनास्थल पर पहुंची तो परिजनों ने बताया कि घटना के समय नीला देवी अपने रिश्ते के भाई के घर गई थीं, जहां शराब के नशे में आरोपी राकेश कुमार ने रास्ता रोक कर वाद-विवाद किया और धक्का-मुक्की के दौरान नीला देवी को ज़ोर का धक्का दिया, जिससे वह सिर के बल नीचे गिर गईं। घटना के बाद नीला देवी को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। शव परीक्षण रिपोर्ट में भी मृत्यु का कारण सिर पर गंभीर चोट को बताया गया। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपी राकेश कुमार के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया।

इस मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने अदालत में 21 गवाहों के बयान दर्ज करवाए। इन गवाहियों और साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने राकेश कुमार को दोषी मानते हुए दंड सुनाया। उप जिला न्यायवादी राजीव शर्मा ने बताया कि यह फैसला न्याय की दिशा में एक कड़ा संदेश है कि महिलाओं के विरुद्ध हिंसा करने वालों को किसी भी हालत में छोड़ा नहीं जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रवासी मजदूर की 12 वर्षीय बेटी लापता

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** धनोटू थाना के तहत भौर पंचायत के साई गांव में रहने वाले प्रवासी मजदूर की 12 वर्षीय बेटी रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हो गई है। वह क्वार्टर से स्कूल जाने को लेकर गई थी, लेकिन जब शाम तक न लौटी तो पिता ने थाना में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में भजन पुत्र मनोहर लाल निवासी गांव व डाकघर बिलाईगढ़ जिला बलौदा बाजार भाटापारा छत्तीसगढ़ ने कहा कि मंगलवार को जब वह दोपहर बाद करीब 3 बजे घर लौटा तो बेटे ने बताया कि तनु (12) सुबह 10 बजे अपने क्वार्टर से यह बोल कर गई कि वह स्कूल किसी काम से जा रही है। लेकिन शाम तक वह न लौटी तो हर संभावित जगह तलाश किया, लेकिन उसका कोई पता न चल पाया है। एसपी साक्षी वर्मा ने बताया धनोटू थाना में धनोटू थाना में प्राथमिकी दर्ज कर बालिका की तलाश शुरू कर दी गई है।

### 87 ग्राम चरस सहित 3 युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना धनोटू टीम ने 87 ग्राम चरस के साथ उत्तर प्रदेश निवासी तीन कार सवार युवकों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी युवकों की पहचान सोनू यादव (33) पुत्र धनवीर निवासी मकान नंबर 242 गांव शाहपुर बमहेटा तहसील व जिला गाजियाबाद, विनीत (32) पुत्र भीम सिंह निवासी गांव सादिकपुर डाकघर डासना तहसील व जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश और कपिल सिरोही पुत्र सतेंद्र सिरोही निवासी गांव आकाश नगर डाकघर डासना गाजियाबाद के रूप में हुई। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार और कार को कब्जे में लेकर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी है। एसपी साक्षी वर्मा ने कार सवार तीन युवकों को 87 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार करने की पुष्टि की है।

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र जोगिंद्रनगर के बीएलओ सुपरवाइजर और बीएलओ के लिए जोगिंद्रनगर छात्रा स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस कार्यशाला का उद्देश्य आगामी मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को सुचारू रूप से संचालित करना और मतदाता सूची में शुद्धता बनाए रखना था। इस तीन दिवसीय कार्यशाला के दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी व निर्वाचन नोडल अधिकारियों ने प्रशिक्षण सत्रों का निरीक्षण किया और उपस्थित कर्मचारियों को सटीक व निष्पक्ष कार्य करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान मुख्य प्रशिक्षक अखिल सूद ने बीएलओ व बीएलओ सुपरवाइजर को निर्वाचन प्रक्रिया, मतदाता पंजीकरण, मतदाता सूचियों के नवीनीकरण के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला में निर्वाचन सहायक मोहन, रणबीर कटोच आईटी, संतोष कुमारी व सभी मतदान केंद्रों से संबंधित बीएलओ व सुपरवाइजर शामिल रहे।

### प्रभावितों के लिए कल लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सराज में हुई भीषण प्राकृतिक आपदा से प्रभावित नागरिकों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आयुष विभाग मंडी 18 जुलाई को थुनाग में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने जा रहा है। इस शिविर में प्रभावित नागरिकों को आयुष पद्धति पर आधारित निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। शिविर में आयुर्वेद विशेषज्ञों की टीम द्वारा नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली आयुष औषधियों का वितरण किया जाएगा। प्राकृतिक आपदा से आए मानसिक तनाव को कम करने के लिए योग परामर्श दिया जाएगा, वहीं नागरिकों को संतुलित आहार और जीवनशैली में सुधार से संबंधित उपयोगी सुझाव भी दिए जाएंगे। जिला आयुष अधिकारी डॉ राजेश कुमार कालिया ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लें और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करें।

### सिकल सेल एनीमिया के लक्षण व उपाय बताए

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला में सिकल सेल एनीमिया एवं जनजातीय समुदाय के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के 13 एनसीसी कैडेटों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर जनजागरूकता अभियान को सफल बनाया। मुख्य वक्ता के रूप में एनसीसी अधिकारी प्रो. हुकम चंद ने सिकल सेल एनीमिया के लक्षण, इसके होने के कारण, रोकथाम के उपाय और उपलब्ध उपचार पद्धतियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जनजातीय समुदाय के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, रोजगार, छात्रवृत्ति, आयुष्मान भारत योजना और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं की जानकारी भी उपस्थित लोगों को दी।

### लखदाता मंदिर धनोटू में भंडारा पहली को

**भीम बसेडू, अनंत ज्ञान, महादेव।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग नं 21 से सटे प्राचीन लखदाता मंदिर प्रांगण में हर वर्ष की भांति इस बार भी 1 अगस्त को लखदाता पीर का प्रसाद वितरित किया जाएगा। श्री लखदाता पीर मंदिर समिति धनोटू एक अगस्त को विशाल भंडारे का आयोजन मंदिर के सामने शहीद राजेश कुमार चौहान स्मारक स्थली की बगल वाले मैदान में करेगी। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे 1 अगस्त को आयोजित किए जाने वाले भंडारे में शामिल होकर लखदाता महाराज का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागीदार बनें।

## संकल्प संकुल स्तरीय संगठन ने डीसी को भेंट की आपदा प्रभावितों की राशि



डीसी मंडी को बीडीओ विवेक चौहान के नेतृत्व में आपदा प्रभावितों के लिए राशि भेंट करते संकल्प संकुल स्तरीय संगठन के सदस्य।

उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** संकल्प संकुल स्तरीय संगठन सुंदरनगर आपदा प्रभावितों को मदद को आगे आया है। बुधवार को संगठन ने खंड विकास अधिकारी सुंदरनगर विवेक चौहान के नेतृत्व में डीसी मंडी अर्पूव देवगन को आपदा प्रभावितों के लिए 45 हजार की राशि भेंट की गई। डीसी अपूर्व देवगन ने संकल्प संकुल स्तरीय संगठन द्वारा आपदा प्रभावितों की मदद के लिए आभार जताया।

इस मौके पर क्षेत्रीय संयोजक किशोरी लाल व संकल्प संगठन की प्रधान लता देवी, सचिव इंद्र देवी, निशा देवी व लतेश राणा भी उपस्थित रहे।

## टौरखोला पंचायत ने जुटाए स्याठी पीड़ितों के लिए 1 लाख 11 हजार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर उपमंडल के स्याठी गांव के आपदा पीड़ितों के लिए हर घर से मदद एकत्रित हो रही है वही क्षेत्र की सबसे दुर्गम और सबसे छोटी पंचायत टौरखोला पंचायत प्रधान सरला ठाकुर द्वारा गांव के घर-घर से चंदा एकत्रित कर 1 लाख 11 हजार रुपयों की राहत राशि एकत्रित कर आपदा पीड़ितों को प्रदान की है इस राहत राशि को इकट्ठा करने में यूथ संगठन टौरखोला का सबसे अहम योगदान रहा है छोटी सी पंचायत ने यह राशि एकत्रित कर धर्मपुर की अन्य पंचायतों को भी एक राह दिखाई है।

### गगन ने किए 51 हजार रुपए दान

**टौरखोला** पंचायत प्रधान के आह्वान पर इसी गांव के युवक गगन गुलेरिया ने 51 हजार रुपए की नगद राशि आपदा परिवारों के लिए दान में दी है उनका कहना था की आपदा से पहले इन परिवारों के पास सब कुछ था एक ही रात में आज उनके पास खाने के लिए भी पैसे नहीं है तो इससे बेहतर जगह पर दान नहीं हो सकता है।

## गोहर के आपदा प्रभावित लोगों की मदद के लिए भी आगे आएं समाजसेवी संस्थाएं

सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान



आपदा प्रभावितों को राहत राशि प्रदान करते हुए।

**गोहर।** उपमंडल के अंतर्गत आने वाली सराज विधानसभा क्षेत्र की कुछ पंचायतें जिसमे बाड़ा परवाड़ा बस्सी मुसरानी थरजूण अन्य पंचायत सहित स्यांज पंगलूर में भी आपदा से बहुत अधिक मात्रा में नुकसान हुआ है। जहां नाचन विधानसभा क्षेत्र की स्यांज पंचायत के पंगलूर गांव में दो परिवारों के नौ लोग इस जल प्रलय की भेंट चढ़े हैं, वहीं पर उपमंडल गोहर के अंतर्गत बाड़ा परवाड़ा पंचायत में 5 लोग इस भयंकर जल प्रलय में मौत का शिकार हुए हैं और सैकड़ों मकान पूरी तरह से व आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं।

इन लोगों की मदद के लिए बुधवार को बैजनाथ- पपरोला के बीच में स्थित महाकाली मंदिर कमेटी पंजीकृत ने 95,000 बैजनाथ की कोशिश संस्था ने 50,000 बैजनाथ के पूर्व पार्षद सुखराम ने 20,000 पर की आर्थिक मदद की। वहीं पर सन्नी टेंट हाउस बैजनाथ ने रेडीमेड कपड़े उपमंडल मुख्यालय स्थित चच्योट निधि निजी बैंक की तरफ से प्रभावित परिवारों को प्रेशर कुकर प्रदान किए हैं। एसडीएम गोहर विचित्र सिंह ठाकुर ने बताया बैजनाथ से आई समाजसेवी संस्थाओं के लोगों ने उपमंडल गोहर के अंतर्गत 15 प्रभावित परिवारों पन्ना लाल, सुरत राम, रामदास, चंद्रशेखर, पवन, नोता राम, तुलाराम, झाबे राम, पदम सिंह गिरधारी लाल, हंसराज, मीरा देवी, टहल दास व चंपादेवी के परिवार को 11-11 हजार रुपए की आर्थिक मदद व रेडीमेड कपड़े आवंटित किए हैं। उन्होंने समाजसेवी संस्थाओं से मांग की है कि गोहर क्षेत्र की प्रभावित लोगों को भी राहत सामग्री सहित जरूरी चीजों की बहुत आवश्यकता है।

## नरोला गांव में नाग देवता स्थल पर शिव मंदिर निर्माण फिर से अटका, जमीन हुई सरकार के नाम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



20 वर्षों से चला आ रहा विवाद, शिव मंदिर की फाउंडेशन में स्थापित किया गया शिवलिंग।

**मंडी** जिले की तहसील बलदवाड़ा के अंतर्गत गांव नरोला के सामने जाहू-घुमारवीं सड़क के नाग मोड़ पर स्थित भूमि पर शिव मंदिर निर्माण का कार्य बीते 20 वर्षों से अटका हुआ है। वर्ष 2005 में यहां नाग देवता के चमत्कारी दर्शन के बाद स्थानीय श्रद्धालुओं में भारी आस्था जागृत हुई थी और मंदिर निर्माण की पहल की गई थी।

भूमि स्वामी स्वर्गीय रामजी ने खसरा नंबर 208 की भूमि मंदिर निर्माण के लिए कमेटी को दान दी थी और मंदिर निर्माण समिति का पंजीकरण भी एसडीएम सरकाघाट कार्यालय में किया गया था। गांव की आवाज के कैप्टन जगदीश वर्मा, बलदेव सिंह, सुंदर सिंह, महंत राम सहित अन्य ने बताया कि काफी मात्रा में ईंट, सरिया, सीमेंट और धन मंदिर निर्माण के लिए दान में मिला था, लेकिन दानकर्ता और समिति के बीच मंदिर के रखरखाव और पुजारी संबंधी विवाद उपज गया, जो बाद में न्यायालय तक पहुंचा।

मामला 2005 से 2018 तक विभिन्न अदालतों में चला और अंततः कमेटी के पक्ष में फैसला आया, परंतु रजिस्ट्री के बावजूद धारा 118 की अनुमति न होने के चलते जमीन का इंतकाल रुक गया। उपायुक्त मंडी के निर्णय अनुसार भूमि को प्रदेश सरकार के नाम कर दिया गया है। हाल ही में 27 जून को स्थानीय बैठक में उपप्रधान लशकरी राम की अध्यक्षता में नई समिति गठित की गई है।

समिति ने जिलाधीश मंडी से आग्रह किया है कि स्व रामजी के उत्तराधिकारी अब धारा 118 की अनुमति देने को तैयार हैं, अतः मामले पर पुनर्विचार कर भूमि का इंतकाल नवगठित समिति के नाम किया जाए, ताकि शिव मंदिर निर्माण कार्य दोबारा प्रारंभ हो सके।

## बाबा भूतनाथ की पूजा-अर्चना की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** श्रावण मास प्रतिपदा को श्री भूतनाथ मंदिर परिसर में धर्म संघ का स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य यजमान भीम चंद सरोच और उमा सरोच द्वारा भगवान गणपति जी की स्थापना से हुई। इसके पश्चात बाबा भूतनाथ जी की पूजा-अर्चना संपन्न की गई। महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा, एसवीएम अध्यक्ष बलबीर शर्मा, सर्व देवता समिति के अध्यक्ष श्री शिवपाल शर्मा, जिला पेंशनर्स वेल्फेयर संस्था के अध्यक्ष हरीश शर्मा, वरिष्ठ नागरिक सभा के जिला अध्यक्ष रणपत राणा सहित अन्य अतिथि पूर्णाहुति में सम्मिलित हुए। इसके बाद डॉ. ओम राज शर्मा ने आम सभा की कार्यवाही आरंभ की। उन्होंने सभी अतिथियों व सदस्यों का स्वागत करते हुए धर्म संघ की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से अवगत करवाया।

## जलरक्षकों ने दिखाया समर्पण, बागी भनवास पंचायत में फिर से पहुंचा पानी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



पेयजल आपूर्ति बहाल करते हुए।

**सराज** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बागी भनवास में भारी बारिश के कारण पेयजल आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई थी। इस संकट की घड़ी में जलरक्षक महासंघ ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को संभाल लिया है। जलरक्षक कमल डोलम चंद और पैरा फिटर सहयोगी ने मिलकर एक गांव तक पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी है, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है।

प्रदेश महासचिव डोलम चंद ने बताया कि जल रक्षक लंबे समय से अपनी नियमितीकरण की मांग सरकार से कर रहे हैं। जिन जलरक्षकों ने 12 वर्ष की सेवा पूरी कर ली है, उन्हें शीघ्र रेगुलर किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी मांग उठाई कि नियमितीकरण की अवधि को 12 वर्ष से घटाकर 8 वर्ष किया जाए, ताकि जलरक्षकों को उचित सम्मान और सुरक्षा मिल सके। महासंघ को उम्मीद है कि आगामी कैबिनेट बैठक में सरकार इस दिशा में निर्णय लेगी।

## विधायक दलीप ने किया महिला मंडल भवन रोपड़ी का उद्घाटन



महिला मंडल भवन रोपड़ी का उद्घाटन करते हुए विधायक दलीप ठाकुर।

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल की ग्राम पंचायत जमणी के गांव रोपड़ी में नवनिर्मित महिला मंडल भवन रोपड़ी का उद्घाटन विधायक दलीप ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों, महिला मंडल सदस्यों व पंचायत प्रतिनिधियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस अवसर पर विधायक ने महिला मंडल भवन रोपड़ी के लिए 1.30 लाख व ग्राम पंचायत जमणी की सड़क के लिए 3 लाख प्रदान किए। विधायक ने इस भवन के लिए भूमि दान कर महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिला मंडल की प्रधान सत्या देवी की विशेष तौर पर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्थानीय पंचायत प्रधान ज्ञान चंद, भाजपा मंडल सरकाघाट के अध्यक्ष पवन ठाकुर, जिला महिला मोर्चा अध्यक्षा नीलम परमार, टिक्कर पंचायत प्रधान रजनी ठाकुर, आईटी सेल संयोजक कार्तिकेय, देश राज, पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता, हुकुम चंद, रूप लाल, राजकुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सावन की दस्तक से बाजार में मेहंदी-चूड़ियों की बढ़ी मांग

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** सावन मास की शुरुआत के साथ ही जोगिंद्रनगर बाजार में रौनक लौट आई है। हरियाली तीज और श्रावण सोमवार की तैयारियों को लेकर बाजार में खास चहल-पहल देखी जा रही है। हर ओर हरियाली, उल्लास और खुशबू का समावेश है। खासकर मेंहदी के स्टॉल्स महिलाओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। बुधवार को बाजार में महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर मेंहदी के स्टॉल्स पर पहुंचीं और अपने हाथों में सुंदर-सुंदर डिजाइन की मेंहदी लगवाते नजर आईं। कहीं महिलाएं पारंपरिक गीत गुनगुना रही थीं, तो कहीं हंसी-ठिठोली के साथ एक-दूसरे की मेंहदी की तारीफें कर रही थीं।स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि सावन में हर साल मेहंदी, चूड़ी और श्रृंगार की बिक्री में जबरदस्त उछाल आता है। इस बार भी बाजार में महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। दुकानदारों ने बताया कि मेहंदी का क्रेज खासकर तीज और सोमवार के व्रत के समय चरम पर होता है। वहीं, सावन मास के धार्मिक महत्व को लेकर भी नगर में खास तैयारियां चल रही हैं। देवालयों को सजाया जा रहा है और कई मंदिरों में शिव पुराण कथा का शुभारंभ हो गया है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में पूजा-अर्चना और कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं। सावन का यह पावन महीना न केवल धार्मिक और आध्यात्मिक रूप से विशेष है।

## फेस स्कैन व ओटीपी से राशन देना बना सिरदर्द बुजुर्गों और डिपो संचालकों को हो रही परेशानी

अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** राज्य सरकार द्वारा राशन वितरण को पारदर्शी बनाने के लिए शुरू की गई फेस स्कैनिंग और ओटीपी वेरिफिकेशन प्रणाली अब उपभोक्ताओं और डिपो संचालकों दोनों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। जिला मंडी में इन दिनों लोगों को तकनीकी दिक्कतों के चलते घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है, वहीं डिपो संचालकों को बिना संसाधनों के काम करना पड़ रहा है। बुजुर्ग उपभोक्ताओं के आधार कार्ड से मोबाइल नंबर लिंक न होने के कारण उन्हें ओटीपी प्राप्त नहीं हो पा रहा।

**तकनीकी खामियों से उपभोक्ता व कर्मी दोनों परेशान**

वहीं, कई मामलों में परिवार के अन्य सदस्यों के नंबर आधार से जुड़े होने से गड़बड़ी हो रही है। नेटवर्क समस्याओं और मोबाइल में बैलेंस न होने की स्थिति में भी ओटीपी नहीं आ रही। दूसरी ओर, फेस स्कैनिंग की प्रक्रिया भी सुचारू नहीं चल रही, जिससे लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। हिमाचल प्रदेश डिपो संचालक समिति, जिला मंडी के अध्यक्ष रमेश चंद ने बताया कि डिपो संचालकों को जिन पीओएस मशीनों के माध्यम से राशन वितरण करना होता है, वे बीते चार वर्षों से निष्क्रिय हैं। उन्होंने कहा कि ये मशीनें अब भी 3 रुपए तकनीक पर आधारित हैं, जबकि देश 5 रुपए की ओर बढ़ चुका है। ऐसे में डिपो संचालकों को निजी खर्च पर इंटरनेट की व्यवस्था करनी पड़ रही है। सरकार या खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से कोई आर्थिक सहायता नहीं मिल रही।

### वेतन की घोषणा भी अधर में

**रमेश** चंद ने बताया कि राज्य सरकार ने डिपो संचालकों को 20,000 रुपए मासिक वेतन देने की घोषणा की थी, लेकिन अब तक यह केवल घोषणा तक ही सीमित है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार तकनीकी समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं करती और आर्थिक सहायता सुनिश्चित नहीं करती, तब तक उपभोक्ताओं की परेशानी कम नहीं होगी।

# स्थायी आजीविका व कौशल विकास की ओर कदम

## वल्लभ कॉलेज मंडी में पर्यावरण-अनुकूल शिल्प कार्यशाला का शुभारंभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी



पांच दिवसीय पर्यावरण-अनुकूल शिल्प कार्यशाला में कला का हुनर दिखाती हुई युवतियां।

**वल्लभ** राजकीय महाविद्यालय, मंडी में ईको-फ्रेंडली पाइन क्राफ्ट वस्तुएं एवं कृत्रिम फूल निर्माण पर आधारित पांच दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। यह कार्यशाला वनस्पति शास्त्र विभाग द्वारा उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत आयोजित की जा रही है।

इस कार्यशाला का उद्देश्य वनाग्नि जैसी समस्याओं को अवसर में बदलते हुए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों के माध्यम से आजीविका के नए रास्ते खोलना है। इसके अंतर्गत अपशिष्ट से संपदा की अवधारणा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में कुल 50 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जिनमें 35 वनस्पति शास्त्र के छात्र, 10 वाणिज्य विभाग के छात्र तथा उन्नत भारत अभियान से जुड़े गांवों धरयाणा, लरवाहन, सडयाना और थौंठ से 5 ग्रामीण महिलाएं शामिल हैं। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण देना है, ताकि वे स्वयं पर्यावरण के अनुकूल शिल्प वस्तुएं तैयार कर आत्मनिर्भर बन सकें।

उद्घाटन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. संजीव कुमार ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को रचनात्मकता के साथ जीवन में सकारात्मक दिशा देते हैं और उन्हें नशे तथा मोबाइल जैसी बुरी आदतों से दूर रखते हैं। इस कार्यशाला को सफल बनाने में वाणिज्य विभाग के प्रो. अनुज कुमार, संतोष कुमार, वनस्पति विभागाध्यक्ष प्रो. तारा देवी सेन, प्रो. दीपाली अशोक, नीतू पठानिया एवं प्रयोगशाला के कर्मचारीगण विशेष रूप से सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

**प्रेसवार्ता** देवभूमि ग्रुप कंपनीज बना हिमाचल में अधिकृत विक्रेता, शिमला में खुलेगा पहला शोरूम : राजेंद्र वशिष्टा

# सड़कों पर जल्द दौड़ेगी विनफास्ट कंपनी की इलेक्ट्रिक एसयूवी

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो



प्रेसवार्ता के दौरान देवभूमि ग्रुप कंपनी के एमडी राजेंद्र वशिष्टा व पदाधिकारी।

**मंडी।** प्रदेश की सड़कों पर वियतनाम की विनफास्ट कंपनी की इलेक्ट्रिक एसयूवी शीघ्र ही दौड़ती हुई नजर आएगी। विनफास्ट 13 डीलर समूहों के साथ साझेदारी कर 27 भारतीय शहरों में 32 डीलरशिप शुरू करने जा रही है। जिसमें पहाड़ी राज्यों में सबसे पहले हिमाचल प्रदेश को भी शामिल किया गया है।

इस बात का खुलासा बुधवार को आयोजित एक पत्रकार वार्ता में देवभूमि ग्रुप कंपनीज के प्रबंध निदेशक राजेंद्र वशिष्टा ने करते हुए बताया कि देवभूमि ग्रुप शिमला में विनफास्ट का पहला एक्सक्लूसिव शोरूम खोलने जा रहा है। उन्होंने कहा कि विनफास्ट इलेक्ट्रिक कार कंपनी ने देवभूमि ग्रुप कंपनीज को हिमाचल प्रदेश का अधिकृत विक्रेता बनाया है। देश भर में अब इलेक्ट्रिक वाहनों की डिमांड बढ़ती जा रही है। केंद्र सरकार के साथ ही हिमाचल सरकार भी अब ईवी को प्रोत्साहन दे रही है। इसी मुहिम में देवभूमि ग्रुप भी वियतनाम की विनफास्ट कंपनी के साथ जुड़ा है। उन्होंने कहा कि शिमला के बाद प्रदेश के अन्य शहरों में भी विनफास्ट के शोरूम स्थापित किए जाएंगे। इससे न सिर्फ इलेक्ट्रिक कारें प्रदेश में आसानी से लोगों को मिल सकेंगी। बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि शिमला में खुलने जा रहे शोरूम में इलेक्ट्रिक एस्यूवी के 3एस मॉडल बिक्री, सेवा और स्पेयर्सपार्ट का संचालन होगा। इलेक्ट्रिक एसयूवी वीएफ 6 और वीएफ 7 के लिए प्री-बुकिंग चरण से 15 जुलाई से शुरू हो गई हैं। यह एसयूबी लगभग 15 लाख रुपए की रेंज से शुरू हैं।

### देवभूमि स्कोडा को राष्ट्रीय स्तर पर मिला पुरस्कार

**एमडी** राजेंद्र वशिष्टा ने बताया कि स्कोडा ऑटो इंडिया का हिमाचल में देवभूमि ग्रुप इकलौता डीलर है। हिमाचल प्रदेश में देवभूमि स्कोडा की शुरूआत 2011 में हुई थी। इस समय देवभूमि स्कोडा हिमाचल के मंडी व सोलन जिला में अपने शौरूम संचालित कर रहा है। बड़ी खुशी की बात है कि देवभूमि स्कोडा की बेस्ट सर्विसस के चलते हाल में ही हमें स्कोडा इंडिया द्वारा कई इनामों से पुरस्कृत किया गया है। जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर पूरे देश में देवभूमि स्कोडा को बेस्ट सर्विस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इसके साथ ही बेस्ट सेल शेयर इन कुशाक और बेस्ट सेल शेयर इन सलाविया भी राष्ट्रीय स्तर पर मिले हैं।

### देशभर में जल्द ही खोले जाएंगे 100 सिनेमा

**राजेंद्र** वशिष्टा ने बताया कि उनका समूह ऑटो सेक्टर और होटल सेक्टर के बाद सिनेमा सेक्टर में भी दाखिल हो चुका है। आने वाले समय में देशभर में ग्रुप 100 सिनेमा खोलने जा रहा है। ग्रुप ने ग्रेंड सिनेमा को अपना अधिकारिक ब्रांड नेम बनाया है। हिमाचल प्रदेश के भी लगभग बड़े शहरों में ग्रुप ग्रेंड सिनेमा खोलेगा। जिससे लोगों को बेहतर मनोरंजन और बेरोजगारों को रोजगार भी मिलेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### निगरानी समिति की बैठक की अनुराग करेंगे अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) ऊना की त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन 19 जुलाई को प्रातः 10 बजे किया जाएगा। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं दिशा समिति के अध्यक्ष अनुराग ठाकुर बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह बैठक जिला परिषद सम्मेलन कक्ष ऊना में आयोजित होगी। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि बैठक में ऊना जिले में क्रियान्वित की जा रही केंद्र प्रायोजित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को इस बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करने को कहा, साथ ही विभागों से योजनागत प्रगति की रिपोर्ट पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन के रूप में तैयार कर जिला विकास अधिकारी कार्यालय में सौंपने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, विभागों को आयोजित पिछली बैठक के निर्णयों पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### हटली से 'एक पौधा मां के नाम' अभियान की शुरुआत



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता और कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और मातृ सम्मान की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से 'एक पौधा मां के नाम' अभियान की शुरुआत की। इस दौरान भुट्टो ने लोगों से आह्वान किया कि वे अपनी माताओं के नाम पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल का संकल्प लें। भुट्टो ने कहा कि एक सामान्य परिवार में औसतन पांच सदस्य होते हैं। यदि प्रत्येक सदस्य एक-एक पौधा अपनी मां के नाम से लगाए और उसकी पूरी जिम्मेदारी ले, तो समाज में हर साल लाखों नए पौधे लग सकते हैं। इससे न केवल हरियाली बढ़ेगी बल्कि ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण जैसी समस्याओं से लड़ने में भी मदद मिलेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मलांगड़, सुदर्शन शर्मा, सूरम सिंह, सुशील रिंकू, राम किशन, मदन मोहन रत्ता, माडू राम, सुभाष चंद आदि मौजूद रहे।

### स्टेज कैरिज बस रूटों के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्टेज कैरिज वाहनों के लिए विभिन्न जिलों के 350 (टेम्पो ट्रैवलर) स्टेज कैरिज बस रूटों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 21 जुलाई कर दिया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अशोक कुमार ने जानकारी दी कि इच्छुक आवेदक अब 21 जुलाई तक विभाग की वेबसाइट https://online.himachaltransport.hp.gov.in/publiclogin पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि पहले आवेदन 14 जुलाई तक मांगे गए थे, जिसे अब बढ़ाकर 21 जुलाई तक कर दिया गया है। जिले में चयनित 15 मार्गों की सूची और रूटों के आवंटन प्रक्रिया के लिए नियमों और शर्तों का विवरण विभाग की वेबसाइट https://himachal.nic.in/transport पर उपलब्ध है। इसके अलावा प्रकाशित रूटों की शर्तों संहित अन्य किसी भी स्पष्टीकरण के लिए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय ऊना के दूरभाष नंबर 01975-203020 या कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

### पीड़ित परिवार की सहायता के लिए पहुंचे विधायक

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** विधायक सुदर्शन सिंह बबलू बुधवार को डुहल भंटवाला पंचायत के धलवाड़ी गांव में सांप के काटने से मृतक अजय कुमार के परिवार से मिलने पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने पीड़ित परिवार को 15000 की सहायता प्रदान की, जिससे परिवार को कुछ राहत मिलेगी और वे अपने आवश्यक कार्यों को पूरा कर सकेंगे। इस मौके पर उनके साथ नायब तहसीलदार, पूर्व जिला परिषद सदस्य सुलोचना देवी, प्रधान राजेश आदि उपस्थित रहे। विधायक ने परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। विधायक की इस पहल से स्पष्ट होता है कि वे क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील हैं और उनकी सहायता के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

### बालीबाल स्कूल में आपदा से निपटने के सिखाए टिप्स

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बालीबाल में बुधवार को आपदा से निपटने के लिए मॉक ड्रिल की गई। इस अवसर पर होमगार्ड कंपनी हरोली की तरफ से कंपनी कमांडर महेंद्र सिंह, हवलदार अशोक कुमार, हवलदार संजीव कुमार, गृह रक्षक हरचरण सिंह, गृह रक्षक सुभाष चंद की टीम ने विद्यार्थियों को अधिक वर्षा, बादल फटने, बाढ़ आने, पहाड़ खिसकने, तूफान आने, अग्निकांड और भूकंप से उत्पन्न विकट परिस्थितियों में आपदा से निपटने के लिए विद्यार्थियों को मॉकड्रिल करवाई। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि सर्वप्रथम आपदा से निपटने के लिए सजगता, शीघ्रता एवं संयम का विशेष ध्यान रखना चाहिए और आपदा के पश्चात पुनर्निर्माण के लिए किस तरह से सहयोग देना चाहिए। प्रधानाचार्य डॉ. राजेश कौशल ने विद्यार्थियों को जिला मंडी, कुल्लू और चंबा में आई आपदा में यथासंभव सहयोग करने की भी अपील की। इस अवसर पर विद्यालय के स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्षता रीता कुमारी सुपरिंटेंडेंट ग्रेड-2 रामलाल, प्रवक्ता अनिल कुमार, धर्मपाल, अंजू कौशल, सारिका विशिष्ट, गौरव जोशी, बलविंदर सिंह, छोटेलाल धीमान, तिलक राज, कुलविंदर कौर, महेश कुमार, नीता, अनिता कुमारी, मनीष, अशोक, प्रवीण कुमार, तिलक राज, समझौता देवी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### स्कूल स्तर पर हैमर बॉल को बढ़ावा देने की शुरुआत

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान, लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा में हैमर बॉल खेल को प्रदेशभर में लोकप्रिय बनाने के लिए शैक्षणिक संस्थानों तक जानकारी के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश हैमर बॉल संघ की बैठक का आयोजन संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सहोता की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें खेल के भविष्य, प्रशिक्षण और प्रसार से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। जगदीश सहोता ने बताया कि आगस्त माह में हैमर बॉल रेफरी प्रशिक्षण की कार्यशाला बंगाणा में आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रतिभागियों को खेल नियमों, तकनीकों और संचालन के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि राजस्थान में देशभर के स्कूलों की हैमर बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्कूल स्तर पर भी हैमर बॉल को खेलना अनिवार्य करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों में इस खेल की शुरुआत के लिए संघ प्रयासरत है और इसके लिए शैक्षणिक संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है। बैठक में जोगिंदर देव आर्य, अमन शर्मा, सुमित शर्मा, यशवीर सिंह, विशाल भारती, तीक्ष्ण आर्य, राजेश शर्मा और विनोद शर्मा सहित कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### सिविल अस्पताल हरोली में लंगर सेवा शुरू



**नरेश सिंघा, अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** गुरु जैसा न आसरा, गुरु जैसा न मीत। गुरु कृपा से ही चंचल मन पर होती है जीत। इन्हीं पावन विचारों को समर्पित होकर धन-धन सच्ची सरकार बाबा सिद्ध चानों वाली जी महाराज डेरा छप्पड़ी वाल (बाथड़ी) की तरफ बुधवार को हरोली के सरकारी हस्पताल में प्रतिदिन लंगर सेवा का शुभारंभ किया गया है। यह सेवा दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक चलेगी, जिसमें अस्पताल में आने वाले मरीजों व जरूरतमंदों को प्रेमपूर्वक लंगर वितरित किया जाएगा। इस सेवा कार्य का आयोजन भगत सतपाल सिंह द्वारा किया जा रहा है। गुरु कृपा से प्रेरित यह लंगर सेवा समाज में सेवा भाव व भाईचारे की मिसाल बन रही है। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए आभार प्रकट किया है।

## चिंतपूर्णी अस्पताल में जल्द होंगे अल्ट्रासाउंड

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** चिंतपूर्णी सिविल अस्पताल में इलाज करवाने के लिए मरीजों को अब जेब ढीली करनी पड़ेगी। पर्ची बनाने के लिए 10 और ईसीजी करवाने के लिए 100 चुकाने होंगे। बुधवार को सिविल हॉस्पिटल चिंतपूर्णी में रोगी कल्याण समिति की बैठक में एसडीएम अंब की अध्यक्षता में वार्षिक बजट 2025-26 के लिए पास किया गया, जिसमें महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।

मीटिंग में विधायक सुदर्शन सिंह बबलू उपस्थित रहे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 2025-26 के लिए 964240 का बजट पास किया गया है, जो कि 2024 25 के खर्चे से 18516 अधिक है। मंदिर न्यास की ओर से अल्ट्रासाउंड की मशीन सिविल हॉस्पिटल चिंतपूर्णी में जल्द स्थापित की जाएगी। एसडीएम अंब को सिविल हॉस्पिटल चिंतपूर्णी मार्ग की दशा सुधारने के लिए एक महीने का समय दिया गया है।

एक प्रतिनिधिमंडल निरंजन कालिया की अध्यक्षता में सिविल हॉस्पिटल चिंतपूर्णी को शिफ्ट न करने की मांग पर विधायक से मिला, जिस पर विधायक ने कहा कि अगर जनता नहीं चाहती है कि अस्पताल को शिफ्ट किया जाए, तो उनकी रुचि नहीं है। मेले के दौरान अस्पताल में मरीज पहुंचने में दिक्कत होती है।

# जरा सी हवा चलने पर ही ठप हो रही बिजली आपूर्ति

**सन्नी पुरी, अनंत ज्ञान**

**गगरेट।** हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड लिमिटेड की लचर कार्यप्रणाली ने बिजली उपभोक्ताओं का जीना ही दुश्वार करके रख दिया है। आलम यह है कि जरा सी हवा चलने पर भी बिजली व्यवस्था ठप हो रही है और लोगों को विद्युत आपूर्ति सुचारू होने के लिए चौबीस घंटे से भी ज्यादा समय अंधेरे में रहना पड़ रहा है। कोई अपील कोई दलील विद्युत बोर्ड के अधिकारियों के आगे नहीं चल पा रही है। विद्युत उपमंडल गगरेट तो पूरी तरह से राम भरोसे होकर रह गया है।

बुधवार सुबह जरा सी हवा चलने पर राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अंबोटा के पास एक वृक्ष की टहनी टूटकर बिजली की तारों पर गिर गई। सुबह नौ बजे की इस घटना के बाद पूरा दिन बिजली विभाग के अधिकारी इस क्षेत्र में ठप हुई विद्युत व्यवस्था को सुधार नहीं पाए। दलील यह दी गई कि जिस ठेकेदार को इस काम के लिए बुलाया गया था, उसके आदमी इसे ठीक करने वीरवार सुबह

**विद्युत उपमंडल गगरेट के उपभोक्ता राम भरोसे**

आएंगे। जाहिर है कि ऐसी व्यवस्था से कई लोगों को अंधेरे में रात काटनी पड़ी और पेयजल आपूर्ति भी बाधित हो गई। सवाल यह है कि आखिर उपभोक्ताओं की सुविधा विद्युत विभाग के लिए प्राथमिकता क्यों नहीं होती। ऐसे क्या कारण है कि हर बार विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर उपभोक्ताओं को विद्युत विभाग के अधिकारियों की मनमर्जी का ही सामना करना पड़ता है।

अभी हाल ही में गगरेट कस्बे में भी विद्युत आपूर्ति ठप होने पर लोगों को कई घंटे अंधेरे में काटने पड़े थे तो गगरेट कस्बे में ही विद्युत तारों में स्पेसर न लगाने के चलते हुए शार्ट सर्किट से कई घरों के विद्युत उपकरण जल गए थे। बिजली उपभोक्ताओं का कहना है कि जो स्थिति मौजूदा समय में बिजली विभाग की बनी हुई है, ऐसे में तो इस विभाग का निजीकरण करना समय की मांग है। प्रदेश सरकार बिना देर किए बिजली बोर्ड के निजीकरण का फैसला जनहित में करे ताकि बिजली उपभोक्ताओं को असुविधा का सामना न करना पड़े। उधर, बिजली बोर्ड के अधिशाषी अभियंता खुशविंदर सिंह का कहना है कि वृक्ष की टहनी गिरने से ज्यादा नुकसान हुआ है। ठेकेदार को बुलाया गया है, वीरवार दोपहर तक बिजली आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी।

**मांग, बिजली अधिकारियों की जवाबदेही हो सुनिश्चित**

**बिजली** उपभोक्ताओं ने उपायुक्त जतिन लाल से बिजली बोर्ड के अधिकारियों को लापरवाही त्यागकर अपना काम करने की अपील की है। बिजली उपभोक्ताओं का कहना है कि उपायुक्त बिजली बोर्ड के अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करें क्योंकि बरसात का मौसम है और अंधेरे में कोई भी अनहोनी घटना हो सकती है। अगर विभाग के पास पर्याप्त समय है तो क्यों समस्या का समाधान तत्काल नहीं हो सकता।

## वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में मंडी के प्रभावितों को वितरित की राहत सामग्री

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**अंब।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री इंजीनियर राम पॉल के नेतृत्व में एक मानवीय राहत अभियान के तहत मंडी जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत सामग्री भेजी गई। इस अभियान के अंतर्गत दो गाड़ियों में स्कूल बैग, तिरपाल, पीने के पानी की टंकी, राशन सामग्री, कंबल, जूते और अन्य जरूरतमंद सामान भेजा गया, ताकि प्रभावितों को राहत मिल सके।

यह राहत सामग्री मंडी पहुंचने पर वितरण कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता और मंडी से सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, बल्ह विधानसभा क्षेत्र से विधायक इंदर सिंह गांधी और राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। राहत वितरण के दौरान नेताओं ने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उन्हें विश्वास दिलाया कि संकट की इस घड़ी में भारतीय जनता पार्टी उनके साथ खड़ी है।

इस अवसर पर इंजीनियर राम पॉल ने कहा यह राहत सामग्री केवल सहायता नहीं, बल्कि हमारे सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीयता का प्रतीक है। संकट की घड़ी में हम सबको एकजुट होकर पीड़ितों के साथ खड़ा होना चाहिए। हमारी यह कोशिश है कि दुख की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों को थोड़ी राहत और हिम्मत मिल सके।



इंजीनियर रामपाल और अन्य गणमान्य मंडी प्रभावितों के लिए भेजी राहत सामग्री के साथ।

## विधायक विवेक ने प्राइमरी स्कूल कोलका का किया निरीक्षण



कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा कोलका स्कूल में छात्रों के साथ।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने प्राथमिक विद्यालय कोलका की शैक्षणिक गतिविधियों का निरीक्षण किया और नन्हे-मुन्ने बच्चों से संवाद स्थापित किया और बच्चों ने उन्हें कविताएं सुनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

विधायक विवेक शर्मा ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए पहले बच्चों को खाने की सामग्री बांटी। विवेक शर्मा ने बताया कि पिछले एक वर्ष में कुटलैहड़ विस क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में अब निजी स्कूलों की तर्ज पर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिससे अभिभावकों का रुझान सरकारी स्कूलों की ओर तेजी से बढ़ा है। उन्होंने बताया कि अब कुटलैहड़ के अधिकतर सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय और खेलकूद की बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध हैं।

उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री सुक्खू की दूरदर्शी सोच और शिक्षा को प्राथमिकता देने वाली नीतियों का ही परिणाम है। इस दौरान स्कूल स्टाफ ने विधायक को स्कूल में चल रही विभिन्न गतिविधियों, शैक्षणिक योजनाओं और बच्चों की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।

## चरणगंगा परिवार ने बाढ़ राहत में किया सहयोग



**अनंत ज्ञान, अंब।** प्रदेश में प्राकृतिक आपदाओं से उत्पन्न संकट के बीच जरूरतमंदों की मदद के लिए समाजसेवी आगे आने लगे हैं। इसी कड़ी में महंत श्री चरण गंगा, मैडी की ओर से शिव गोस्वामी, शादीलाल गोस्वामी, शंभू गोस्वामी व अश्विनी गोस्वामी ने मंगलवार को एसडीएम अंब के माध्यम से मुख्यमंत्री राहत कोष में दो लाख ग्यारह हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।

इस अवसर पर एसडीएम अंब ने समाजसेवियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन की राहत व पुनर्वास कार्यों में यह योगदान अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। शंभू गोस्वामी ने कहा कि इस कठिन समय में समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को आगे आकर सहायता करनी चाहिए। यह राशि उन लोगों के लिए समर्पित है, जो आज मुश्किल हालातों से गुजर रहे हैं। शंभू ने आगे भी राहत कार्यों में हरसंभव योगदान देने का संकल्प लिया।

## कल्याण समिति पड़ियोला ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया 51 हजार का चेक

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** मंडी त्रासदी के लिए कुटलैहड़ के पड़ियोला युवा शक्ति कल्याण समिति के तत्वावधान से मुख्यमंत्री राहत कोष में 51000 रुपए का चेक विधायक विवेक शर्मा विक्कू के माध्यम से दिया गया। इस मौके पर विधायक ने जनता का आभार वक्त किया और अपने संबोधन में कहा कि इस घड़ी में क्षेत्र की तरफ से सबसे ज्यादा सहयोग भेजा जाना काबिले तारीफ है। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि विकास के कार्यों में कोई कमी नहीं जाएगी ।

युवा शक्ति कल्याण समिति पड़ियोला के प्रधान नरेश कुमार ने विधायक का समय निकालने पर धन्यवाद किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि को शॉल और टोपी पहनाकर की गई।समिति के संचालक सुनील कुमार धीमान, प्रबंधक विक्की कुमार बैंस और प्रधान नरेश कुमार सहित अन्य सदस्यों ने विधायक का आभार व्यक्त किया। विवेक ने कहा कि



युवा शक्ति कल्याण समिति पड़ियोला ने मंडी के आपदा प्रभावितों को राहत की प्रदान।

लठियाणी-कोहड़रा मार्ग डबल लाइन बनने जा रहा है और इसकी डीपीआर तैयार हो चुकी है और जल्द इसका कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में गाड़ियों की संख्या को देखते हुए इसका कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। विधायक ने अपने संबोधन में क्षेत्र की सालों से प्रमुख मांग पानी के लिए सरकार कार्य कर रही है और बुधान पंचायत के तूरकाल में प्रस्तावित पेयजल योजना का कार्य जल्द ही किया जाएगा, जिससे इलाके में सालों से पानी की समस्या को दूर किया जाएगा।

इस मौके पर जिला परिषद सदस्य सत्या देवी, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा, केवल कृष्ण, पूर्व प्रधान शिव नाथ शर्मा, पूर्व उपप्रधान तिलक राज, संजीव कुमार, जसवंत सिंह, मदन कुमार धीमान, सीता राम, विशन चौधरी, नरेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, जतिन, उपदेश, अशोक, रविंदर, बभीषण, अशोक (बंटी), एडवोकेट आशीष चौहान, मदन लान, कमल बैंस, निखिल, राहुल, तनुज, दिनेश, सुनील, कृष्ण पंडित सहित सैकड़ों गणमान्य मौजूद रहे।

## जागरूकता बढ़ाने को उपमंडल स्तर पर लगेंगे विशेष शिविर

**अनंत ज्ञान, ऊना**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ऊना डॉ. संजीव वर्मा की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसी-पीएनडीटी) अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन और उससे संबंधित गतिविधियों की समीक्षा की गई। सीएमओ डॉ. संजीव वर्मा ने बताया कि ऊना जिले में वर्तमान में 27 अल्ट्रासाउंड केंद्र कार्यरत हैं, जिनसे मासिक रिपोर्ट समय पर क्षेत्रीय अस्पताल को प्राप्त हो रही है।

उन्होंने बताया कि सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों में समिति के सदस्यों के नामों की स्पष्ट सूची प्रदर्शित की गई है, ताकि पारदर्शिता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि पीसी-पीएनडीटी एक्ट को 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान से भी जोड़ा गया है, जिसके अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग मिलकर विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चला रहे हैं। डॉ. वर्मा



पीसी-पीएनडीटी एक्ट पर जिला सलाहकार समिति की बैठक में सीएमओ व अन्य।

ने कहा कि पीसी-पीएनडीटी एक्ट को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए जिले के प्रत्येक उपमंडल में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। एक शिविर क्षेत्रीय अस्पताल में जबकि पांच शिविर विभिन्न उपमंडलों में लगाए जाएंगे। इन शिविरों में पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा वर्करों का सहयोग लिया जाएगा।

इस अवसर पर स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुखदीप सिंह सिद्धू ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से अपील की कि यदि किसी भी अल्ट्रासाउंड केंद्र में लिंग निर्धारण या किसी अन्य प्रकार की अनियमितता की जानकारी हो, तो इसे तुरंत जिला चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को सूचित करें। शिकायतें लिखित रूप में अथवा दूरभाष नंबर 01975-226064 पर दर्ज करवाई जा सकती हैं, जिस पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने लिंग चयन के विरुद्ध सख्ती से अभियान चलाने और समाज को जागरूक करने की प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विकास चौहान, डॉ. नरेंद्र ठाकुर, डॉ. पंकज पराशर, धर्मपुर पंचायत की प्रधान सुभद्रा चौधरी, बाथु की प्रधान सुरेखा राणा, हरोली की प्रधान रमन कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी व समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## सफाई मित्रों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** भारत सरकार द्वारा सफाई कर्मचारियों के सम्मान व हितों के संबंध में नमस्ते स्कीम शुरू की गई है, जिसका कार्यक्रम नमस्ते दिवस पर बुधवार को निदेशक शहरी विकास विभाग के दिशा-निर्देश की अनुपालना में नगर पंचायत टाहलीवाल में संयोजित किया है। इसमें सफाई मित्रों के सम्मान व हितों की गरिमा व सुरक्षा बनाए रखने के लिए शपथ की गई तथा पर्यावरण को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए पौधरोपण किया गया। इसके साथ सफाई मित्रों को सामान व पीपीटी किट आदि आवंटित किए गए।

इस उपलक्ष्य पर प्रधान प्रकाश चंद, उपप्रधान गुरनाम, वार्ड सदस्य राजकुमार, पूनम, कृष्ण राणा व कार्यालय की तरफ से सचिव, कनिष्ठ अभियंता व कार्यालय के अन्य कर्मचारी व स्वयं सहायता समूह के सदस्यों व नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी तथा अन्य गणमान्य नगरवासी आदि ने इस कार्यक्रम में भाग किया। इसके साथ में प्रधान व सचिव ने लोगों से अपील कि अपने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को सुचारु रूप से बनाए रखने में हमारा सहयोग करे व सफाई कार्य में जुड़े लोगों का सम्मान व सहयोग करें।

## मतदाता सूचियों के संशोधन को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला शुरू



**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमंडल निर्वाचन कार्यालय ऊना द्वारा बुधवार को डीआरडीए सभागार ऊना में एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान की अध्यक्षता में दो दिवसीय मतदाता कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य आगामी मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के लिए बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को आवश्यक प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। कार्यशाला के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एकत्रित किए गए आंकड़ों का विश्लेषण किया गया और मतदाता सूची में सुधार की संभावनाओं पर गहन चर्चा की गई। अधिकारियों को मतदाता सूची में डुप्लीकेसी, मृत मतदाताओं का नाम हटाने, नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने तथा लिंगानुपात एवं आयु-जनसंख्या के अनुपात को संतुलित करने जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम ऊना ने बीएलओ से आग्रह किया कि वे मतदाता सूची में पारदर्शिता और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए सजगता और ईमानदारी से कार्य करें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है और इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती है। कार्यशाला में निर्वाचन विभाग के अन्य अधिकारी, डेटा एंट्री ऑपरेटर व सुपरवाइजरी स्टाफ भी उपस्थित रहे।

## दियोली में कब्रिस्तान को दोनों समुदाय देंगे भूमि

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** दो समुदायों के बीच नफरत की दीवार खड़ी करने वालों को करारा संदेश उपमंडल गगरेट की दियोली पंचायत ने दिया है। इतिहास गवाह है कि दियोली गांव में दोनों समुदायों के बीच कभी ऐसा विवाद ही नहीं उपजा, जैसी परिस्थितियां अब पैदा कर दी गई थीं। हालांकि पंचायत ने बकायदा प्रस्ताव पारित कर जिला प्रशासन से कब्रिस्तान के लिए भूमि उपलब्ध करवाने को कहा था। जाहिर है कि श्मशानघाट या कब्रिस्तान में अगर पंचायत भी कोई निर्माण करवाना चाहती है तो राजस्व रिकार्ड में उस स्थान की एंट्री होना भी लाजिमी है, लेकिन इसी बात को लेकर ऐसा हो-हल्ला पैदा करने के प्रयास हुए कि गांव के कई लोग भी इससे आहत थे। अब राजस्व विभाग ने जब दोनों पक्षों से इस मुद्दे पर बात की तो एक भी एतराज सामने नहीं आया। यही नहीं बल्कि करीब डेढ़ सौ लोगों ने हस्ताक्षरयुक्त बयान किए कि अगर दियोली मिन्हासां में खसरा नंबर 266/1 कब्रिस्तान के लिए भूमि दी जाती तो उन्हें कोई एतराज नहीं है। गांव के नम्बरदार सहित पंचायत प्रधान तक ने इसमें हस्ताक्षर किए हैं।

पंचायत प्रधान पूर्ण सिंह का कहना है कि दोनों समुदायों ने एक-दूसरे का सम्मान करते हुए कब्रिस्तान के लिए भूमि दिए जाने पर कोई आपत्ति नहीं जताई है। उधर, दियोली गांव के ही सईद अनवर का कहना है कि वे सदा दियोली गांव के अपने भाइयों के ऋणी रहेंगे जिन्होंने मरने के बाद भी उनकी मिट्टी को इसी गांव में रखने में सहयोग दिया।

**बेफिक्र** स्वच्छ भारत मिशन की चलेट गांव में उड़ाई जा रही धज्जियां

## सड़क किनारे लगे हजारों टन कचरे के ढेर



चलेट गांव में लगे कूड़े के ढेर जो राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं



"हम घर-घर और हर दुकान से गीला और सूखा अलग उठाते हैं। हमारी पंचायत के नागरिकों को कचरा इधर-उधर फेंकने की जरूरत ही नहीं पड़ती। इनके अपने ही लोग उस जगह पर कचरा फेंक रहे हैं।

-अंकुश कुमार, कनिष्ठ अभियंता
नगर पंचायत दौलतपुर चौक

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान**

**पंजावर।** ऊना जिले के विधानसभा क्षेत्र गगरेट के चलेट गांव को भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा गोद लेने के बावजूद भी स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

सड़क के किनारे हजारों टन कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जिस कारण बदबू से आने-जाने वालों को दिक्कत हो रही है। स्थानीय ग्रामीण मनोहर लाल ने बताया यह लगभग दो-तीन साल से लोग स्कूटर, बाइक और कारों में आकर यहां कचरा फेंक जाते हैं और आए दिन यहां पशु भी और जानवर भी इस कचरे को खाते हैं। यह सड़क जम्मू-कश्मीर पठानकोट, तलवाड़ा और चंबा को निकलती है। सैकड़ों टूरिस्ट बस और बाइक से इस सड़क से गुजरते हैं। यहं पर कचरा दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है।

एक और राहगीर रिशु कुमार ने बताया जब भी हम कॉलेज को जहां से गुजरते हैं, तो हम पहले ही अपने नाक को ढक लेते हैं। एक बार तो यहां पर इतनी बदबू फैली थी कि हमें उल्टियां की दवाई भी लेनी पड़ी। स्थानीय पंचायत भी इस कचरे के ढेर को खत्म करने का संज्ञान नहीं ले रही जो कि बढ़ता ही जा रहा है।

चलेट की प्रधान प्रमिला देवी ने कहा कि कुछ गांववासी तथा नगर पंचायत के लोग जहां कचरा फेंक जाते हैं। मैं इसका क्या करूं।

## जिला पार्षद निधि खर्च न होने पर पार्षद कृष्ण पाल शर्मा ने बैठक में उठाया मुद्दा



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की पंचायतों में जिला पार्षद निधि व 15वें वित्त आयोग की विकास निधियों के समुचित उपयोग न होने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। यह मामला जिला पार्षद बैठक में जिला पार्षद कृष्ण पाल शर्मा द्वारा जोरदार तरीके से उठाया गया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पंचायत प्रतिनिधि विकास निधियों को खर्च नहीं कर रहे हैं, जिससे विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। जिला परिषद की बैठक में उठे इस मुद्दे को एडीसी ऊना महिंद्र पाल गुर्जर ने गंभीरता से लिया और तत्काल खंड विकास अधिकारियों को निर्देश जारी किए कि वे संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मिलकर विस्तृत बैठक करें तथा पंचायत प्रतिनिधियों से इस विषय में जवाब तलब करें। इसी के तहत बंगाणा खंड विकास कार्यालय में बुधवार को एक आपात बैठक आयोजित की गईख जिसकी अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी बंगाणा सुशील कुमार ने की।

बैठक में जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा, जिला पार्षद सत्या देवी, जूनियर इंजीनियर सचिन शर्मा, संजय शर्मा सहित अन्य अधिकारी व पंचायत सचिव उपस्थित रहे। बैठक में उपमंडल बंगाणा की 48 पंचायतों के प्रतिनिधियों से विकास कार्यों की स्थिति का विस्तृत ब्यौरा लिया गया।कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि विकास कार्यों में ढिलाई और निधियों का प्रयोग न होना एक गंभीर विषय है। पंचायतें विकास कार्यों को प्राथमिकता दें और जिन योजनाओं के लिए बजट स्वीकृत हो चुका है, उन्हें जल्द पूरा किया जाए। बीडीओ बंगाणा ने भी पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए तथा जो कार्य अभी आरंभ नहीं हुए हैं, उन्हें अविलंब शुरू किया जाए।

### जिले में पानी के बिलों पर जनता का हो-हल्ला, अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार बोले-

# पानी के बिल सरकारी आदेशों के अनुसार तय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू में इस बार पानी के बिलों को लेकर जनता के बीच काफी हो-हल्ला मच रहा है। दरअसल, गत वर्ष अक्टूबर से दिसंबर महीने के 3 माह का बिल एक साथ आए हैं। जिसे जनता पर एकदम से एक साथ बड़ा बोझ एक साथ पड़ गया है।

इसी बात को लेकर जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार द्वारा एक पत्रकार वार्ता आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने पानी के बिलों को लेकर कुछ एक तथ्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शहर में पानी के बढ़े हुए बिलों को लेकर जनता परेशान है और जल शक्ति विभाग पर मनमर्जी का आरोप लगा रही है।

इसी बात को लेकर विभाग के अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार ने बताया कि यह बिल एक माह का नहीं बल्कि गत वर्ष अक्टूबर से दिसंबर महीने तक के है। एक साथ



जानकारी देते हुए अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार व अन्य।

तीन महीने का बिल आने से जनता को भी यह ज्यादा लग रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि 2025 के 6 माह के बिलों की रिकवरी भी आने वाले कुछ महीनों में की जाएगी, लेकिन उन्होंने यह भी बताया कि जो नए बिल है वह सरकार द्वारा तय रेट के हिसाब से ही रखे गए हैं जिन्हें यदि गहराई से देखा जाए तो बहुत अधिक नहीं है।

उन्होंने बताया कि पानी के बिलों को विभिन्न समूहों में विभाजित किया गया है। उन्होंने बताया कि 20,000 लीटर प्रति माह पानी की खपत में 19.30 रुपए प्रति किलो लीटर खर्चा आएगा, जबकि 20,000 लीटर से 30,000 लीटर पानी के लिए 33.28 रुपए प्रति किलो लीटर खर्च होगा, तो वहीं 30,000 लीटर से अधिक पानी की खपत के लिए 59.90 रुपए प्रति किलो लीटर बिल बनेगा। जहां पहले सीवरेज चार्जेस पानी के बिल से आधे यानी 50 प्रतिशत लिए जाते थे, लेकिन अब वह घटाकर 30 फीसद कर दिए गए हैं, तो ऐसे में जनता किसी भी तरह के नुकसान में नहीं है।

#### पानी को जिम्मेदारी से करें इस्तेमाल

**अधीक्षण** अभियंता विनोद कुमार ने कहा कि भारत सरकार के निर्देशानुसार जल शक्ति विभाग प्रति व्यक्ति 135 लीटर पानी प्रति दिन का मुहैया करवाता है और जो की आवश्यक जरूरत को पूरा करने के हिसाब से पर्याप्त मात्रा है। यदि पानी की बिलों पर लगाम लगानी है तो उसके लिए पानी को जिम्मेदारी से सोच समझकर खर्च किया जाए, ताकी बेवजह पानी व्यर्थ न हो। उन्होंने सरकार की नई नोटिफिकेशन के हिसाब से जरूरतमंद लोगों को निशुल्क पानी की सुविधा देने की भी बात कही। शीघ्र ही सरकार की हिदायत के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के बिलों को भी अपडेट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार पानी के मैनुअल बिल आए हैं, क्योंकि नए रेट के अनुसार विभाग के पोर्टल को अपडेट करने की प्रक्रिया जारी है शीघ्र ही पहले की भांति ही बिल ऑनलाइन जारी किए जाएंगे।

## चरस सहित नेपाली मूल का व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** जिला कुल्लू में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक बड़ी सफलता मिली है। भुंतर पुलिस थाना की टीम ने गश्त के दौरान एक तस्कर को 895 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम जब भुंतर क्षेत्र में बडा भूईन फोरलेन मार्ग पर गश्त कर रही थी तो उस समय रेन शैल्टर के पास मौजूद एक युवक की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुई, जिसके चलते उसकी तलाशी ली गई।

तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 895 ग्राम चरस बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान रमेश खडका (28) पुत्र भोपेंद्ररा खडका निवासी गांव तामारी, डाकघर महत, तहसील खावन्गवगर व जिला रूकम पूर्वा (नेपाल) के रूप में हुई है। वर्तमान में वह जिला कुल्लू के मणिकर्ण क्षेत्र में रह रहा है। पुलिस ने आरोपी के मामला दर्ज कर लिया है। जिला पुलिस अधीक्षक ने इस मामले की पुष्टि की है। नशे के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# 21 से 23 अगस्त तक मनाया जाएगा राज्य स्तरीय लदारचा मेला : शिखा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

जिला लाहौल-स्पीति के स्पीति का पारंपरिक एवं प्रसिद्ध राज्य स्तरीय लदारचा मेला आगामी 21 से 23 अगस्त तक काजा में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी कार्यकारी अतिरिक्त उपायुक्त स्पीति शिखा ने बुधवार को उपमंडलाधिकारी कार्यालय काजा में मेले के सफल आयोजन के सम्बन्ध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने बताया की मेला का शुभारंभ 21 अगस्त को शोभायात्रा के साथ किया जाएगा। शोभायात्रा पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ काजा गोन्पा से लदारचा मेला ग्राउंड तक निकाली जाएगी, जिसमें स्थानीय स्कूलों के छात्र-छात्राएं, विभिन्न गोन्पाओं से लामागण एवं चोमोगण, महिला मंडल व स्थानीय लोग पारंपरिक परिधानों में इस शोभा यात्रा में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान तीनों दिन सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन



लदारचा मेले के आयोजन को लेकर अधिकारियों से चर्चा करते हुए एसडीएम काजा।

#### मेले के सफल आयोजन को लेकर बैठक आयोजित

किया जाएगा जिसमें स्थानीय कलाकारों को अधिमान दिया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकारों को आमंत्रित किया जाएगा। मेले के दौरान महिला मंडल, स्थानीय कलाकार व स्कूली बच्चे आकर्षक प्रस्तुति देंगे।

उन्होंने बताया कि मेले के दौरान किसान मेले का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में मेले के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनाएं रखने तथा साफ सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित बनाने पर भी विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा विकासात्मक प्रदर्शनियां भी लगाई जाएगी।

इसके अतिरिक्त मेले के सफल आयोजन के लिए मेला प्रबंधन उप समितियों का गठन किया जाएगा। इस अवसर पर जनजातीय सलाहकार समिति सदस्य सोनम तरगे, खंड विकास अधिकारी अंशुल, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग मनोज नेगी, खंड चिकित्सा अधिकारी बृजेश शर्मा, नायब तहसीलदार मोहन सिंह के अतिरिक्त मेला समिति के सरकारी तथा गैर सरकारी सदस्य भी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### हिडिंबा मंदिर में 18 से शुरू होगा शतचंडी महायज्ञ

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी के प्रमुख धार्मिक स्थल हिडिंबा मंदिर में 18 जुलाई से शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसके शुक्रवार से सात दिन तक मंदिर श्रद्धालुओं के लिए बंद रहेगा। हालांकि श्रद्धालु मंदिर परिसर के समीप गेट तक आ सकते है लेकिन मंदिर परिसर में महायज्ञ के चलते आने की अनुमति नहीं होगी। हिडिंबा मंदिर में 18 से 25 जुलाई तक शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार को कलश स्थापना एवं देवी-देवताओं के आगमन के साथ महायज्ञ का आयोजन होगा। सात दिन तक 15 ब्राह्मण मंदिर में शतचंडी पाठ करेंगे। 24 जुलाई को महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। महायज्ञ में माता हिडिंबा, मनु ऋषि, कंचन नाग, शंख नारायण, कार्तिक स्वामी, सियाली महादेव, शांडिल ऋषि, वीरनाथ देवता विराजमान होंगे। माता हिडिंबा एवं मनु ऋषि के कारदार रघुवीर नेगी ने बताया कि महायज्ञ के दौरान श्रद्धांलू मंदिर के गेट तक आ सकेंगे। सात दिन महायज्ञ का आयोजन होगा। 24 को को पूर्णाहुति के पश्चात विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

### खाई में गिरे व्यक्ति को दमकल विभाग ने निकाला

**अनंत ज्ञान, बंजार।** उपमंडल बंजार के गांव छेत के पास मंगलवार देर रात एनएच 305 बंजार जीभी सड़क पर एक बाबा जिसे शनि बाबा के नाम से भी जाना जाता है सड़क किनारे गहरी खाई में चलते गिर गया। जानकारी देते हुए बंजार प्रेस क्लब के अध्यक्ष हरि कृष्ण ने बताया कि देर रात बाहु से आ रहे थे तो सड़क पर आते हुए उन्हें एक व्यक्ति सड़क पर सड़क किनारे रेलिंग के साथ चलता हुआ नजर आया और वह व्यक्ति अचानक सड़क से नीचे जहां पर डंगा टूटा हुआ था नीचे खाई की ओर लुढ़क गया। खाई में गिरे व्यक्ति की कोई आवाज न आने पर बंजार थाने सहित दमकल विभाग को फोन कर सारी जानकारी दी। थाना बंजार सहित दमकल विभाग की टीम हादसा स्थल पर पहुंची और वैकल्पिक मार्ग के द्वारा नीचे खाई में उतर कर नीचे झाड़ियों में फंसे व्यक्ति को रेस्क्यू कर निकाल कर बंजार अस्पताल लाया गया जहां पर डॉक्टर द्वारा व्यक्ति की स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। व्यक्ति की पहचान मदन लाल के रूप में हुई है जो बंजार नगर में शनि दान मांगता है।

### छात्रों ने आपदा प्रबंधन का लिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जल्लूग्रां में कंपनी कमांडर कमल भंडारी, कंपनी कमांडर धनी राम, फायर चौकी प्रभारी जरी टिकम राम के नेतृत्व में गृह रक्षक तथा अग्नि सेवा बचाव दल द्वारा छात्रों और शिक्षकों के लिए आपदा प्रबंधन पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की मॉकड्रिल करवाई गईं, जिसमें बच्चों को आपातकालीन बचाव के तरीके और ऊंची इमारतों से सुरक्षित निकलने की तकनीकों की जानकारी दी गई। सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) तकनीक का विस्तृत प्रदर्शन किया गया और अग्निशमन यंत्रों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही आग की विभिन्न श्रेणियों और उन्हें बुझाने के तरीकों के बारे में भी बताया गया।सभी छात्रों ने इस कार्यक्रम में बड़ी रुचि के साथ भाग लिया। विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य जानकी दास ने गृह रक्षक दल और अग्नि सेवा बचाव दल का विद्यालय में आकर प्रशिक्षण देने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

### खाताधारक दो लाख का दुर्घटना बीमा का लें लाभ : संजीव

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** पंजाब नेशनल बैंक बजौरा द्वारा ग्राम पंचायत हाट परिसर में वित्तीय समावेशन कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में लोगों को प्रधान मंत्री जन धन योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना की जानकारी दी गई। कैंप में केवाईसी, डिजिटल उत्पाद, जमा खाते में नामाकन की सुबिधा में एवं साइबर धोखाधड़ी से कैसे बचा जाये, इस बारे में भी लोगों को जानकारी दी गई। पंजाब नेशनल बैंक बजौरा के शाखा प्रबंधक संजीव कुमार ने लोगों को बताया की कोई भी बैंक खाताधारक जिस की आयु 18 से 50 बर्ष के बीच में है, वो खाताधारक 436 रुपए प्रतिवर्ष की राशि देकर दो लाख का जीवन बीमा एवं खाताधारक जिस की आयु 18 से 70 बर्ष के बीच में है वो खाताधारक 20 रुपए प्रतिवर्ष की राशि देकर दो लाख का दुर्घटना बीमा का लाभ ले सकते हैं। असंगठित क्षेत्र में कार्यरत कामगारों के लिए अटल पेंशन योजना एवं उस के लाभ के बारे में जानकारी दी गई। जिला अग्रणी प्रबंधक राजेंद्र कुमार ने कैंप के बारे में जानकारी दी तथा बताया कि 1 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक जिला कुल्लू की पंचायतों में लोगों को जानकारी दी जाएगी।

## एनसीसी इकाई में मूलभूत सुधारों की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, बंजार**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार की राष्ट्रीय छात्र वाहिनी एनसीसी इकाई में मूलभूत सुधारों पर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने स्वैच्छिक पहल की है।



प्राचार्य को मांगों संबंधी ज्ञापन सौंपते हुए एनसीसी कैडेट।

एनसीसी शिक्षक प्रभारी के नेतृत्व में महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. राजेश कुमार सिंह से मुलाकात कर उनको लिखित मांग पत्र सौंपा।

इस कैडेट्स दल में सीनियर अंडर आफिसर मनोज ठाकुर तथा अंडर आफिसर खुशबू सहित 26 कैडेट्स सम्मिलित रहे। इस मौके पर कैडेट्स ने विगत 5 वर्षों से महाविद्यालय की राष्ट्रीय छात्र वाहिनी के नियमित इकाई न बन पाने के कारण कैडेट्स को हो रही हानि का मुद्दा प्रमुख रूप से उठाया। डॉ. श्रवण कुमार प्रभारी राष्ट्रीय छात्र वाहिनी बंजार कॉलेज ने बताया कि प्राचार्य से राष्ट्रीय छात्र वाहिनी बटालियन मंडी से इस विषय को प्रभावी तरीके से उठाकर इसी सत्र से राष्ट्रीय छात्र वाहिनी बंजार को नियमित इकाई का दर्जा दिलाने की मांग की ताकि बंजार के कैडेट्स भी राष्ट्रीय स्तर के महत्वपूर्ण शिविरों में भाग ले सकें।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा सभी कैडेट्स को आश्वासन दिया गया कि उनकी मांगों पर विशेष ध्यान देते हुए यथाशीघ्र कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने इकाई को तुरंत प्रभाव से कार्यालय हेतु कक्ष आबंटन कर इस कक्ष में जरूरी मरम्मत कार्य पूर्ण कर कार्यालय आरंभ करने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय छात्र वाहिनी के संदर्भ में महाविद्यालय की ओर से किसी भी प्रकार की वित्तीय समस्या नहीं है और कैडेट्स द्वारा मांगी गई सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु महाविद्यालय प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रभारी राष्ट्रीय छात्र वाहिनी को सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर कार्य आरंभ करने के निर्देश दिए। इस अवसर बाद में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बंजार के राष्ट्रीय छात्र वाहिनी प्रमुख राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने महाविद्यालय आकर इकाई के लिए आवश्यक सभी संसाधनों को सक्रिय करने बारे महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. राजेश कुमार सिंह को महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

## शंचूल महादेव के दर्शनों के लिए उमड़ी भारी भीड़

**अनंत ज्ञान, बंजार।** बंजार घाटी की कोठी फतापूर टील वछूट के देवता शंचूल महादेव के मंदिर टील में श्रावण मास के पहले दिन शंचूल महादेव के दर्शनों के लिए भारी भीड़ उमड़ी। जैसे ही शंचूल महादेव अपने देवालय वछूट से अपने टील मंदिर पहुंचे तो उनके दर्शनों के लिए सुबह से ही टील मंदिर में भारी भीड़ एकत्रित थी। शंचूल महादेव के मंदिर में प्रवेश होते ही लोगों का दर्शन करने का तांता शुरू हो गया।

शंचूल महादेव के कारदार गोपी चौहान पुजारी राम लाल ने बताया कि शंचूल महादेव बैसाखी और श्रावण मास के पहले दिन अपने देवालय वछूट से टील मंदिर आते हैं। टील मंदिर में श्रद्धालु अपनी मन की मुरादें लेकर आते हैं। पुजारी राम लाल ने बताया कि जिन दंपतियों की औलाद नहीं होती अगर वह शंचूल महादेव के पास फरियाद लेकर आते हैं तो शंचूल महादेव उनको पुत्र प्राप्ति का वरदान देकर उसकी मनोकामना पूर्ण करते हैं।

## सोलंगनाला में रोपे 500 पौधे



**अनंत ज्ञान, मनाली**

सोलंगनाला में सोलंग घाटी के युवाओं द्वारा पौधरोपण अभियान के तहत 500 से अधिक पौधे रोपे गए। यह पौधरोपण अभियान रियल एडवेंचर स्की एसोसिएशन बुरुआ और अंजनी महादेव जिपलाइन एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान से चलाया गया। दोनों संस्थाओं के लगभग 25 युवाओं ने 5 बीघा जमीन पर यह पौधरोपण किया।

रियल एडवेंचर स्की एसोसिएशन बुरुआ के प्रधान अनोख राम ठाकुर और अंजनी महादेव जिपलाइन एसोसिएशन के प्रधान योगराज ने बताया कि सोलंगनाला पर्यटन नगरी मनाली का एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है जहां पर साल भर लाखों सैलानी घूमने के लिए आते है। यहां पर जितने ज्यादा पेड़ लगाए जाएंगे , वातावरण उतना ही शुद्ध होगा।

रियल एडवेंचर स्की एसोसिएशन बुरुआ के प्रधान अनोख राम ठाकुर ने बताया कि वे हर वर्ष पौधरोपण का अभियान चलाते हैं और इस बार यह अभियान एक पेड़ जिंदगी के नाम से चलाया गया है जिसमें बुधवार 16 जुलाई को 5 बीघा भूमि में 500 से अधिक पौधे रोपे गए।

## कल्याण संगठन की नई कार्यकारिणी गठित, सागर ठाकुर प्रभारी नियुक्त



कल्याण संघ की नई कार्यकारिणी के सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कल्याण संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस बैठक में सागर ठाकुर को संगठन का प्रभारी नियुक्त किया गया। उनके साथ पवन ठाकुर को चेयरमैन, परवीन ठाकुर को उपाध्यक्ष, युधिष्ठिर ठाकुर को संयोजक, अनुज कश्यप को अध्यक्ष एवं ठाकुर को सह-संयोजक के रूप में चुना गया।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संगठन की अगली बैठक हर महीने के अंतिम रविवार को होगी। संगठन के प्रभारी, चेयरमैन और अध्यक्ष मिलकर संगठन की गतिविधियों का संचालन करेंगे तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।नवगठित टीम का उद्देश्य समाज सेवा और पारदर्शी संगठनात्मक व्यवस्था को बनाए रखना है। प्रभारी सागर ठाकुर ने कहा कि वह पूरी निष्ठा से अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे और संगठन के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

## आधारकार्ड बनाने को लेकर नेपाली संगठन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मूल प्रवाह अखिल भारत नेपाली एकता समाज कुल्लू मनाली संगठन ने बुधवार को अध्यक्ष सायला लामा की अध्यक्षता में एसडीएम मनाली को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में संगठन के पदाधिकारियों ने मांग की है कि नेपाली मूल के लोगों के आधारकार्ड बनाए जाए।

ज्ञापन देने के बाद मूल प्रवाह अखिल भारत नेपाली एकता समाज कुल्लू मनाली संगठन के अध्यक्ष सायला लामा ने कहा कि गत पांच साल से नेपाली मूल के लोगों के आधारकार्ड नहीं बन रहे हैं। आधारकार्ड न बनने से उन्हें भारी दिक्कत आ रही है। बैंक में खाते भी नहीं खुल रहे हैं। सायला ने बताया कि एसडीएम मनाली से आग्रह

#### संगठन के अध्यक्ष बोले-गत पांच साल से नहीं बन रहे आधारकार्ड

किया गया है कि नेपाली मूल के लोगों के आधारकार्ड बनाए जाए। सायला लामा ने बताया कि मूल प्रवाह अखिल भारत नेपाली एकता समाज कुल्लू मनाली संगठन कुल्लू और मनाली में रहने वाले नेपाली समुदाय के लोगों के लिए काम करता है।

यह संगठन नेपाली संस्कृति और एकता को बढ़ावा देने के साथ-साथ सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक मुद्दों पर भी काम कर रहा है। इस मौके पर उपाध्यक्ष रतन लाल, महिला अध्यक्ष कमला साही व महिला सदस्य शानू माया श्रेष्ठ तथा सदस्य विष्णु शर्मा मौजूद रही।



एसडीएम मनाली को ज्ञापन सौंपते मूल प्रवाह अखिल भारत नेपाली एकता समाज कुल्लू मनाली संगठन के पदाधिकारी।

## भुंतर स्कूल में विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण



पौधरोपण करते हुए भुंतर स्कूल के विद्यार्थी,

**अनंत ज्ञान भुंतर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुंतर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) तथा इको क्लब इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में 14 जुलाई से 16 जुलाई तक तीन दिवसीय पौधरोपण अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत विद्यालय के छात्रों ने वन विभाग की भूमि पर सैकड़ों पौधे रोपित किए। इस कार्य में एनसीसी प्रभारी कश्मीर चंद, एनएसएस प्रभारी किशोर कुमार व उनकी सहयोगी भीमा देवी, तथा इको क्लब प्रभारी शशि किरण की सक्रिय सहभागिता रही।छात्रों ने बड़े उत्साह और जिम्मेदारी के साथ इस पर्यावरणीय पहल में भाग लिया, जो उनके पर्यावरण के प्रति जागरूक और संवेदनशील होने का प्रमाण है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य तिलक राज ने इस अवसर पर उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए पौधरोपण के महत्व और पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि 'एक वृक्ष सौ पुत्रों के समान होता है, अत: हर व्यक्ति को वृक्षारोपण अवश्य करना चाहिए।' विद्यालय परिवार की यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सार्थक कदम है, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणा भी है।

## निरमंड के छात्रों ने किया शैक्षिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** पीएम श्री राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निरमंड द्वारा एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा 6वीं से 12वीं तक के कुल 303 छात्रों ने भाग लिया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को कक्षा की पढ़ाई के साथ-साथ व्यवहारिक, प्राकृतिक और साहसिक अनुभवाओं का अनुभव प्रदान करना था।

छात्रों ने एडवेंचर पार्क में ज़िप लाइनिंग, रस्सी पुल, झूला झूलना जैसी अनेक साहसिक गतिविधियों का आनंद लिया, जिससे उनमें आत्म-विश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास हुआ। इस भ्रमण का आयोजन विद्यालय के उर्जावान प्रधानाचार्य जगजीवन पाल के मार्गदर्शन में किया गया। उनके अनुसार ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु अत्यंत आवश्यक हैं, क्योंकि ये उन्हें पुस्तकीय ज्ञान के अतिरिक्त जीवन मूल्यों को अत्मासात करने का अवसर देते हैं।

**भोले की भक्ति**

### 35 किमी के कठिन, पथरीले और बर्फीले रास्ते में श्रद्धालुओं की परीक्षा

# सातवीं बार नंगे पांव श्रीखंड के दर्शन कर लौटी ईशानी ठाकुर

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** भोले में है आस्था तो मुश्किल में भी रास्ता' इसी अटूट विश्वास के साथ कुल्लू जिला के निरमंड उपमंडल की 28 वर्षीय ईशानी ठाकुर ने एक बार फिर नंगे पांव 18,570 फुट की ऊंचाई पर स्थित श्रीखंड महादेव की कठिन यात्रा पूरी कर अपने अदम्य साहस और भक्ति का परिचय दिया है।

ईशानी की लगातार सातवीं यात्रा थी, और हर बार वह अपने गांव बागीपुल से ही नंगे पांव निकल पड़ती हैं। श्रीखंड महादेव यात्रा उत्तर भारत की सबसे कठिन यात्राओं में गिनी जाती है, जहां 35 किलोमीटर के कठिन, पथरीले और बर्फीले रास्ते, माइनस डिग्री तापमान, तेज हवाएं और बारिश श्रद्धालुओं की परीक्षा लेते हैं। ईशानी कहती हैं कि जिनके मन में सच्ची श्रद्धा हो, उनके लिए यह यात्रा कठिन नही है।



#### शिव के चरणों में एक रात

2018 में ईशानी ने शिव की शरण में पार्वती बाग से श्रीखंड तक अकेले यात्रा की और भोले बाबा के चरणों में एक रात गुजारने का निश्चय पूरा किया। तेज ठंड, हवाओं और बारिश के बीच भी सच्ची भक्ति का ध्यान उन्हें शक्ति देता रहा।

#### सच्ची श्रद्धा से सब आसान

**इस** बार बाहरी राज्यों के अपने 6 साथियों के साथ यात्रा कर लौटी ईशानी कहती हैं कि श्रीखंड यात्रा पर पिकनिक की तरह नहीं, बल्कि सच्ची आस्था और ध्यान के साथ जाना चाहिए। तभी कठिन परिस्थितियों में भी रास्ता मिल जाता है और मन भी स्थिर रहता है।

#### 'घर जैसा लगाव'

**ईशानी** बताती हैं कि नंगे पांव यात्रा करने के पीछे कोई दिखावा नहीं है। जैसे घर से दूर रहने पर दिल घर लौटने को लालायित रहता है, वैसा ही उनका मन भोले के दर्शनों के लिए उमड़ पड़ता है। 2017 में पहली बार नंगे पांव श्रीखण्ड यात्रा पर गईं और तभी से अब तक सात बार यही परंपरा निभाई है।

#### सिर्फ आस्था नहीं, बल्कि अदम्य विश्वास और निष्ठा की भी मिसाल

**ईशानी** ठाकुर की कहानी सिर्फ आस्था की नहीं, बल्कि उस अदम्य विश्वास और निष्ठा की भी मिसाल है, जो हर मुश्किल को आसान बना देती है। सच ही कहा है 'जहां श्रद्धा होती है, वहां शिव स्वयं रास्ता बना देते।



#### गंदगी न फैलाएं, नशा न करें

**ईशानी** ने युवाओं से अपील की कि वे यात्रा के दौरान केवल जरूरी सामान ही लेकर जाएं और कचरा लौटकर वापस लाएं या डस्टबिन में डालें। साथ ही यात्रा में नशा करने से बचें, क्योंकि यह शरीर और मन दोनों के लिए हानिकारक है।

#### प्रशासन की तैयारी सराहनीय

**गत** वर्ष बादल फटने से रास्ते क्षतिग्रस्त हुए थे, लेकिन प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ और पर्वतारोहियों की टीम ने कठिन हालात में भी रास्तों को दुरुस्त कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की। ईशानी ने प्रशासन के इन प्रयासों की भी सराहना की।

## पर्यावरण की शुद्धता के लिए हर व्यक्ति करे पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

आर्ट ऑफ लिविंग कुल्लू चैप्टर द्वारा एक विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन खोखन वन क्षेत्र में किया गया। इस पर्यावरणीय अभियान के तहत शिक्षक व स्वयंसेवियों ने मिलकर 180 पौधे रोपे। यह आयोजन न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक प्रयास था, बल्कि हिमालय की रक्षा के प्रति एक श्रद्धामयी संकल्प भी।




पौधरोपण अभियान के दौरान गणमान्य लोग।

सभी ने वृक्षों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए 'थैंक यू ट्री' संदेश पट्टिकाओं पर भावपूर्ण शब्द लिखकर लगाए। इस आयोजन का नेतृत्व जिला कोऑर्डिनेटर सोनाली कपूर ने किया। उनके साथ इटीसी, डीडीसी, एवं शिक्षकगण व आर्ट ऑफ लिविंग के साधक एवं स्वयंसेवकों की समर्पित टीम तथा वन विभाग के ब्लॉक अधिकारी बीडीओ रंजना व उनकी टीम ने मिलकर सफल और पुण्यपूर्ण बनाया।

हिमालय की सुंदरता और पर्यावरण की शुद्धता को बनाए रखने हेतु हम सभी का यह दायित्व है कि हर घर से कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने छात्रों को दी साइबर क्राइम की जानकारी

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** हिमाचल प्रदेश एसीटी ह्यूमेन फाउंडेशन की ओर से बुधवार को डिग्री कॉलेज कंडाघाट में साइबर क्राइम को लेकर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सोलन पुलिस का साथ भी फाउंडेशन को मिला। कार्यक्रम में सोलन पुलिस साइबर सेल ने कॉलेज के बच्चों के साथ साइबर अपराध को लेकर चर्चा की। इस दौरान बच्चों ने अपने मन में आए सवालों के जवाबों को भी जाना। उन्होंने बताया कि किस तरह से यदि कोई व्यक्ति साइबर क्राइम का शिकार हो जाता है तो उसे कैसे जागरूकता दिखाते हुए कदम उठाने चाहिए। इसी के साथ उन्हें सोशल मीडिया एप्प पर किस तरह से अपनी सिक्योरिटी सुनिश्चित करनी चाहिए। वहीं मुख्य वक्ता साइबर सिक्योरिटी और एआई एक्सपर्ट ने साइबर अपराध और एआई के दुष्प्रभाव के बारे में बच्चों को जागरूक किया और बताया कि इससे कैसे बचा जा सकता है। इसमें मुख्यतः साइबर अपराध और एआई के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताए गए। आगामी दिनों में जिला के अन्य विश्वविद्यालयों और स्कूलों में भी इस तरह के कैंपों का आयोजन किया जाएगा।

### कंडाघाट कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह आयोजित

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** कंडाघाट कॉलेज में आईक्यूएसी के माध्यम से वर्तमान शिक्षा सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए दीक्षारम्भ समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्यातिथि कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ.मदन लाल मनकोटिया और विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य प्रो. नविता गौतम रही। उन्होंने कॉलेज के समाचार पत्र मोजैक के दूसरे अंक का विमोचन किया। कॉलेज के विभिन्न क्लब, समितियों, एनएसएस और रोवर एंड रेंजर के प्रभारियों ने भी विद्यार्थियों को संबंधित किया और इन समूहों के उदेश्य और कार्यप्रणाली से अवगत करवाया। डॉ हरिन्द्र लाल ने राज्य और केंद्र सरकार की छात्रवृति योजनाओं की जानकारी दी। प्रधानाचार्य ने अपने सम्बोधन में कॉलेज में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी। यह तीन वर्षो का समय उनके जीवन का स्वर्ण काल होगा। एक ऐसा काल जिसमें वे अपनी संभावनाओं को पहचानकर उन्हें वास्तविकता में बदल सकते है। उन्होंने मूलमंत्र दिया सीखने आओ, सेवा करने जाओ। कॉलेज की नशा विरोधी समिति ने कॉलेज के शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टॉफ की उपस्थिति में नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

### यमुना नदी में फंसे तीन किशोरों को सुरक्षित बचाया



**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब यमुना नदी में नहाने गए तीन किशोर अचानक पानी के तेज बहाव के बीच फंस गए। यह घटना आईआईएम रामपुर घाट के पास घटी, जहां लगभग पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुरूवाला पुलिस और स्थानीय गोताखोरों की टीम के संयुक्त प्रयासों से रात करीब 2:30 बजे इन किशोरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जानकारी के अनुसार, जब ये किशोर नदी किनारे गए थे, तब पानी का स्तर सामान्य था। हालांकि, कुछ ही देर बाद नदी में अचानक बाढ़ जैसी स्थिति बन गई, जिससे वे पानी के तेज बहाव के बीच घिर गए और उनकी जान खतरे में पड़ गई। जैसे ही इस घटना की सूचना पुरूवाला पुलिस को मिली, अतिरिक्त थाना प्रभारी जीतराम के नेतृत्व में एक टीम तत्काल मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। बचाए गए किशोरों की पहचान प्रियांशु (17) पुत्र सोमपाल, निवासी टोडरपुर, तहसील बेहट, जिला सहारनपुर (यूपी) (वर्तमान में रामपुरघाट, पांवटा साहिब निवासी), अभी (15) पुत्र अजब सिंह निवासी गंगोह, तहसील नकुड़, जिला सहारनपुर (यूपी) (वर्तमान में गुरुमुख पट्टी नत्था, रामपुरघाट, पांवटा साहिब निवासी) और कुणाल (14) पुत्र संजय निवासी जोहाड़ी, तहसील बड़ौत, जिला बागपत (वर्तमान में राम मंदिर, रामपुरघाट, पांवटा साहिब निवासी) के तौर पर हुई है। डीएसपी पांवटा साहिब मानवेंद्र सिंह ठाकुर ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि तीनों किशोरों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया गया है।

### अर्की के बीएलओ व सुपरवाइजरों को दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्की विधानसभा क्षेत्र में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और सुपरवाइजरों को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) की अध्यक्षता में प्रशिक्षण दिया गया। एसडीएम ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन सूची का विशेष संक्षिप्त पुनर्रीक्षण अभियान आगामी 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें और नए योग्य मतदाताओं के नाम जोड़े। इसके अलावा मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम सूची से हटाने व आवश्यक सुधार के लिए फॉर्म 6, 7 और 8 का उपयोग करने के निर्देश दिए।

### रोटरी क्लब बद्दी ने किया पौधरोपण




**अनंत ज्ञान, बद्दी।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बद्दी में एनएसएस का एक दिवसीय शिविर प्रधानाचार्य राम लाल अध्यक्षता में विद्यालय में मनाया गया। इस दौरान रोटरी क्लब बद्दी द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम को अंजाम दिया। शिविर में एनएसएस प्रभारी रजत ठाकुर, इको क्लब इंचार्ज नीतू और अन्य ने विद्यालय में साइंस लेब की सफाई, एमडीएम हॉल की सफाई, स्कूल कैंपस तथा टायलेट की सफाई स्वयंसेवियों की सहायता से करवाई गई। रोटरी क्लब द्वारा 50 पौधें विभिन्न प्रजातियों के लगाए गए। जिसका शुभारंभ जगदीप सिंह अरोड़ा रोटरी क्लब के अध्यक्ष ने किया। क्लब के महासचिव संजीव वर्मा, राजेश बंसल अतुल गुप्ता, सुखविंद्र, टेक चंद, कार्तिक, रेणु बंसल, मनिंद्र कौर आदि रोटेरियन ने स्वयंसेवियों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। इस मौके पर पाठशाला के प्रधानाचार्य रामलाल ने सभी एनएसएस वॉलंटियर्स को नशे से दूर रहने की सलाह दी।

कुत्ते हुए खूंखार | सोलन अस्पताल में एक दिन में सामने आए डॉग बाइट के 26 मामले

# कुत्तों के आतंक से खौफ में लोग

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** नगर निगम की कार्यप्रणाली से सोलन शहर में कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। इसका मुख्य कारण एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर शुरू होने में देरी भी है। हालत ये है की पिछले कुछ दिनों से सोलन शहर में कुत्तों के काटने की घटनाएं बढ़ गई है। पिछले 24 घंटे में सोलन शहर में 26 लोगों को कुत्तों का काटा। ये वो मामले है जिन्हें सोलन अस्पताल में एंटी रैबीज टीके लगाए गए हैं। इसमें मुख्यता चौक बाजार, चम्बाघाट और वार्ड-2 से सामने आए हैं। बताया तो यह भी जा रहा है की निजी अस्पतालों में भी कुत्तों के काटने के केस आ रहे हैं।

हैरानी की बात है कि नगर निगम ठोडो ग्राउंड के नजदीक करीब 45 लाख रुपए खर्च कर कुत्तों की नसबंदी के लिए एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर बना चुका है। बावजूद इसके अभी नसबंदी शुरू नहीं हुई है। नगर निगम ने सर्टिफिकेशन के लिए आवेदन किया है। इसके तहत एक वर्ष का टेंडर लगाया गया है पर इसमें समय लग रहा है। नगर निगम ने अब एक महीने का शार्ट टर्म टेंडर लगाने का निर्णय लिया है।



**एक माह में 213 लोगों को काटा**

#### सोलन अस्पताल में रोज आ रहे डॉग बाइट के केस

**सोलन** अस्पताल में अमूमन रोज डॉग बाइट के केस आते हैं। इसमें अधिकतर बुजुर्ग व बच्चे शामिल है। डॉग बाइट की घटना बढ़ने के बावजूद नगर निगम आवारा कुत्तों के आतंक से निजात नहीं दिला पाया है। स्टरलाइजेशन नहीं होने के चलते कुत्तों की आबादी बढ़ती ही जा रही है। कुत्तों के हमले से लोग चोटिल भी हो जाते हैं। यही कारण है कि नगर निगम अब डॉग स्टरलाइजेशन ओटी निर्माण का निर्णय लिया है। निगम चुनाव में भी कुत्तों की समस्या मुद्दा खूब उठा था। तब प्रत्याशियों ने अपने-अपने वार्ड में डॉग यार्ड बनाने के दावे किए थे मगर अब चार वर्ष से अधिक का कार्यकाल होने के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं।

#### एक सप्ताह में हो सकेंगे 17 ऑपरेशन

**ग्राउंड** के नजदीक करीब 45 लाख की लागत से डॉग स्टरलाइजेशन ओटी कम केयर यार्ड में एक साथ 17 आवारा कुत्तों (मादा) की नसबंदी की जा सकेगी। नसबंदी के बाद उन्हें एक सप्ताह तक पिंजरे में सुरक्षित रखा जाएगा। साथ ही दूध ब्रेड और अन्य चीजें खाने की दी जाएगी। नियम के तहत एक सप्ताह के बाद उन्हें पुरानी लोकेशन में छोड़ा जाएगा। यह व्यवस्था शुरू होते ही शहर में काफी हद तक आवारा कुत्तों की संख्या में रोकने में मदद मिलेगी। अब इंतजार है तो केंद्रीय पशु कल्याण बोर्ड की प्रमाणिकता का है।

#### अभिभावकों को रहती है बच्चों की चिंता

**नगर** निगम में हजारों की संख्या में कुत्ते शहर की गलियों, सड़कों और मोहल्लों में झुंड में रहते हैं। कुत्ते के आतंक से रोज स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को काटने की घटनाएं सामने आती है। कुत्तों की बढ़ती संख्या से लोग खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। लोगों को अकेले चलना खतरे से खाली नहीं रह गया है।

"आवारा कुत्तों की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए स्टरलाइजेशन ओटी कम डॉग यार्ड का निर्माण किया गया है। इसकी सर्टिफिकेशन का इंतजार है। चम्बाघाट क्षेत्र में कुत्तों को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाने की मुहीम चलाई गई है। औपचारिकताएं पूरी होते ही माता कुत्तों की नसबंदी का कार्य शुरू होगा।

**-एकता कापटा, आयुक्त,नगर निगम सोलन।**

"सोलन अस्पताल में पिछले कल रात 11 बजे तक कुल 26 केस डॉग बाइट का आए। एक महीने में सोलन अस्पताल में कुल 213 केस डॉग बाईट का आए। जिनका वैक्सीनेशन किया गया है। कुत्ते के काटने पर घबराएं नहीं बल्कि अस्पताल पहुंचकर वैक्सीनेशन करवाना चाहिए।

**डॉ. राकेश पंवर, सीनियर चिकित्सा अधीक्षक, सोलन अस्पताल।**

## युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा प्रदान करने में खेल सहायक : रोहित



कुराश प्रतियोगिता के शुभारंभ पर रोहित ठाकुर और वीसी प्रो. राजेश्वर चंदेल।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि खेल युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें विकास की दिशा में और अधिक समर्पित होकर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। रोहित ठाकुर आज यहां डॉ. वाईएस परमार बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में हिमाचल प्रदेश एमेच्योर एसोसिएशन कुराश द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता का शुभारंभ करने के उपरांत खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे।

दो दिवसीय इस राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में लगभग 408 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के समग्र विकास के लिए खेलकूद एवं शिक्षण गतिविधियों पर विशेष बल दे रही है। खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही है और उन्हें पहले से अधिक वित्तीय सहायता भी दी जा रही है। रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में इस वर्ष में जुब्बल में छात्राओं के लिए कबड्डी और बेडमिंटन छात्रावास तथा मंडी जिला के संधोल में वॉलीबॉल छात्रावास आरंभ किया गया है।

राज्य में अब कुल 09 खेल छात्रावास हैं, जिनमें 253 खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। अवगत करवाया गया कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित अंडर-19 और अंडर-17 खेलों में हिमाचल के खिलाड़ियों ने 34 पदक प्राप्त किए। इनमें से 10 पदक कुराश में जीते गए। रोहित ठाकुर ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले राजकीय छात्रा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सोलन की छात्राओं को 15000 रुपए, राजकीय महाविद्यालय सोलन के बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने पर 15 हजार रुपए तथा कुराश संघ को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की।

## काला अंब लघु उद्योग भारती की टीम गठित

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश लघु उद्योग भारती की काला अंब इकाई का चुनाव मंगलवार को शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान हिमाचल टरपेंनटाइन उद्योग के अखिल महेश्वरी को सर्वसम्मति से इकाई का नया प्रधान चुना गया।

उनके नेतृत्व में एक नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें विभिन्न पदों पर उद्योग जगत के सक्रिय सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वरिष्ठ उप-प्रधान के रूप में तरूश गुप्ता (खाटू जी इंडस्ट्री), विकास कासल (राजश्री फैब्रिक), राजीव तिवारी (एलनोवा फार्मा), और सुशील कुमार भार्गव (ईडो फार्मा कैम) को

**अखिल महेश्वरी बने इकाई के प्रधान**

मनोनीत किया गया है। इंडो हर्बल के दान सिंह को महासचिव का महत्वपूर्ण जिम्मा सौंपा गया है इसके अतिरिक्त, जय गणेश पैकर्स के अमन दुग्गल, जेनेसिस फार्मा के संयम खुराना, माइक्रो पेट टेक्नोलॉजी के अजय गर्ग, और सिरमौर पैकर्स के रितेश गर्ग को संयुक्त सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। केसी पारीक और किशन कनकणी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि नवरत्न देव शर्मा इकाई के कानूनी सलाहकार होंगे। उद्योगों की समस्याओं का होगा स अखिल महेश्वरी ने अपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नई इकाई का मुख्य उद्देश्य कालाअंब औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों की समस्याओं का प्रभावी समाधान ढूंढना है।

उन्होंने सभी उद्योगपतियों को साथ लेकर चलने और लघु उद्योगों के हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प दोहराया। महेश्वरी ने कहा, हमारा प्रयास रहेगा कि कालाअंब के लघु उद्योगों को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाया जाए। कोषाध्यक्ष कृष्ण पारीक ने कहा कि अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएंगे और इकाई के वित्तीय प्रबंधन को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए प्रयास करेंगे।

## सोलन पुलिस ने पकड़ी 210 ग्राम चरस, दो युवक काबू

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पुलिस थाना कुनिहार की एक टीम थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान सूचना मिली कि अर्की की तरफ से एक मोटरसाइकिल नंबर एचपी-64सी-1436 आ रही है जिस पर दो युवक सवार है। इस सूचना पर उक्त टीम द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए पुराना बस स्टैंड के समीप नाकाबंदी करके उक्त मोटरसाइकिल को रोककर चेक किया गया और उक्त मोटर साइकिल पर बैठे दोनों युवकों जिनके नाम व पते मुकेश पुत्र सूरत सिंह निवासी गांव कांडी डा.खा. हरलोग तह. शिलाई कोटा जिला सिरमौर उम्र 21 वर्ष व माधव खिदड़ी पुत्र हेमंत कुमार निवासी छोटा चौक नाहन जिला सिरमौर उम्र 22 वर्ष को मालूम हुए को 210 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया गया। जिस पर पुलिस थाना कुनिहार में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया।

वारदात में संलिप्त मोटरसाइकिल नंबर एचपी-64सी-1436 को जब्त करके पुलिस ने अपने कब्जे लिया। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के पूर्व आपराधिक रिकार्ड की पड़ताल की जा रही है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। मामले में जांच जारी है।

## भगोड़ा आरोपी ठियोग से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस थाना अर्की की पुलिस टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर एक उदघोषित/भगोड़े अपराधी गणेश उर्फ कमल गिरी पुत्र राज कुमार निवासी गांव व डाकखाना ननखडी तह. ननखडी जिला शिमला उम्र 26 वर्ष को शिमला जिला के ठियोग क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। जिस पर पुलिस थाना अर्की में उपरोक्त अभियोग दर्ज किया गया।

गिरफ्तार उक्त भगोड़ा अपराधी पुलिस थाना अकी में चोरी के मामले में न्यायलय अर्की द्वारा भगोड़ा अपराधी घोषित करार दिया गया था। भगोड़े अपराधी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## शिक्षा विभाग ने मांगा आरक्षित सीटों पर दाखिले का ब्यौरा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शिक्षा विभाग ने जिले के निजी स्कूल प्रबंधकों से आरक्षित सीटों पर हुए दाखिले का ब्यौरा मांगा है। इसकी रिपोर्ट प्रबंधकों को 30 जुलाई तक शिक्षा विभाग के कार्यालय में सौंपनी होगी। इसके अलावा स्कूल में नए दाखिलों की भी सूची देनी होगी। विभाग ने इसके लिए स्कूल प्रबंधकों को निर्देश जारी कर दिए हैं। इसमें शिक्षा विभाग की ओर से निरीक्षण के बाद आरक्षण के तहत हुए दाखिलों का खर्चा भी प्रदान किया जाता है। स्कूल प्रबंधकों को निर्देश दिए गए हैं कि सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों के उन छात्र-छात्राओं की सूचना तैयार रखेंगे।

## बिजनेस एनालिटिक्स टूल्स में छात्रों की स्पेशलाइजेशन

**अनंत ज्ञान, सोलन**



बिजनेस एनालिटिक्स टूल्स पर आयोजित कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागी।

शूलिनी इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज एंड बिजनेस मैनेजमेंट (एसआईएलबी) ने आईआईएम बैंगलोर (मेक इंटर्न) के सहयोग से एसआईएलबी में बीबीए अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए बिजनेस एनालिटिक्स टूल्स पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्घाटन एसआईएलबी की अध्यक्ष सरोज खोसला ने किया, जिन्होंने एलायंसटेक, अमेरिका के वरिष्ठ डेटा सलाहकार शिव वशिष्ठ को सम्मानित किया। शूलिनी इंस्टीट्यूट के प्रबंधन विभाग के छात्रों ने मेक इंटर्न के साथ तीन दिवसीय कार्यशाला के दौरान एक्सेल, लुकर स्टूडियो और पावर बीआई जैसे शीर्ष बिजनेस एनालिटिक्स टूल्स में व्यावहारिक विशेषज्ञता हासिल की। उन्होंने गतिशील डैशबोर्ड बनाना, रीयल-टाइम डेटासेट का विश्लेषण करना और अभियान आरओआई, ग्राहक परिवर्तन और बिक्री रुझानों जैसे प्रमुख केपीआई की व्याख्या करना सीखा-जिससे उन्हें डेटा-संचालित निर्णय लेने के लिए व्यावहारिक कौशल और उद्योग-प्रासंगिक ज्ञान प्राप्त हुआ। डॉ. शालू सहगल, एसोसिएट प्रो. और कार्यक्रम समन्वयक एसआईएलबी द्वारा छात्र समन्वयक स्नेहा वर्मा और हर्षित के साथ किया गया।

## सिरमौर के सुनील 11 माह की अनाथ बच्ची के बने संरक्षक

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**

**नाहन।** सराज विधानसभा क्षेत्र के तलवाड़ा गांव में हाल ही में आई बाढ़ व बादल फटने की घटना में एक 11 माह की मासूम बच्ची नीतिका ने अपने माता-पिता को खो दिया।

वहीं सिरमौर जिला के नौहराधार क्षेत्र के बांदल गांव निवासी और मूल रूप से भाजपा व जिला सिरमौर की लाना चेता पंचायत से संबंध रखने वाले सुनील गोसाईक ने नीतिका की आर्थिक मदद करने का निर्णय लिया है। सुनील हर महीने इस बच्ची के बैंक खाते में 1000 रुपए जमा करेंगे और यह सहायता नीतिका के 18 वर्ष की आयु पूरी होने तक जारी रहेगी। छोटे-मोटे कारोबार से परिवार का गुजारा करने वाले सुनील गोसाईक ने यह फैसला पूरी तरह मानवीय संवेदनाओं के आधार पर लिया है।

नन्ही नीतिका की मदद के लिए उठाया गया यह कदम न केवल एक मिसाल है, बल्कि आपदा के समय समाज के सहयोग और मानवीयता की एक प्रेरणादायक मिसाल भी है। जिसकी हर तरफ सराहना हो रही है, वहीं लोग भी मदद के लिए प्रेरित हो सके।

## परशुराम और विश्वकर्मा चौक पर रेड लाइट जरूरी

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

गुरु की नगरी पांवटा साहिब में वाहनों का आवागमन अधिक संख्या बढ़ने से स्थानीय पुलिस प्रशासन को यातायात व्यवस्था बनाए रखने में कठिनाइयां का सामना करना पड़ता है।

इसी परिप्रेक्ष्य में पांवटा साहिब के भगवान परशुराम चौक और भगवान विश्वकर्मा चौक पर अभी तक प्रशासन की और से रेड लाइट की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जिस कारण पुलिस प्रशासन को यातायात व्यवस्था बनाए रखने में



भगवान परशुराम चौक।

कठिनाइयां का सामना करना पड़ता है। जबकि अगर इन क्षेत्रों में रेड लाइट की सुविधा उपलब्ध हो जाती है तो फिर हर वाहन चालक रेड लाइट और यातायात नियमों के अनुसार पालन करेगा तो वहीं वाहनों के दुर्घटना ग्रस्त और आपस में टकराने की भी बहुत कम गुंजाइश रहती है।

स्थानीय प्रसिद्ध समाजसेवी राजेंद्र तिवारी, समाजसेवी हेमंत शर्मा, गौसेवक सचिन ओबराय, व्यवसाय विरेंद्र तोमर, समाजसेवी सुनील चौधरी, आकाश शर्मा इत्यादि ने प्रशासन से चौक पर ट्रैफिक कंट्रोल के लिए रेड लाइट लगाने की मांग की है।

## आर्थिक मदद के लिए केंद्र हिमाचल के साथ : राकेश

**अनंत ज्ञान, बद्दी**



संगठनात्मक बैठक के दौरान मौजूद राकेश जम्वाल, परमजीत सिंह व अन्य।

भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने बद्दी में एक संगठनात्मक बैठक में भाग लिया। इस अवसर पर राकेश जमवाल ने कहा कि अगर राहत की बात करें तो केंद्र सरकार इस कार्य में हमेशा तत्पर है, आर्थिक मदद की दृष्टि से हिमाचल प्रदेश के साथ पहले भी खड़ी थी और आगे भी खड़ी रहेगी। 2023 को याद दिलाते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि उसे समय मंडी एवं कुल्लू में त्रासदी आई थी और मैं तीन बार हिमाचल प्रदेश आया था, मुझे याद है कि उस समय 3146 करोड़ की राहत हमने केंद्र सरकार के द्वारा हिमाचल प्रदेश को पहुंचाई थी।

उन्होंने कहा कि आने वाले लोक सभा सत्र में भाजपा के सभी 7 सांसद हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला में ही त्रासदी का मामला उठाएंगे। हिमाचल में हुए नुकसान बारे सभी सांसद केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा एवं पीएम नरेंद्र मोदी को अवगत करवाएंगे। वहीं पूर्व विधायक परमजीत सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार में दुन हल्के में गुंडागर्दी, अवैध खनन हाहाकार मचा हुआ है, ऐसे में सरकार पतन की ओर जा रही है।

समस्या | लोक निर्माण विभाग के नाम निजी जमीनें गिफ्ट डीड करवाई पर नहीं बनी सड़क

# कासला से रजवाहन गांव तक लोग सड़क को तरसे

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** जिला सोलन की अर्की तहसील के कासला से रजवाहन गांव में सड़क नहीं होने से बीमारी लोगों और बुजुर्गों को पालकी में उठाकर लाना पड़ता है।

बच्चे जंगल के रास्ते से धूप और बारिश में जान जोखिम में डालकर स्कूल जाने को मजबूर होना पड़ता है। ऐसे में लोक निर्माण विभाग व ग्रामीण विकास विभाग और सरकार कुंभकर्णी निद्रा में है। लोगों का कहना है कि उनके गांव के बहुत से लोग बीमार पड़ने पर अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में प्राण त्याग चुके हैं। बावजूद इसके लोक निर्माण विभाग इस मामले को गंभीरता से नही ले रहा है।

अनंत ज्ञान खास खबर



सड़क सुविधा नहीं होने से जंगल के रास्ते से स्कूल जाते बच्चे।

#### लोनिवि की कार्रवाई ठंडे बस्ते में : प्रधान

**युवक** मंडल रजवाहन के प्रधान चमनलाल ने बताया कि वर्ष 2018 को उन्होंने जनमंच गुलाबपुरा में अपने गांव के लिए एंबुलेंस सड़क की डिमांड रखी थी। उसके बाद लोनिवि ने गांव की निजी मलकित भूमि लोनिवि के नाम करवाने के आदेश जारी किए। पर सभी ग्रामीणों ने भीनी जोहड़ी कासला से गांव रजवाहन सड़क संपर्क मार्ग से विभाग द्वारा सर्वे करवाया। 15 जनवरी 2019 को लोगों ने निजी मलकित लोनिवि रामशहर के नाम गिफ्टडीड करवा दी। स्थानीय पंचायत, वन कमेटी और साथ लगती पंचायत घड्याच की एनओसी के साथ ही अन्य संबंधित कागज भी विभाग के पास जमा करवा दिए। पश्चात वन विभाग, लोनिवि और राजस्व विभाग द्वारा किए गए ज्वाइंट इंस्पेक्शन के दौरान दो किलोमीटर निजी मलकित और एक किलोमीटर फारेस्ट का एरिया आया। फारेस्ट विभाग द्वारा 2021 में पेड़ों की कार्उटिंग की गई और रिपोर्ट दफ्तर में भेज दी गई जिसमें 362 पेड़ है, परंतु लोनिवि द्वारा कार्रवाई नहीं की गई।

#### एफसीए के पास केस बनाकर भेजा जाएगा : लोनिवि

**लोनिवि** से इस बारे में बात की गई तो विभाग का कहना था कि यह वन विभाग की एजेंसी एफसीए के पास केस बना कर भेजा जाएगा, परंतु परमिशन नहीं मिलेगी। केस तैयार करने में समय लगेगा। 2021 से आज 2025 आ गया परंतु आजतक लोनिवि द्वारा वन विभाग की स्वीकृति हेतु ऑनलाइन नहीं किया गया है। जबकि जिन लोगों की निजी भूमि थी उन्होंने भी वर्ष 2019 गिफ्ट डीड बनाकर दे दी है। उनका कहना है कि गांव से लगभग 15 वर्षों में दोनों राजनीतिक दलों के विधायकों को अपनी समस्या लेकर मिल चुके है। लेकिन आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय लोगों की सरकार व लोकनिर्माण मंत्री से आग्रह किया है कि वह स्वयं इस मामले में संज्ञान लेकर एंबुलेस लायक सड़क का निर्माण करवाएं।

## सौरभ बने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में सहायक प्रबंधक

**अश्वनी शर्मा, अनंत ज्ञान, कसौली।** ग्राम पंचायत पट्टा नाली के गांव च्योटा (तलोगी) के रहने वाले सौरभ तनवर का चयन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कार्यालय मुंबई में बतौर सहायक



प्रबंधक के पद के लिए हुआ है। सौरभ के पिता नरातारा‍म व माता लता तनवर ने बताया कि उनके बेटे ने आल इंडिया बैंक की प्रतियोगी परीक्षा में अब्बल स्थान हासिल कर यह मुकाम हासिल किया है। जो कि क्षेत्र के अन्य शिक्षित युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। सौरभ के पिता नराताराम सेना से सेवानिवृत्त है व माता लता गृहणी हैं। लोगों ने उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की है।

## एनएसयूआई ने सौम्यश्री के लिए न्याय की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) सिरमौर इकाई के कार्यकर्ताओं ने आज नाहन महाविद्यालय में ओडिशा की दिवंगत छात्रा सौम्यश्री के लिए न्याय की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

यह प्रदर्शन ओडिशा के बालासोर जिले के एक कॉलेज में हुई उस दर्दनाक घटना के विरोध में था, जहां कथित तौर पर कॉलेज के एचओडी द्वारा यौन उत्पीड़न और धमकी के बाद एक छात्रा ने अपनी जान दे दी।

जानकारी के अनुसार बालासोर के एक कॉलेज में पढ़ने वाली सौम्यश्री को कॉलेज के एचओडी समीर साहू द्वारा कथित तौर पर यौन संबंध बनाने के लिए परेशान किया जा रहा था। आरोप है कि एचओडी ने उसे परीक्षा में फेल करने की भी धमकी दी थी। 1 जुलाई, 2025 को छात्रा ने अपनी शिकायत कॉलेज के प्रिंसिपल को बताई, लेकिन हैरानी की बात यह है कि उसे चुप रहने के लिए कहा गया।

इस निराशाजनक स्थिति के बाद, 12 जुलाई को सौम्यश्री ने कॉलेज परिसर में खुद को आग लगा ली थी। इसके बाद उसे एम्स में भर्ती कराया गया, लेकिन शरीर 95 फीसदी जल जाने के कारण 14 जुलाई की रात को उसकी मृत्यु हो गई थी।

इस मामले को लेकर वरिष्ठ एनएसयूआई कार्यकर्ता अतुल चौहान ने बुधवार को ओडिशा की भाजपा सरकार और प्रशासन पर सीधा हमला बोला।

## न्यूज ब्रीफ

### सिरसा: जिला जेल में लोक अदालत, दो कैदी रिहा

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बुधवार को जिला जेल में लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें दो केसों का निपटारा करते हुए दो कैदियों को रिहा किया गया है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवेश सिंगल ने बताया कि जेल लोक अदालत में कुल पांच केसों की फाइलें रखी गई, जिनमें दो केस का निपटारा किया गया तथा दो कैदी को रिहा कर दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह में दो बार जेल लोक अदालत लगाई जाती है, जो कि माह के प्रथम बुधवार व तीसरे बुधवार को जेल लोक अदालत लगती है। उन्होंने बताया कि जेल लोक अदालत में छोटे केसों में लंबे समय से जेल में बंद कैदियों से संबंधित केसों का निपटारा किया जाता है। लोक अदालत के उपरांत उन्होंने जेल का निरीक्षण किया और कैदियों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कैदियों को मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में भी विस्तार से बताया। जेल में संचालित होने वाले सभी प्राइवेट प्ले स्कूलों के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की गाइडलाइन के अनुसार बिना रजिस्ट्रेशन के कोई भी प्राइवेट प्ले स्कूल संचालित नहीं हो सकता। इस नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिन स्कूलों ने अब तक रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन नहीं किया है वे जल्द से जल्द अपने प्ले स्कूलों का रजिस्ट्रेशन करवाएं, अन्यथा संबंधित स्कूल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पानीपत में ढाबा मालिक गांजे समेत दबोचा

**अनंत ज्ञान, पानीपत।** पानीपत इसराना पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मिली सूचना पर जीटी रोड स्थित संदीप ढाबे पर छापेमारी कर पुलिस ने 290 ग्राम गांजा बरामद किया है। पकड़े गए ढाबा मालिक से पुलिस की टीम पूछताछ में जुट गई है। जानकारी के अनुसार थाना इसराना के एसआई सतबीर सिंह पुलिस टीम के साथ 15 जुलाई की शाम को गश्त पर थे। इस दौरान सूचना मिली कि जीटी रोड स्थित संदीप ढाबे पर नशीले पदार्थ की डिलीवरी हुई है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। ढाबा मालिक संदीप सिंह से पूछताछ की गई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक थैली में गांजा बरामद हुआ। दो गवाहों की मौजूदगी में गांजे का वजन किया गया, जो 290 ग्राम निकला। ढाबा मालिक संदीप को हिरासत में लेकर थाना इसराना ले जाया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### प्रिंसिपल की हत्या के विरोध में निजी स्कूल रहे बंद

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** हिसार के एक प्राइवेट स्कूल प्रिंसिपल की हत्या के विरोध में बुधवार को सिरसा जिला के निजी स्कूल बंद रहे। विरोधस्वरूप प्राइवेट स्कूल संघ ने जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया और डीसी को एक ज्ञापन सौंपा। स्कूल संचालकों ने दिवंगत प्रिंसिपल को श्रद्धांजलि दी तथा सरकार से मांग की कि संघ द्वारा उठाई गई मांगों को पूरा किया जाए। एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित मेहता, जिला प्रधान पंकज सिडाना व सहोदया प्रधान राम सिंह यादव ने बताया कि आज जिस तरह के हालात बन रहे हैं, ऐसे में शिक्षक काम नहीं कर सकता। हिसार में प्रिंसिपल की हत्या के बाद शिक्षक खौफ में हैं। इसलिए हरियाणा में जल्द से जल्द स्कूल सेफ्टी एक्ट पारित किया जाए, दिवंगत शिक्षक जगबीर पानू को शहीद का दर्जा दिया जाए, परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए, छात्रों व अभिभावकों द्वारा शिक्षकों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार को रोकने के लिए सख्त कानून लागू हो।

### पलवल में 13 साल की बच्ची का अपहरण

**अनंत ज्ञान, पलवल।** पलवल जिले के सदर थाना क्षेत्र में 13 वर्षीय लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। लड़की के पिता की शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता पशुओं को देखने के लिए घेर गई थी। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि हरपाल नामक ड्राइवर और उसका बेटा रवि बच्ची को कैंटर में ले गए हैं। परिजनों ने आरोपियों के गांव में जाकर तलाश की, लेकिन तब तक आरोपी बच्ची को लेकर फरार हो चुके थे। परिवार ने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सदर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि गांव के एक व्यक्ति ने बाप-बेटे के साथ मिलकर अपहरण की साजिश रची थी। पुलिस ने अपहरण सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# कचरा फैलाने वालों पर नगर निगम चंडीगढ़ की सख्ती

## सेक्टर-23 में सीसीटीवी से पकड़ा गया उल्लंघनकर्ता, चालान किया जारी

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**



**चंडीगढ़।** सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस नीति को सख्ती से लागू करते हुए नगर निगम चंडीगढ़ (एमसीसी) ने सेक्टर-23 में एक व्यक्ति को कचरा फैलाने पर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान कर चालान जारी किया है। यह फुटेज सतर्क स्थानीय निवासियों द्वारा निगम को भेजा गया था।

घटना तब सामने आई जब निवासियों ने एक व्यक्ति को सार्वजनिक स्थान पर गैर-जिम्मेदाराना तरीके से कचरा फेंकते हुए दिखाने वाला वीडियो सबूत निगम को सौंपा। नगर निगम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फुटेज में दिख रहे स्कूटर के नंबर के आधार पर उस व्यक्ति की पहचान की और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एमएसडब्ल्यू) नियमों के तहत चालान जारी किया। साथ ही, उसे भविष्य में ऐसा न करने की सख्त चेतावनी दी गई।

नगर आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने कहा कि यह कार्रवाई एक कड़ा संदेश देती है कि सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नागरिकों का सहयोग बेहद जरूरी है और निगम ऐसे मामलों में और भी नागरिकों को आगे आने के लिए प्रोत्साहित करता है।

आयुक्त ने लोगों से अपील की है कि वे इस प्रकार की घटनाओं की जानकारी व्हाट्सएप नंबर 9915762917 पर फोटो या वीडियो क्लिप के साथ स्थान की जानकारी भेजकर दें। प्राप्त रिपोर्ट की जांच की जाएगी और एमएसडब्ल्यू नियमों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि निगम शहर में स्वच्छता और साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और सेक्टर 23 के निवासियों को उनके सक्रिय सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने जनता को याद दिलाया कि सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाना दंडनीय अपराध है और ठोस सबूतों के साथ किसी भी उल्लंघन की सूचना मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# राज्य चिन्ह का दुरुपयोग करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : डॉ. मिश्रा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव, डॉ. सुमिता मिश्रा ने नागरिकों से भारत के राज्य चिह्न, जो भारत सरकार की आधिकारिक मुहर है, का दुरुपयोग न करने की एक कड़ी सार्वजनिक अपील की है।

उन्होंने विशेष रूप से निजी वाहनों, लेटरहेड और साइनबोर्ड पर इस चिह्न के अनधिकृत प्रदर्शन के विरुद्ध चेतावनी दी है, और इस बात पर जोर दिया है कि ऐसा कृत्य कानून का गंभीर उल्लंघन है और इसके लिए कड़ी सजा दी जाएगी।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि भारत का राज्य चिह्न सारनाथ स्थित अशोक के सिंह स्तंभ का एक रूपांतर है। इस प्रतीक चिह्न का उपयोग भारत के राज्य प्रतीक चिह्न (अनुचित प्रयोग निषेध) अधिनियम, 2005 और (प्रयोग विनियमन) नियम, 2007 द्वारा नियंत्रित होता है, जिसमें 2010 में संशोधन किया गया था। उन्होंने बताया कि ये कानून भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से अधिकृत न किए गए व्यक्तियों या संगठनों द्वारा इसके उपयोग पर सख्त प्रतिबंध लगाते हैं।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यह प्रतीक चिह्न व्यक्तिगत पहचान, सामाजिक स्थिति या प्रभाव का प्रतीक नहीं है। यह केवल संवैधानिक प्राधिकारियों और सरकारी विभागों के लिए ही आरक्षित है, जहां कानून द्वारा अनुमति प्राप्त है। उन्होंने जोर देकर कहा कि 2005 के अधिनियम और 2007 के नियमों के तहत अनधिकृत उपयोग दंडनीय है, जिसमें भारी जुर्माने और कानूनी कार्रवाई के प्रावधान शामिल हैं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय के हालिया निर्देशों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने प्रतीक चिह्न, राष्ट्रीय प्रतीकों, मुहरों और झंडों के दुरुपयोग को रोकने के लिए एक व्यापक रणनीति शुरू की है। इसमें स्कूलों, कॉलेजों और लॉ कॉलेजों में जन जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को प्रतीक चिह्न के कानूनी और संवैधानिक महत्व के बारे में शिक्षित करना शामिल है। यातायात पुलिस को वाहनों पर प्रतीक चिह्न के दुरुपयोग की पहचान करने और तत्काल दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इसके अलावा, विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया के माध्यम से जनता को प्रतीक चिह्न के उपयोग से संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में सूचित करें। सरकार दुरुपयोग की रिपोर्टों से तुरंत निपटने के लिए शिकायत निवारण प्लेटफॉर्म और हेल्पलाइन स्थापित करने पर भी काम कर रही है।

# हरियाणा निवास व एमएलए हॉस्टल का होगा विस्तार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा सरकार चंडीगढ़ में स्थित एमएलए हॉस्टल तथा हरियाणा निवास का विस्तार करना चाहती है। बुधवार को इन मांगों के संबंध में विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के साथ बैठक की। इस बैठक में चंडीगढ़ के उपायुक्त समेत यूटी प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहे।

**विधानसभा स्पीकर ने पंजाब के राज्यपाल के सामने उठाई मांगें**

बैठक में स्पीकर ने विधायकों से लेकर विधान सभा कर्मचारियों के ऑफिस भवन संबंधी आदि मुद्दों को उठाया। स्पीकर कल्याण ने विधान भवन परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार, हरियाणा एमएलए हॉस्टल परिसर में विधायकों के निजी स्टाफ और पुलिस कर्मचारियों आदि के लिए ठहरने की आवश्यक सुविधाओं का विस्तार, हरियाणा निवास के विस्तार हेतु भूमि, नई डिस्पेंसरी के लिए भूमि समेत कई योजनाओं पर प्रस्ताव रखा।

स्पीकर ने यूटी प्रशासक के समक्ष विधान भवन में फोटो गैलरी के निर्माण का प्रस्ताव भी रखा। यूटी प्रशासक ने आवश्यक कार्यवाही के लिए सहमति जताई है। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता, यूटी चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव वर्मा, गृह सचिव मनदीप बराड़, डीसी निशांत यादव, मुख्य वास्तुकार राजीव कुमार मेहता समेत अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

# थानेसर विधायक से मारपीट मामले में ईओ समेत 6 को नोटिस

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा की विशेषाधिकार हनन समिति ने कुरुक्षेत्र की थानेसर विधानसभा से कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा से हाथापाई के मामले में नगर परिषद के ईओ राजेश कुमार समेत 6 लोगों को नोटिस जारी किया है। उन्हें इसी जुलाई महीने में पेश होने के आदेश दिए गए हैं। कुरुक्षेत्र में बीती 23 मई को थानेसर नगर परिषद की हाउस मीटिंग में कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा और भाजपा पार्षद प्रतिनिधि के बीच हाथापाई हो गई थी। मीटिंग में बाहरी व्यक्ति, पार्षद प्रतिनिधि और मीडिया की एंट्री बैन थी। जैसे ही मीटिंग शुरू हुई तो कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा ने भाजपा पार्षद प्रतिनिधि नरेंद्र शर्मा निंदी के मीटिंग में बैठने का विरोध जताया। इसे लेकर नरेंद्र शर्मा और अशोक अरोड़ा में कहासुनी हो गई। शर्मा ने कहा कि पहले हुई मीटिंगों में पार्षद प्रतिनिधि बैठते रहे हैं, इसलिए मैं बाहर नहीं जाऊंगा। इस पर अरोड़ा और शर्मा में कथित तौर पर धक्का-मुक्की हो गई, जिसके बाद अरोड़ा ने विधानसभा स्पीकर हरविंद्र कल्याण को इस बारे में शिकायत दी थी। मंगलवार को हुई विशेषाधिकार कमेटी की बैठक के बाद बुधवार को कमेटी के अध्यक्ष मूलचंद शर्मा ने बताया कि बैठक में विधायक अशोक अरोड़ा से पूरे मामले की जानकारी और सबूत लिए गए।

# सीईटी के लिए हरियाणा में चलेंगी 9200 बसें

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा राज्य परिवहन ने सीईटी-2025 परीक्षा के सफल संचालन के लिए व्यापक परिवहन योजना तैयार की है। यह परीक्षा आगामी 26 और 27 जुलाई को आयोजित की जाएगी, जिसमें चार पालियों में लगभग 14 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे।

**तीज उत्सव के दौरान भी सामान्य बस संचालन रहेगा सुनिश्चित**

परिवहन विभाग के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि परीक्षा हेतु लगभग 1500 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो हरियाणा के 22 जिलों और चंडीगढ़ में स्थित हैं। परीक्षार्थियों की सुगम और समय पर आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा लगभग 9200 रोडवेज बसों की तैनाती की जा रही है। यह बसें राज्य के 24 डिपो और 13 उप-डिपो से संचालित की जाएंगी। प्रत्येक जिला प्रशासन को प्रमुख गांवों और शहरों से परीक्षा केंद्रों तक शटल बस सेवाओं के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि स्थानीय स्तर पर समुचित व्यवस्था की जा सके। इसके अतिरिक्त, 100 किलोमीटर से अधिक दूरी तय करने वाले परीक्षार्थियों के लिए इंटरचेंज प्वाइंट बनाए जा रहे हैं, जिससे ट्रांसफर प्रक्रिया सरल और प्रभावी बन सके।

प्रवक्ता ने बताया कि सभी परीक्षार्थियों से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी यात्रा विधि की जानकारी https://hartrans.gov.in/advance-booking-for-cet-2025 लिंक पर जाकर अनिवार्य रूप से दर्ज करें।

### महाराष्ट्र में कपल ने बस से नवजात को फेंका

**एजेंसी, मुंबई।** महाराष्ट्र के परभणी में एक युवती ने चलती बस में बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद महिला और उसके साथ मौजूद शख्स ने नवजात को बस की खिड़की से बाहर फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। ऋतिका ढेरे (19) नाम की महिला पुणे से परभणी जाने के लिए स्लीपर बस में अल्ताफ शेख के साथ सफर कर रही थी। शेख खुद को महिला का पति बता रहा था। यात्रा के दौरान ऋतिका को लेबर पेन शुरू हो गया। ऋतिका ने बस में ही बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद ऋतिका और अल्ताफ ने नवजात को कपड़े में लपेटा और चलती बस से बाहर फेंक दिया। पुलिस जांच में दोनों ने बताया कि वे बच्चे का पालन-पोषण करने में असमर्थ थे, इसलिए बस से फेंक दिया था। (अनंत ज्ञान)

### कारगिल में मिनी बस खाई में गिरी, दो की मौत

**एजेंसी, लद्दाख।** लद्दाख के कारगिल जिले के गुमरी में बुधवार सुबह मिनी बस खाई में गिर गई। हादसे में 2 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 8 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। अन्य 6 को हल्की चोटें आई हैं। वाहन चालक हादसे में सुरक्षित बच गया है। मिनी बस में 17 यात्री सवार थे और द्रास की ओर जा रही थी, जब अचानक रास्ते में वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और राहत टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और हादसे के कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।फेंक दिया। पुलिस जांच में दोनों ने बताया कि वे बच्चे का पालन-पोषण करने में असमर्थ थे, इसलिए बस से फेंक दिया था। (अनंत ज्ञान)

### गोपाल खेमका हत्याकांड में थानेदार निलंबित

**एजेंसी, पटना।** बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान थाना के थानेदार राजेश कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा की अनुशंसा पर आईजी जितेंद्र राणा ने यह कार्रवाई की है। आरोप है कि एसएचओ राजेश कुमार इस मामले में लापरवाह पाए गए। इतना ही नहीं विधि व्यवस्था बनाए रखने में लगातार असफल पाए जाने का भी आरोप लगा। इन सब आरोपों की जांच के बाद एसएसपी ने आईजी को निलंबन की अनुशंसा की। इसके बाद पटना आईजी ने यह कार्रवाई की है। (अनंत ज्ञान)

### ईरान की गैर-जरूरी यात्रा करने से बचें

**एजेंसी, नई दिल्ली।** ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने मंगलवार देर रात भारत के नागरिकों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। भारतीय दूतावास ने लोगों से ईरान में गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी है। भारतीय दूतावास ने एक्स पर कहा, 'पिछले कई हफ्तों में सुरक्षा संबंधी घटनाक्रमों को देखते हुए, भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे ईरान की गैर-जरूरी यात्रा करने से बचें।' साथ ही लोगों को यह भी सलाह दी गई कि वे ईरान के ताजा घटनाक्रमों पर नजर रखें और भारतीय अधिकारियों की तरफ से जारी एडवाइजरी का पालन करें। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करे केंद्र सरकार : राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की है। राहुल ने पीएम मोदी को लेटर लिखकर कहा कि, संसद के आगामी मानसून सत्र में जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए बिल लाया जाए। राहुल ने अपने लेटर में प्रधानमंत्री मोदी के पुराने दो बयानों का भी जिक्र किया। जब पीएम ने 19 मई 2024 को भुवनेश्वर में और 19 सितंबर 2024 को श्रीनगर की रैली में जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिलाने की बात कही थी।

**प्रधानमंत्री मोदी को लेटर लिखा, कहा - मानसून सत्र में बिल लाया जाए**

इसके अलावा राहुल ने सरकार से लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने के लिए कानून लाने का भी अनुरोध किया।

बता दें कि साल 2019 में जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के तहत जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में पुनर्गठित किया गया था। इसलिए पूर्ण राज्य के दर्जे के लिए संसद में एक कानून पारित कर पुनर्गठन अधिनियम में बदलाव करना होगा। यह बदलाव संविधान की धारा 3 और 4 के तहत होंगे। सरकार ने उस समय ही राज्य के हालात सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा दिया था। (अनंत ज्ञान)

## टेस्ला भारत में स्थापित करेगी 8 चार्जिंग स्टेशन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** टेस्ला का पहला शोरूम मुंबई के बांद्रा में खुल गया है। अभी कंपनी ने भारतीय बाजार में अपनी सबसे पॉपुलर कॉम्पैक्ट इलेक्ट्रिक SUV मॉडल Y को उतारा है,




जिसकी एक्स-शोरूम कीमत 60 लाख रुपए से शुरू होती है। इसके अलावा कंपनी ने स्टोर से करीब 6 किलोमीटर दूर एक सर्विस सेंटर और गोडाउन भी खोला है। कंपनी ने स्टोर ओपनिंग के साथ ही मुंबई और दिल्ली में 8 चार्जिंग स्टेशन सेटअप लगाने की घोषणा भी की है। इन स्टेशन्स पर एक बार में 252 इलेक्ट्रिक गाड़ियां चार्ज हो सकेंगी। कंपनी भारत में अन्य मॉडल लॉन्च करने के साथ अन्य प्रमुख शहरों में स्टोर भी खोलेगी। (अनंत ज्ञान)

# गाजा पट्टी में इसराइली हमलों में 41 फिलिस्तीनियों की मौत

**एजेंसी, तेल अवीव**

गाजा पट्टी में राहत कार्यक्रम चलाने वाले एक इस्राइल समर्थित अमेरिकी संगठन ने बुधवार को जानकारी दी कि एक वितरण स्थल के पास 20 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। अस्पताल के अधिकारियों के मुताबिक, इसी दौरान इसराइली हमलों में 41 अन्य लोगों की जान चली गई, जिनमें 11 बच्चे भी शामिल हैं।

उत्तरी गाजा में 22 लोगों की मौत हुई, जिनमें 11 बच्चे शामिल हैं। खान यूनुस शहर में 19 अन्य की जान गई। इसराइली सेना ने कहा कि उसने बीते चौबीस घंटों में गाजा पट्टी में (हमास के) 120 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया है, जिसमें उसकी सुरंगें और हथियार भंडारण केंद्र शामिल हैं। इसराइल का आरोप लगाता है कि हमास नागरिक इलाकों के बीच में अपने सैन्य ढांचे को छिपाता है। (अनंत ज्ञान)



**हमास के कारण भड़की हिंसा**

**गाजा** ह्यूमैनिटेरियन फंड (जीएचएफ) ने बताया कि दक्षिण गाजा के खान यूनिस में एक वितरण केंद्र के पास 19 लोगों की मौत भगदड़ में कुचले जाने से हुई, जबकि एक व्यक्ति की मौत चाकू से हमला होने के कारण हुई। संगठन ने आरोप लगाया कि हमास द्वारा डर और भ्रम फैलाने के कारण हिंसा भड़की। हालांकि, उसने इस दावे के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया। यह संगठन आमतौर पर अपने वितरण केंद्रो के पास हुई गड़बड़ी को नहीं मानता।

## सोने व चांदी के भाव में गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 16 जुलाई को गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 24 कैरेट सोने का दाम 456 रुपए गिरकर 97,460 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। वहीं, चांदी की कीमत 1,001 रुपए कम होकर 1,10,996 प्रति किलोग्राम हो गई है। पहले यह 1,11,997 पर थी। (अनंत ज्ञान)

# यूएस का इंडियन मार्केट में प्रवेश जल्द : ट्रंप

**एजेंसी, वॉशिंगटन**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका भारतीय मार्केट में पहुंच हासिल करने के लिए एक समझौते पर काम कर रहा है। इसके अलावा उन्होंने इंडोनेशिया के साथ एक नए व्यापार समझौते की घोषणा की। इसके तहत इंडोनेशिया से आने वाले सामान पर अमेरिका 19 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। ट्रंप ने भारत को लेकर कहा कि हमें इंडियन में मार्केट में पहुंच मिलने वाली है। पहले हमें इन देशों में कोई पहुंच नहीं थी। हमारे लोग वहां व्यापार नहीं कर पाते थे। अब टैरिफ के जरिए हम पहुंच हासिल कर रहे हैं। ट्रंप ने बताया कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो से बात करने के बाद एक व्यापार समझौता हुआ है। इस समझौते के तहत इंडोनेशिया अमेरिकी इंपोर्ट पर कोई टैरिफ नहीं लगाएगा, जबकि अमेरिका, इंडोनेशिया के निर्यात पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि हमने इंडोनेशिया के साथ समझौता किया। मैंने उनके बहुत लोकप्रिय और मजबूत राष्ट्रपति से बात की। अब हमें इंडोनेशिया में पूरी पहुंच मिलेगी। हम कोई टैरिफ नहीं देंगे। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिका में भारतीय महिला पर चोरी करने का आरोप

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका के इलिनॉय में एक भारतीय महिला पर सुपरमार्केट टारगेट स्टोर से 1 लाख से ज्यादा का सामान चोरी करने का आरोप लगा है। महिला का नाम अनाया अवलानी बताया जा रहा है। स्टोर के कर्मचारियों को उसका व्यवहार संदिग्ध लगा, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को बुलाया। वायरल वीडियो में स्टोर कर्मचारी ने कहा, 'हमने इस महिला को सात घंटे तक स्टोर में इधर-उधर घूमते देखा। वह सामान उठा रही थी, फोन चेक कर रही थी और फिर बिना भुगतान किए स्टोर से बाहर जाने की कोशिश की।' (अनंत ज्ञान)

# महाराष्ट्र में महिला ने पुलिस अधिकारियों को हनीट्रैप में फंसाकर ठगे लाखों रुपए

**एजेंसी, मुंबई**

महाराष्ट्र के ठाणे में एक महिला पर हनीट्रैप में फंसाकर करोड़ों रुपए ऐंठने का आरोप लगा है। उसने कई पुलिसवालों दूसरे सरकारी कर्मचारियों को अपना शिकार बनाया है। ठाणे के दो बड़े पुलिस अफसर ने इस महिला के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि महिला ने उन पर झूठे बलात्कार के आरोप लगाने की धमकी देकर उनसे 40-40 लाख रुपए मांगे थे। जब इस मामले की जांच शुरू हुई, तो पता चला कि यह सिर्फ दो अफसरों का मामला नहीं है, कई और सरकारी अधिकारियों



को निशाना बनाया गया है। यह महिला पहले भी 2016 में उगाही के एक मामले में पकड़ी गई थी। जांच में सामने आया कि आरोपी महिला खुद को एक जरूरतमंद महिला पुलिसकर्मी या होमगार्ड बताती थी। फिर वह इसी बहाने कई आईपीएस अफसरों, एक्साइज के अधिकारियों सहित बड़े सरकारी कर्मचारियों को निशाना बनाती थी।

**महिला ऐसे फंसाती थी लोगों को अपने जाल में**

**महिला** लोगों को फंसाने के लिए बेहद चालाकी से काम करती थी। वह खुद को एक परेशान पूर्व पुलिसकर्मी या विधवा बताती थी और लोगों से मदद मांगती थी। फिर वह व्हाट्सएप पर बातें करती, वीडियो कॉल करती और सामने से मिलती, ताकि लोगों का विश्वास जीत सके।

अधिकारियों का कहना है कि अभी कई और मामलों की जांच चल रही है और हो सकता है कि और भी पीड़ित सामने आएं। (अनंत ज्ञान)

## सेंसेक्स में 64 अंकों का उछाल 82,634 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स 64 अंक चढ़कर 82,634 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर निफ्टी में भी 16 अंक की तेजी रही। बुधवार को यह 25,212 के स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 14 में तेजी और 16 में गिरावट रही। महिंद्र एंड महिंद्रा, SBI, इंफोसिस, टेक महिंद्रा और अडाणी पोर्ट्स के शेयरों में 2.25 प्रतिशत तक की तेजी देखने को मिली। जोमैटो, सनफार्मा और टाटा स्टील के शेयर्स 1.7 प्रतिशत तक गिरे। निफ्टी के 50 शेयरों में से 20 ऊपर और 30 नीचे बंद हुए। (अनंत ज्ञान)

## सियासत


### मानसून सत्र में सरकार और विपक्ष के निशाने पर होगा बिहार चुनाव

# मतदाता सूची संशोधन पर संसद में भी होगा हंगामा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा। इस सत्र में वोटर लिस्ट रिवीजन के मामले पर जमकर हंगामा हो सकता है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों अपनी बात को मजबूती के साथ रखने के लिए इस सत्र में संसद के अंदर और बाहर बढ़त बनाने की कोशिश कर सकते हैं।

कांग्रेस-राजद इस सत्र में पूरी मजबूती के साथ मुसलमान समुदाय के लोगों के वोट काटे जाने का मुद्दा उठा सकते हैं, वहीं भाजपा चुनाव आयोग द्वारा मिल रही जानकारियों के माध्यम से पाकिस्तान-बांग्लादेश



और नेपाल के नागरिकों के मतदाता सूची में शामिल होने का मुद्दा उठा सकती है।

केंद्र सरकार में शामिल टीडीपी ने भी मतदाता सूची के स्पेशल रिवीजन पर सवाल खड़ा करके सरकार के सामने नई मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। सरकार इससे कैसे निपटती है, यह देखने वाली बात होगी। ओडिशा में एक छात्रा के यौन उत्पीड़न संबंधी मामले में बीजू जनता दल ने पूरे राज्य में व्यापक बंद और विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया है। इस बंद को जिस तरह आम लोगों का समर्थन मिल रहा है, यह विवाद और गंभीर रूप में सामने आ सकता है। (अनंत ज्ञान)

**पीएम ने 20 जुलाई को बुलाई सर्वदलीय बैठक**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने संसद सत्र शुरू होने के पहले 20 जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इसमें अहम मुद्दों पर सर्वानुमति बनाने की कोशिश की जा सकती है। हालांकि, विपक्ष को जिस तरह का अवसर हाथ में लगा है, उसे वह हाथ से जाने नहीं देना चाहेगा।

**पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा मामले पर भी चर्चा संभव**

**दिल्ली** हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश यशवंत वर्मा के मामले में भी सरकार और विपक्ष के बीच टकराव देखने को मिल सकता है। सरकार वर्मा पर महाभियोग लाने का प्रस्ताव कर सकती है, लेकिन कुछ दलों का इस मुद्दे पर रुख इस मामले को बड़े बहस के विषय में तब्दील कर सकता है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### पूरा भारतीय फुटबॉल सिस्टम डरा और परेशान : सुनील छेत्री

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल के पूर्व कप्तान सुनील छेत्री ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के रोके जाने पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि इस समय जो स्थिति है, वह भारतीय फुटबॉल के लिए बहुत ही परेशान करने वाली है और इससे जुड़े खिलाड़ी, कोच, मेडिकल स्टाफ, और अन्य सभी लोग डरे और दुखी हैं। छेत्री, जो बेंगलुरु एफसी के लिए आईएसएल में खेलते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि देशभर के खिलाड़ियों और स्टाफ से लगातार उन्हें फोन और मैसेज मिल रहे हैं, जिनमें भविष्य को लेकर चिंता जताई गई है। उन्होंने कहा कि यह केवल उनकी निजी परेशानी नहीं है, बल्कि पूरे फुटबॉल जगत की है। आईएसएल के 2025-26 सीजन को इसलिए रोका गया है क्योंकि ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन और आयोजनकर्ता कंपनी फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड के बीच मास्टर राइट्स एग्रीमेंट का नवीनीकरण अभी नहीं हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने एआईएफएफ को निर्देश दिया है कि जब तक एआईएफएफ पर अंतिम फैसला नहीं आ जाता, तब तक वह एफएसडीएल के साथ कोई नया समझौता न करे। (अनंत ज्ञान)



### लॉर्ड्स टेस्ट हार पर टॉप ऑर्डर जिम्मेदार : सौरव गांगुली

**एजेंसी, लॉर्ड्स।** पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में भारत की हार पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा है कि इस टीम में असाधारण प्रतिभा होने के बावजूद उसे गलत नतीजे का सामना करना पड़ा। गांगुली का मानना है कि शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों का बेहतर प्रदर्शन भारत को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज में बढ़त दिला देता। भारतीय टीम तीसरे टेस्ट में जीत के लिए 193 रन का पीछा करते हुए लक्ष्य से 22 रन दूर रह गई। इस हार के साथ ही टीम पांच मैचों की सीरीज में 1-2 से पिछड़ गई। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन के बाद रविंद्र जडेजा (नाबाद 61) की अगुवाई में निचले क्रम के बल्लेबाजों से जिस तरह का संघर्ष दिखाया वह काबिले तारीफ था। गांगुली ने इंडियन रेसिंग लीग और एफ 4 इंडिया चैम्पियनशिप कार्यक्रम के इतर कहा, %इस सीरीज में भारत के बल्लेबाजी के तरीके से थोड़ी निराशा हुई, उन्हें यह 193 रन बनाने चाहिए थे। जब आप जडेजा को इस तरह से संघर्ष करते हुए देखते है तो मुझे लगता है कि इस टीम में जो प्रतिभा है उससे खिलाड़ी मुझसे ज्यादा निराश होंगे। यह इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 2-1 की बढ़त लेने का मौका था। मुझे यकीन है कि वे 190 तक नहीं पहुंच पाने से निराश होंगे, खासकर उनके ड्रेसिंग रूम में बल्लेबाजी की गुणवत्ता को देखते हुए।



### सामिया आरजू का बिंदास अंदाज

**पाकिस्तान।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसन अली जहां मैदान में अपनी मारक गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं. वहीं उनकी पत्नी सामिया आरजू की खूबसूरती के भी खूब चर्चे होते हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। सामिया का ताल्लुक भारत से है, वह हरियाणा के फरीदाबाद की रहने वाली हैं।



**रैंकिंग** टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह नंबर-1 पर बरकरार

# इंग्लैंड के जो रूट 8वीं बार बने नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज

**एजेंसी, दुबई**

इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने एक बार फिर आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पहला स्थान हासिल कर लिया है। लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ खेले गए तीसरे टेस्ट में रूट ने शानदार 104 और 40 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड को 22 रन की जीत मिली और रूट को 888 रेटिंग अंकों के साथ नंबर-1 की रैंक वापस मिल गई।

रूट ने इंग्लैंड के ही हैरी ब्रूक (862 अंक) को पीछे छोड़ा। यह रूट का टेस्ट आठवीं बार नंबर-1 बनना है, और 34 साल की उम्र में वह कुमार संगाकारा के बाद सबसे उम्रदराज नंबर-1 बल्लेबाज हैं। भारत से यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत को एक-एक जबकि कप्तान शुभमन गिल को 3 स्थान का नुकसान हुआ है। बॉलिंग रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह टॉप पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने भी वेस्टइंडीज के खिलाफ जमैका टेस्ट में 48 रन की पारी खेलकर एक स्थान की छलांग लगाई और अब वह 816 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। उनके साथी कैमरन ग्रीन ने भी 46 और 42 रन बनाकर 16 स्थान की बड़ी छलांग लगाकर 29वें स्थान (619 अंक) पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को रैंकिंग में फायदा हुआ है। वह अब दूसरे स्थान पर आ गए हैं, जबकि हैरी ब्रूक तीसरे पायदान पर खिसक गए हैं। वहीं, वेस्टइंडीज से शमार जोसेफ 15 स्थान ऊपर चढ़कर 14वें, जस्टिन ग्रीव्स 15 स्थान चढ़कर 65वें और अल्जारी जोसेफ दो स्थान चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारत के लिए लॉर्ड्स टेस्ट में वॉशिंगटन सुंदर 12 स्थान की छलांग लगाकर 46वें स्थान पर पहुंचे हैं। (अनंत ज्ञान)





### ऑस्ट्रेलिया के पांच गेंदबाज टॉप-10 में

**गेंदबाजों** की बात करें तो स्कॉट बोलैंड ने जमैका टेस्ट में हैट्रिक सहित 6 विकेट लेकर करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 6वीं प्राप्त की। उनके नाम अब तक सिर्फ 16.53 की औसत से 62 टेस्ट विकेट हैं। ऑस्ट्रेलियाई बॉलर्स ने रैंकिंग में दबदबा बनाए रखा है। पैट कमिंस (तीसरे), जोश हेजलवुड (चौथे ) और नाथन लायन (आठवें) जैसे नाम टॉप-10 में बने हुए हैं। इस समय ऑस्ट्रेलिया के पांच गेंदबाज टॉप-10 में हैं, जो 1958 में इंग्लैंड के 6 गेंदबाजों के टॉप-12 में होने के बाद सबसे बड़ी टीम-हावी स्थिति है।

### जडेजा टॉप ऑलराउंडर

**लॉर्ड्स** टेस्ट की दूसरी इनिंग में शानदार बल्लेबाजी करने वाले रवींद्र जडेजा टॉप ऑलराउंडर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को एक स्थान का फायदा हुआ है। वे चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।



## दीपिका बनी पोलिग्रास मैजिक स्किल अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड दीपिका ने इतिहास रच दिया है। वह प्रतिष्ठित पोलिग्रास मैजिक स्किल अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। यह अवॉर्ड उन्हें नीदरलैंड्स के खिलाफ खेले गए 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण में किए गए शानदार गोल के लिए मिला। इस अवॉर्ड के लिए दुनियाभर के प्रशंसकों ने वोटिंग की थी।

21 वर्षीय दीपिका ने भारत और वर्ल्ड नंबर-1 नीदरलैंड्स के बीच खेले गए मैच में 35वें मिनट में यह गोल किया था। उस समय भारत 0-2 से पीछे चल रहा था। दीपिका ने बाएं छोर से डच डिफेंस को चीरते हुए ड्रिब्लिंग की, बेसलाइन के साथ दौड़ लगाई, एक डिफेंडर की स्टिक के ऊपर से बॉल को चिप किया और शानदार अंदाज में गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को गोलपोस्ट में डाल दिया। इस गोल ने भारत की वापसी की नींव रखी और मैच 2-2 से ड्रॉ होने के बाद भारत ने शूटआउट में जीत हासिल की। पोलिग्रास मैजिक स्किल अवॉर्ड एफआईएच हॉकी प्रो-लीग में किए गए सबसे रचनात्मक और स्किलफुल पलों को सम्मानित करता है और इसका फैसला दुनियाभर के हॉकी प्रशंसकों की वोटिंग से होता है। अवॉर्ड जीतने के बाद दीपिका ने कहा कि यह मेरे लिए बहुत गर्व का पल है। नीदरलैंड्स जैसी मजबूत टीम के खिलाफ गोल करना अपने आप में खास था और अब इस गोल को इतना बड़ा सम्मान मिलना मेरे लिए अविस्मरणीय है। (अनंत ज्ञान)



## लॉर्ड्स टेस्ट में धीमी ओवर गति पर इंग्लैंड को जुर्माना

**एजेंसी, लंदन**

तालिका में तीसरे स्थान पर खिसका इंग्लैंड की टीम बुधवार को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में एक पायदान नीचे तीसरे स्थान पर खिसक गई। लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में धीमी ओवर गति के कारण उसके दो अंक काट दिए गए। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम पर टेस्ट के बाद मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। इंग्लैंड ने यह मैच 22 रन से जीता था।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने इंग्लैंड पर यह जुर्माना लगाया। इंग्लिश टीम ने निर्धारित समय में दो ओवर कम किए थे। भारत अभी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। आईसीसी ने अपने बयान में कहा कि खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता की न्यूनतम ओवर गति से जुड़ी धारा 2.22 के अनुसार खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम फेंकने पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

इसमें कहा गया है कि इसके अलावा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की खेल शर्तों के अनुच्छेद 16.11.2 के अनुसार निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम होने पर टीम का प्रत्येक ओवर के लिए एक अंक काट दिया गया है। इस तरह से इंग्लैंड के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के कुल अंकों में से दो अंक काट दिए गए हैं। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में इंग्लैंड के से 24 से घटकर 22 हो गए हैं। इस कारण उसका अंक प्रतिशत (पीसीटी) 66.67 प्रतिशत से घटकर 61.11 प्रतिशत हो गया। श्रीलंका को इसका फायदा मिला जिसका प्रतिशत 66.67 है और वह इंग्लैंड को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। ऑस्ट्रेलिया अब तक अपने तीनों मैच जीतकर 100 प्रतिशत अंकों के साथ डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर है, जबकि भारत का अंक प्रतिशत 33.33 है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपराध स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर पॉल रीफेल और शरफुद्दौला इब्ने शाहिद, तीसरे अंपायर अहसान रजा और चौथे अंपायर ग्राहम लॉयड ने आरोप लगाए थे। (अनंत ज्ञान)



**वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में कटे 2 अंक**

## भारत और इंग्लैंड में अंडर-19 टेस्ट ड्रॉ

### हामजा शेख के शतक ने इंग्लिश टीम को हार से बचाया

**एजेंसी, बेकेनहम**

भारत और इंग्लैंड के बीच बेकेनहम में खेला गया अंडर-19 टेस्ट मुकाबला मंगलवार को रोमांचक अंदाज में ड्रॉ पर समाप्त हुआ। भारत ने इंग्लैंड को जीत के लिए 63 ओवरों में 350 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने 7 विकेट पर 270 रन बनाकर मैच बचा लिया।

अंतिम दिन की शुरुआत भारत ने 229 रनों की बढ़त और सात विकेट शेष रहते की थी। विहान मल्होत्रा (63) ने तेज शुरुआत करते हुए कुछ आकर्षक शॉट्स खेले, लेकिन वह एलेक्स ग्रीन की गेंद पर विकेटकीपर थॉमस रियू को कैच दे बैठे। बारिश के चलते खेल थोड़ी देर बाधित हुआ, लेकिन फिर खेल शुरू होते ही भारत को झटके लगे। ग्रीन और मिंटो ने क्रमशः अभिज्ञान कुंडू (11) और राहुल कुमार (11) को पवेलियन भेजा। आर्ची वॉन (6/84) ने मोहम्मद इनान (5), हेनिल पटेल (0) और दीपेश देवेंद्रन (4) को आउट कर भारत को संकट में डाला, लेकिन आरएस अंबरीश ने 53 रनों की तेज पारी खेलते हुए भारत को 248 तक पहुंचाया। उन्हें मेयस ने रन आउट किया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही और तीन विकेट जल्दी गिर गए। लेकिन फिर हामजा शेख (112) और बेन मेयस (51) ने 119 रनों की साझेदारी कर टीम को संभाला। मेयस के आउट होने के बाद थॉमस रियू (50) ने आक्रामक रुख अपनाया और इंग्लैंड को जीत की उम्मीद दी।

हालांकि, दो तेज रन आउट शेख और एकांश सिंह ने भारत को मैच में वापसी का मौका दिया। इसके बाद रियू भी आउट हो गए, लेकिन राल्फी एल्बर्ट और जैक होम ने अंतिम 11.5 ओवरों तक टिककर खेला और इंग्लैंड को हार से बचा लिया।



### अक्षय दीप ने 1000 मीटर में गोल्ड जीतकर बढ़ाया उत्तर प्रदेश का मान

**एजेंसी, वाराणसी।** कोलकाता में आयोजित 9वीं रैंकिंग ओपन नेशनल स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश और संस्थान का नाम रोशन किया। बरेका के कुल 7 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और 1 स्वर्ण, 3 रजत और 2 कांस्य पदक जीतकर कीर्तिमान स्थापित किया। यह जानकारी बरेका के जनसंपर्क अधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में सबसे गौरवपूर्ण प्रदर्शन अक्षय दीप उपाध्याय ने किया, जिन्होंने 1000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक और 500 मीटर में रजत पदक जीतकर बरेका का परचम लहराया। वहीं, इशिका उपाध्याय ने 1000 मीटर रेस में रजत पदक जीता और अर्चना उपाध्याय ने वन लैप रेस में कांस्य पदक प्राप्त किया। कोच फरजम हुसैन ने भी इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए 2 रजत व 1 कांस्य पदक अर्जित किए, जिससे उन्होंने न केवल कोचिंग में बल्कि व्यक्तिगत खेल प्रदर्शन में भी उत्कृष्टता का परिचय दिया। (अनंत ज्ञान)



## जापान ओपन 2025 : सात्विक चिराग और लक्ष्य सेन दूसरे दौर में

**एजेंसी, टोक्यो**

जापान ओपन 2025 में भारत के लिए मिश्रित नतीजे देखने को मिले। बुधवार को दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु एक बार फिर पहले दौर में ही हारकर बाहर हो गईं, जबकि लक्ष्य सेन और पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने दमदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में जगह बना ली।

सिंधु को कोरिया की सिम यू जिन से 15-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

पुरुष युगल में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी ने कोरिया के कांग मिन ह्युक और किम डोंग जू को 21-18, 21-10 से मात दी। मुकाबला सिर्फ 42 मिनट चला। पहले गेम की शुरुआत में मुकाबला बराबरी का रहा, लेकिन एक बार भारतीय जोड़ी ने लय पकड़ी तो उन्होंने दूसरा गेम पूरी तरह से अपने कब्जे में ले लिया। पुरुष एकल में लक्ष्य सेन, जो इस सीजन में कई पहले दौर की हारों से जूझ चुके हैं, ने चीन के वांग झेंग शिंग को 21-11, 21-18 से हराकर जोरदार वापसी की। वर्ल्ड नंबर 18 लक्ष्य ने पहले गेम में 11-2 की बढ़त लेते हुए आसानी से जीत हासिल की। अब प्री-क्वार्टर फाइनल (राउंड ऑफ 16) में लक्ष्य सेन का मुकाबला सातवीं वरीयता प्राप्त और मेजबान जापान के कोडाई नारोका से होगा। (अनंत ज्ञान)



**पीवी सिंधु बाहर**

## वेस्टइंडीज की शर्मनाक हार के बाद सीडब्ल्यूआई ने बुलाई आपात बैठक

**एजेंसी, किंग्स्टन (जमैका)**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में मिली शर्मनाक हार, खासकर अंतिम टेस्ट में महज 27 रन पर ढेर होने के बाद क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने कड़ा कदम उठाया है। बोर्ड ने अपनी क्रिकेट स्ट्रैटेजी कमेटी की एक आपात बैठक बुलाई है, जिसमें सर क्लाइव लॉयड, सर विवियन रिचर्ड्स और ब्रायन लारा को विशेष आमंत्रण भेजा गया है।

सीडब्ल्यूआई अध्यक्ष डॉ. किशोर शालो ने एक बयान में कहा कि तुरंत प्रभाव से, मैंने क्रिकेट रणनीति और ऑफिशिएटिंग कमेटी के अध्यक्ष को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल की टेस्ट सीरीज, विशेष रूप से अंतिम मैच की समीक्षा हेतु आपात बैठक बुलाने की सलाह दी है। इस बैठक में पहले से ही शामिल पूर्व दिग्गज जैसे डॉ. शिवनारायण चंद्रपॉल, डॉ. डेसमंड हेन्स और इयान ब्रैडशॉ के साथ अब इन महान बल्लेबाजों की भी राय ली जाएगी।

### दिग्गजों को किया आमंत्रित

पूर्व स्पिनर दिनानाथ रामनाराइन ने बोर्ड की आलोचना करते हुए सोशल मीडिया पर एक तीखा लेख साझा किया है। उन्होंने लिखा, 'बोर्ड के सदस्य खुद को मनमाफिक वेतन देते हैं, खिलाड़ियों का चयन व्यक्तिगत निष्ठा के आधार पर होता है, और राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन को कोई महत्व नहीं दिया जाता।' उन्होंने कहा कि जहां प्रशंसक खामोशी के साथ इस खेल से दूर होते जा रहे हैं, वहीं अधिकारी कुर्सियों से चिपके हुए हैं। हार के बाद भी कोई आत्मचिंतन नहीं, कोई जवाबदेही नहीं। रामनाराइन ने यह भी याद दिलाया कि यह वही प्रणाली है जिसकी वजह से वेस्टइंडीज को यूएसए जैसी टीम से 100 रन से हार का सामना करना पड़ा और अब 27 रन पर ऑल आउट होने जैसी शर्मिंदगी झेलनी पड़ी है।

शालो ने स्पष्ट किया कि यह बैठक केवल प्रतीकात्मक नहीं है, 'ये वही लोग हैं जिन्होंने हमारे क्रिकेट के स्वर्णिम युग को परिभाषित किया है। हमारा उद्देश्य इस बैठक से ठोस और क्रियान्वयन योग्य सुझाव प्राप्त करना है।' हालांकि बैठक कब और कहां होगी, इस पर आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। मगर इतना तय है कि वेस्टइंडीज क्रिकेट में यह एक बड़े बदलाव की शुरुआत हो सकती है। (अनंत ज्ञान)

**बदलाव** आईसीसी की एनुअल जनरल मीटिंग कल से, 2 टीयर सिस्टम की मंजूरी मिलना संभव

## टी-20 वर्ल्डकप में 20 से 24 टीमें करने की तैयारी

**एजेंसी, दुबई**

सिंगापुर में वीरवार को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की चार दिवसीय एनुअल जनरल मीटिंग (एजीएम) होगी, इसमें 2 टीयर टेस्ट सिस्टम, 20 वर्ल्ड कप का विस्तार और नए सदस्यों की मंजूरी के बारे में बात होगी।

बैठक में आईसीसी चेयरमैन जय शाह और नए सीईओ संजोग गुप्ता होंगे। 2025-27 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप शुरू हो चुका है। इसलिए 2 टीयर टेस्ट सिस्टम को 2027 के बाद लागू किए जाने की संभावना है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड इस सिस्टम के बड़े समर्थक हैं।

आईसीसी टेस्ट टीमों को 2 डिवीजन में बांटने की तैयारी कर रहा है। एक डिवीजन में भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड जैसी बड़ी टीमें होंगी। आईसीसी का प्लान है कि बड़ी टीमें आपस में ज्यादा सीरीज खेलें। इस स्कीम को मंजूरी मिलती है तो 2027 के बाद इसे लागू किया जाएगा। 2027 तक के शेड्यूल पहले से तय हैं। टेस्ट क्रिकेट में 2 टीयर सिस्टम का कॉन्सेप्ट 2016 में पेश किया गया था। हालांकि, इसे कई देशों के विरोध के कारण मना कर दिया गया था। विरोध करने वाले देशों का तर्क है कि इससे उनकी टीमों को टेस्ट मैच खेलने के मौके कम मिलेंगे। विरोध करने वाले देशों को भारत का सपोर्ट भी मिला था। पिछले साल ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच खेली गई 5 मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारी भीड़ देखने को मिली। फैंस के अलावा, ब्रॉडकास्टिंग और लाइव स्ट्रीमिंग पर भी बड़ी संख्या में फैंस इस सीरीज से जुड़े। बीजीटी ऑस्ट्रेलिया में अब तक की चौथी सर्वाधिक देखी गई सीरीज है। इस सीरीज के 8 लाख से ज्यादा मुकाबले फैंस ने मैदान पर आकर देखे हैं।

20 वर्ल्ड कप में टीमों की संख्या को 20 से बढ़ाकर 24 करने का प्रस्ताव भी रखा जाएगा। हालांकि, इस पर कोई अंतिम निर्णय अगले साल से पहले नहीं लिया जाएगा। इटली की क्वालिफिकेशन और क्रिकेट का ओलिंपिक में लौटना (2028 लॉस एंजिलिस), इस विस्तार की सोच को मजबूती दे रहे हैं।

इसके अलावा, आईसीसी 2024 में वर्ल्ड कप में हुए खर्चों की जांच रिपोर्ट को भी अंतिम रूप से पेश कर सकता है। इस टूर्नामेंट में खर्चों की गड़बड़ी के चलते पूर्व सीईओ जेफ एलार्डाइस ने जनवरी में इस्तीफा दिया था। (अनंत ज्ञान)




### जांबिया की वापसी तय

**आईसीसी** में जांबिया की वापसी भी तय मानी जा रही है, जिसे 2019 में निलंबित किया गया था। साथ ही ईस्ट तिमोर को पहली बार आईसीसी का एसोसिएट सदस्य बनाया जा सकता है।